**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.6 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 39.9 | 23.2 |
| डालटनगंज | 37.6 | 19.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




चुनावी समर 2024

गुरुवार 04 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 345

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## कांग्रेस पार्टी कभी नहीं चाहती थी कि राम मंदिर बने: शाह

**मुजफ्फरनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के नेता कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने. कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटका, भटका और लटका कर रखा, लेकिन मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी की. शाह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में जो 'घमंडिया' गठबंधन इकट्ठा हुआ है, उसमें 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग हैं. विपक्ष का मकसद परिवार के लोगों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है.



## मोदी की गारंटी का लोगों को नहीं मिला कोई लाभ: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की. उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' तो लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी. पार्टी का यह चुनावी अभियान 'पांच न्याय' और '25 गारंटी' पर आधारित है. उन्होंने कहा, मोदी जी की गारंटी कामयाब नहीं हुई. उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली. 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया, यह गारंटी भी पूरी नहीं हुई. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार राजनीतिक दलों को डरा रही है. कांग्रेस पार्टी के खाते से 135 करोड़ रुपये निकाल लिए गए. क्या लोकतंत्र में इस तरह से चुनाव होता है?




## पाप धोने में भाजपा ने गंगा को भी पीछे छोड़ दिया: चंपाई

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया है. चंपाई ने कहा कि एक खबर के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे 25 नेता भाजपा में शामिल हुए और चमत्कार देखिए, उनमें से 23 को तत्काल राहत मिल गई. कहा कि वाकई भाजपा कमाल की वाशिंग मशीन है, जिसने भ्रष्टाचार के आरोपों एवं पापों को धोने में गंगा मइया को भी पीछे छोड़ दिया है. बता दें कि इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2014 के बाद से भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करनेवाले 25 प्रमुख नेता भाजपा में शामिल हुए हैं. इन आरोपी नेताओं में से 10 कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना से चार-चार, टीएमसी के तीन, टीडीपी के दो और एसपी और वाईएसआरसीपी से एक-एक नेता हैं. इनमें से 23 को तत्काल राहत मिल गयी है.



## मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा: विजेंदर

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह ने बुधवार को कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया. अप्रैल 2019 में कांग्रेस से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले विजेंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है. पार्टी मुख्यालय में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में विजेंदर सिंह ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने दावा कि जब खिलाड़ियों को हित की बात सामने आएगी तो वह 'पहले वाला विजेंदर' ही रहेंगे और गलत को गलत तथा सही को सही कहेंगे.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,500 |
| चांदी (किलो) | 82,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को कैंसर

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है. सुशील मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं. मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है. मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा. अपने तीन दशक से अधिक के राजनीतिक करियर में मोदी 2005 से 2013 और 2017 से 2020 तक बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे.



#### सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे संजय सिंह: कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया है कि वह कथित शराब घोटाला मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित नहीं करेंगे. सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ केंद्रीय कारागार से रिहा करने का आदेश पारित करने से पहले ये निर्देश दिए. न्यायाधीश ने उन्हें पासपोर्ट जमा कराने, एनसीआर से बाहर जाने से पहले अपने यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देने और अपने फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का भी निर्देश दिया.

#### एक ही परिवार के सात की दम घुटने से मौत

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)।** शहर में बुधवार तड़के दर्जी की एक दुकान में आग लगने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के सात लोगों की दम घुटने से मौत हो गई. छावनी क्षेत्र के दाना बाजार स्थित एक दर्जी दुकान में तड़के करीब चार बजे आग लग गई. दर्जी की दुकान अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ एक इमारत के निचले तल पर स्थित थी, जबकि ऊपरी मंजिल पर लोग रहते थे. पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने कहा कि दुकान में अचानक आग लग लगने के बाद उसका धुआं पहली मंजिल में पहुंच गया और सात लोगों की मौत हो गई.

#### 12 ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सह उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को उच्च सदन के 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई. शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित सदस्यों में धर्मशिला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जीसी चंद्रशेखर, एल मुरुगन, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल थे. बता दें राज्यसभा के 54 सदस्य दो और तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त हो चुके हैं.

# कानून अपना काम करता है ....जब तक कि यह राजनीति से प्रेरित न हो




**ब**स कुछ ही दिनों बाद लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होनेवाले हैं. एनडीए और इंडिया के नेता एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. पिछले 10 सालों से केंद्र में एनडीए की सरकार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हर चुनावी रैली में इंडिया के नेताओं के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रहे हैं. भाजपा और एनडीए के लिए भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है. इंडिया के नेता मोदी सरकार पर जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को झूठे मामले में फंसाने का आरोप लगा रहे हैं. साथ ही यह भी कह रहे हैं मोदी जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं, वही भाजपा व एनडीए में शामिल हो जाता है, तो उसे क्लीनचिट मिल जाती है. इस बीच बुधवार को दिल्ली से प्रकाशित अंग्रेजी दैनिक इंडियन एक्सप्रेस ने '2014 के बाद से भ्रष्टाचार की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेता बीजेपी में शामिल हो गए, उनमें से 23 को राहत मिली' शीर्षक से एक सनसनीखेज व खोजी रिपोर्ट प्रकाशित की है. साथ ही टैग लगाया है- कानून अपना काम करता है - जब तक कि यह राजनीति से प्रेरित न हो. राजनीतिक गलियारे में इसकी जबरदस्त चर्चा है. हिंदी के पाठकों के लिए हम दैनिक इंडियन एक्सप्रेस की इस रिपोर्ट का हिंदी अनुवाद प्रकाशित कर रहे हैं. **- संपादक**

**नई दिल्ली।** वर्ष 2014 के बाद से, कथित भ्रष्टाचार के लिए केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करने वाले 25 प्रमुख राजनेता भाजपा में शामिल हो गए हैं. उनमें कांग्रेस के 10, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी व शिवसेना के चार-चार, टीएमसी के तीन, टीडीपी के दो, एसपी और वाईएसआरसीपी के एक-एक नेता शामिल हैं. इन 25 नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद जांच में उन्हें राहत मिल गई. कथित भ्रष्टाचार के तीन मामले बंद कर दिए गए हैं. 20 अन्य मामले अभी बंद तो नहीं हुए है, पर उसकी जांच रुक गई है. पार्टी बदलने के बाद जांच एजेंसी की कार्रवाई ना के बराबर हुई. इस सूची में शामिल छह राजनेता आम चुनाव से कुछ हफ्ते पहले इसी साल भाजपा में शामिल हुए.

इंडियन एक्सप्रेस ने जांच में पाया है कि जब आरोपी विपक्ष में होता है, तब ईडी, सीबीआई ने उनके खिलाफ कार्रवाई की. लेकिन भाजपा में आने के बाद उन्हें राहत मिल गई. विपक्ष इसे 'वॉशिंग मशीन' कहता है, वह तंत्र जिसके द्वारा भ्रष्टाचार के आरोपी राजनेताओं को अपनी पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने पर कानूनी परिणामों का सामना नहीं करना पड़ता है.

### ऐसा नहीं है कि यह नया है पर इसका पैमाना अभूतपूर्व है

वर्ष 2009 में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए सरकार के कार्यकाल में द इंडियन एक्सप्रेस की एक जांच में फाइल नोटिंग से पता चला कि सीबीआई ने बसपा की मायावती और सपा के मुलायम सिंह यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में अपना रुख बदल दिया था, जब दोनों नेताओं का सत्तारूढ़ यूपीए से प्रेमालाप चल रहा था. नए निष्कर्षों से पता चलता है कि राज्य में वर्ष 2022 और वर्ष 2023 की राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान केंद्रीय कार्रवाई का एक बड़ा हिस्सा महाराष्ट्र पर केंद्रित था. वर्ष 2022 में एकनाथ शिंदे गुट ने शिवसेना से अलग होकर बीजेपी के साथ नई सरकार बना ली. एक साल बाद अजित पवार गुट एनसीपी से अलग हो गया और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल हो गया. रिकॉर्ड बताते हैं कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी गुट के दो शीर्ष नेताओं, अजीत पवार और प्रफुल्ल पटेल के सामने आए मामलों को बाद में बंद कर दिया गया था. कुल मिलाकर, 25 नेताओं में महाराष्ट्र के 12 प्रमुख राजनेता शामिल हैं, जिनमें से 11 राजनेता वर्ष 2022 या उसके बाद भाजपा में गए, जिनमें एनसीपी, शिवसेना और कांग्रेस के चार-चार नेता शामिल हैं.

### कुछ मामले गंभीर



अजीत पवार | शुभेंदु अधिकारी | हिमंत बिस्वा सरमा | अशोक चव्हाण

**अजीत पवार** के मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने अक्टूबर 2020 में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी, जब वह पिछली एमवीए सरकार का हिस्सा थे. भाजपा के सत्ता में लौटने पर मामले को फिर से खोलने की मांग की गई और इस साल मार्च में फिर से एनडीए में शामिल होने के बाद फिर फाइल बंद कर दी गई. ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के आधार पर पवार के खिलाफ ईडी का मामला लगभग खत्म हो गया है.

ऐसे मामले भी हैं जो खुले रहते हैं, लेकिन केवल नाम के लिए. उनमें कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं होती. उदाहरण के लिए, सीबीआई वर्ष 2019 से पश्चिम बंगाल के नारद स्टिंग ऑपरेशन की जांच कर रही है. जांच शुरू होते वक्त **शुभेंदु अधिकारी** सांसद थे. लोकसभा अध्यक्ष से सीबीआई ने जांच के लिए मंजूरी मांगी थी. वर्ष 2020 में शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए और अभी पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं. यह मामला अभी भी लोकसभा अध्यक्ष की मंजूरी के इंतजार में है.

असम के मुख्यमंत्री **हिमंत बिस्वा सरमा** और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री **अशोक चव्हाण** के खिलाफ दर्ज मामले भी अटके हुए हैं. वर्ष 2014 में शारदा चिटफंड घोटाले में सीबीआई ने विस्वा के यहां छापेमारी की थी और उनसे पूछताछ की थी. वर्ष 2015 में उनके भाजपा में शामिल होने के बाद से उनके खिलाफ मामला आगे नहीं बढ़ा है. अशोक चव्हाण इसी साल भाजपा में शामिल हो गए, जबकि आदर्श हाउसिंग मामले में सीबीआई और ईडी की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की रोक लगी हुई है. 25 मामलों में से केवल दो में यह पाया गया कि भाजपा में शामिल होने के बाद ईडी द्वारा ढील देने के सबूत नहीं है. इनमें सांसद ज्योति मिर्धा और पूर्व टीडीपी सांसद वाईएस चौधरी के नाम शामिल हैं.

इंडियन एक्सप्रेस ने इस मामले में सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग से पक्ष मांगा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. हालांकि, सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि एजेंसी की सभी जांच 'सबूतों पर आधारित' है. ''जब भी सबूत मिलते हैं, उचित कार्रवाई की जाती है". उन मामलों के बारे में पूछे जाने पर जहां आरोपी के पक्ष बदलने के बाद एजेंसी ने अपना रास्ता बदल लिया है, अधिकारी ने कहा कि कुछ मामलों में, विभिन्न कारणों से कार्रवाई में देरी होती है. लेकिन वे खुले हैं. ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि उसके मामले अन्य एजेंसियों की एफआईआर पर आधारित हैं. अगर अन्य एजेंसियां अपना मामला बंद कर देती हैं, तो ईडी के लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है. फिर भी, हमने ऐसे कई मामलों में आरोप पत्र दायर किए हैं, जिन मामलों में जांच चल रही है. जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी.

**- साभार इंडियन एक्सप्रेस**




पेज 02

### झारखंड में बिजली का हाल

## बर्बाद हो जाती है 1182.8 मिलियन यूनिट बिजली

रवि भारती। रांची

इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक उपकरणों के नहीं होने की वजह से झारखंड में बिजली का नुकसान बढ़ता ही जा रहा है. झारखंड में ट्रांसमिशन लॉस के कारण 907.23 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद हो जाती है. वहीं एक्सटरनल सिस्टम के दुरुस्त नहीं होने के कारण 275.57 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद होती है. इस तरह कुल 1182.8 मिलियन यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है. इस लाइन लॉस को कम करने के लिए झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1680 करोड़ रुपए खर्च करेगा.

**1680 करोड़ रुपए खर्च होंगे ट्रांसमिशन लॉस को कम करने के लिए**



- नियामक आयोग ने लाइन लॉस को 13 फीसदी तक लाने का दिया निर्देश
- धनबाद में स्मार्ट मीटरिंग पर खर्च होंगे 28 करोड़ रुपये

**ऊर्जा अंकेक्षण पर खर्च किए जाएंगे 19 करोड़ :** वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऊर्जा अंकेक्षण पर 19 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे. इसके तहत डीटीआर और फीडर मीटर लगाया जाएगा. वितरण निगम राज्य में मीटरिंग पर 98.86 करोड़ रुपये खर्च करेगा. एनर्जी ऑडिटिंग के लिए डीटीआर मीटर लगाने में 18.39 करोड़ रुपए खर्च करेगा. फीडर मीटर लगाने में 1.03 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. राजधानी रांची में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. वहीं धनबाद में स्मार्ट मीटरिंग के लिए 28 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.

**मीटर व ट्रांसफॉर्मर रेंट से चाहिए 6.57 करोड़ का राजस्व :** झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को मीटर रेंट (किराया) और ट्रांसफॉरमर रेंट से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6.57 करोड़ का राजस्व चाहिए. वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का आंकड़ा जो झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपा है. इसके मुताबिक, वितरण निगम को सुपरविजन चार्ज के लिए 5.39 करोड़ रुपये राजस्व की मांग की गई है. वहीं, उपभोक्ताओं से मिसलेनियस चार्ज के रूप में 2.25 करोड़ रुपए राजस्व की मांग की गई है. इस आंकड़े के अनुसार, बिजली वितरण निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नॉन टैरिफ से 40.29 करोड़ रुपये राजस्व की मांग की है.

**नुकसान कम हुआ, तो 52 करोड़ रुपये की बचत :** झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली नुकसान कम करने पर जोर दिया है. आयोग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 फीसदी प्रस्तावित वितरण हानि को मंजूरी दी है, जबकि वितरण निगम ने 26.34 फीसदी तक बिजली नुकसान कम करने की मांग की थी. वहीं, एक फीसदी बिजली का नुकसान कम होने पर चार करोड़ रुपये तक की बचत होगी. इस हिसाब से 13 फीसदी तक नुकसान कम होने से 52 करोड़ रुपये बचेंगे होगी.

## गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. दरअसल, केजरीवाल ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत को चुनौती दी है. कोर्ट में केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव एवं समान अवसर मुहैया कराये जाने सहित संविधान की बुनियादी संरचना का उल्लंघन है. वहीं, ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने याचिका का विरोध किया कि इस मामले में प्रथम दृष्टया धनशोधन का अपराध बनता है.



**लोकसभा चुनाव** पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश, राहुल गांधी ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन

## भ्रष्टाचारियों के पास मात्र दो ही विकल्प, जेल या बेल: मोदी



भाषा। लखनऊ/कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथ के कार्यकर्ताओं को 'नमो ऐप' के माध्यम से बुधवार को संबोधित किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करें.

मोदी ने कहा कि हर चुनाव में अपनी मेहनत से रिकॉर्ड बना रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश देखकर बाकी पार्टियों के नेता पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं. कहा, हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों, लेकिन पोलिंग बूथ जीते बिना चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं.

**भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेंगे :** पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने किस तरह भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हिंसा का सहारा लिया, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता निडरता से खड़े रहे. उन्होंने कहा कि सभी भ्रष्टाचारी साथ आ गए हैं और उन्होंने एक गठबंधन बना लिया है, जो मोदी को गाली देता रहता है. लेकिन मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेगा.

## वायनाड वासियों के सभी मुद्दों में उनके साथ खड़ा हूं: राहुल

भाषा। वायनाड (केरल)

कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस जिले में कई लोगों की जान लेने वाली मानव-पशु संघर्ष की घटनाओं समेत वायनाड वासियों के सभी मुद्दों पर उनके साथ हमेशा खड़े हैं. वह वायनाड सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो कर रहे थे. इस दौरान हजारों पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि वह इस पहाड़ी निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के मुद्दों पर देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए हमेशा तैयार हैं. कहा, वायनाड उनका घर है, यहां के लोग उनका परिवार हैं और अपने खूबसूरत इतिहास एवं परंपराओं वाली यह भूमि उन्हें प्रेरणा देती है. उन्होंने अटूट समर्थन के लिए वायनाड के लोगों आभारी जताया. गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोडशो किया. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे, तख्तियां और पार्टी के रंग वाले गुब्बारे लेकर राहुल का स्वागत करने के लिए कतार में खड़े थे.



## ताइवान: भूकंप के तेज झटके, सात की मौत

एजेंसी। ताइपे

ताइवान में बुधवार सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए. इस घटना में इमारतें तथा राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए और सात लोगों की मौत हो गई है. भूकंप के कारण दक्षिण-पूर्वी शहर हुलिएन के एक इलाके में स्थित पांच मंजिला इमारत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है. इसका केंद्र इसी शहर से दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में जमीन से करीब 35 किलोमीटर नीचे था. ताइवान की राष्ट्रीय दमकल एजेंसी ने पुष्टि की है कि सुबह करीब आठ बजे आए भूकंप में तारोको राष्ट्रीय उद्यान में चट्टान से पत्थर गिरने से तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई और इसी इलाके में एक बड़ा सा पत्थर एक वैन पर गिरने से उसके चालक की भी मौत हो गई.

**7.2 तीव्रता का भूकंप, हुलिएन शहर के पास था केंद्र**

# 2014 के बाद से भ्रष्टाचार की जांच का सामना कर रहे 25 विपक्षी नेता बीजेपी में शामिल हुए

# 23 को राहत मिली

## अजीत पवार

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2023 में एनसीपी से एनडीए में*



**मामला :** महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में अजीत पवार, शरद पवार और अन्य के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एफआईआर दर्ज की थी. यह प्राथमिकी अगस्त 2019 के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज कीगयी थी. ईडी की जांच में कांग्रेस नेता जयंत पाटिल, दिलीप राव देशमुख और दिवंगत मदन पाटिल का भी नाम शामिल था.

अगस्त 2019 : मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू ने केस किया
सितंबर 2019 : ईडी ने केस के आधार पर जांच शुरू की.
अक्टूबर 2020 : ईओडब्ल्यू ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, ईडी ने इसे चुनौती दी. अप्रैल में ईडी ने आरोप पत्र दाखिल किया. जून में शिंदे गुट ने बीजेपी के साथ एनडीए सरकार बनाई. अक्टूबर में मुंबई ईओडब्ल्यू ने ईडी के सबूतों के आधार पर आगे की जांच की मांग की. जुलाई :2023 पवार डिप्टी सीएम बने. जनवरी 24 ईओडब्ल्यू ने दूसरी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की.
**वर्तमान स्थिति** : ईडी ने हस्तक्षेप आवेदन दायर किया.

## प्रफुल्ल पटेल

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2023 में एनसीपी से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शिफ्ट हो गई.*



**मामला** : पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री की एयर इंडिया द्वारा 111 विमानों की खरीद के साथ-साथ एआई-इंडियन एयरलाइंस विलय में कथित भ्रष्टाचार के लिए सीबीआई और ईडी द्वारा जांच की जा रही है. आरोपों में विदेशी एयरलाइनों को लाभदायक मार्ग सौंपने, विदेशी निवेश के साथ प्रशिक्षण संस्थान खोलने और लॉबिस्ट दीपक तलवार के साथ संबंध शामिल हैं. एफआईआर में पटेल को आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है, लेकिन उनके नाम का उल्लेख किया गया है.

मई 2017 : सीबीआई ने एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस विलय में एफआईआर दर्ज की.
मई 2019 : ईडी ने अपनी चार्जशीट में प्रफुल्ल पटेल का नाम लिया.
जून 2023 : पटेल एनडीए में शामिल हुए.
मार्च 2024 :सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की.
**वर्तमान स्थिति** : मामले को बंद करने का आवेदन अदालत में लंबित है.

## प्रताप सरनाईक

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2022 में शिवसेना से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शिफ्ट हो गई.*




**मामला** : एक सुरक्षा फर्म के साथ उनकी कंपनियों के लेनदेन में कथित अनियमितताओं को लेकर ईडी ने शिवसेना प्रवक्ता के खिलाफ केस किया था. मामले में ईडी ने छापेमारी की थी. जून 2021 में सरनाईक ने ईडी द्वारा "उत्पीड़न" का हवाला देते हुए तत्कालीन सीएम उद्धव ठाकरे को भाजपा के साथ समझौता को लिखा था. जून 2022 में शिवसेना के विभाजन के बाद उन्होंने शिंदे का साथ दिया. ईडी एनएसईएल में कथित धोखाधड़ी के मामले में सरनाईक की भी जांच कर रही है.

नवंबर 2020 : ईडी ने मुंबई ईओडब्ल्यू की एफआईआर के आधार पर छापेमारी की.
जनवरी 2021 :ईओडब्ल्यू ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की. जून 2022 : सरनाईक शिंदे के साथ एनडीए में शामिल हुए. सितंबर में कोर्ट ने ईडी के मामले को कुंद करते हुए क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली.
**वर्तमान स्थिति** : आगे कोई कार्रवाई नहीं, दूसरे मामले में जांच जारी.

## हिमंत बिस्वा सरमा

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2015 में कांग्रेस छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए.*



**मामला :** हिमंत बिस्वा सरमा अब भाजपा में हैं और असम के मुख्यमंत्री हैं. सारदा चिटफंड घोटाला मामले के मुख्य आरोपी सुदीप्त सेन के साथ कथित वित्तीय लेनदेन के लिए वर्ष 2014 और 2015 में सीबीआई और ईडी ने उनके खिलाफ जांच की गई थी. सीबीआई ने वर्ष 2014 में उनके घर और कार्यालय पर छापा मारा और उनसे पूछताछ की थी. उनका नाम गोवा में जल परियोजना अनुबंधों के लिए कथित रिश्वत देने से जुड़े लुइस बर्जर मामले में सामने आया था, लेकिन इसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई.

अगस्त 2014 : सीबीआई ने हिमंत विस्सा सरमा के आवास पर छापा मारा.
नवंबर 2014 : सीबीआई ने उनसे पूछताछ की.
अगस्त 2015 : भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए.
**वतर्मान स्थिति** : सीबीआई के साथ ईडी में भी मामला खुला, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं.

## हसन मुश्रीफ

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2023 में एनसीपी से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शिफ्ट हो गए.*



**मामला :** ईडी का मामला महाराष्ट्र के कोल्हापुर में सर सेनापति संताजी घोरपड़े शुगर फैक्ट्री (एसएसएसजीएसएफ) में कथित रुप से अनियमितताओं के साथ ही साथ मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है. ईडी ने दावा किया था कि 40,000 किसानों से पूंजी एकत्र करने के बाद उन्हें शेयर प्रमाण पत्र नहीं दिया गया. इसमें आरोप लगाया गया था कि एकत्र किए गए धन को मुश्रीफ के परिवार और रिश्तेदारों से जुड़ी फर्जी कंपनियों में भेज दिया गया. अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले को प्रवतर्तन निदेशालय ने मामले की जांच के सिलसिले में छापेमारी की थी.

फरवरी-मार्च 2023 : ईडी ने मुश्रीफ के परिसरों पर तीन बार छापेमारी की
जुलाई 2023 : हसन मुश्रीफ अजित पवार के साथ ही एनडीए में शामिल हो गए.
**वर्तमान स्थिति :** मामला खुला, लेकिन आगे कोई छापेमारी या कार्रवाई नहीं हुई है.

## भावना गवली

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2022 में शिवसेना से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हुई.*



**मामला :** वर्ष 2020 में ईडी ने मनी लांड्रिंग में छापेमारी की थी. वह यवतमाल-वाशिम सांसद और उनके सहयोगी कथित तौर पर एक ट्रस्ट से धन निकालने के आरोपी हैं. मामले में 17 करोड़ रु की अनियमितता पाई गई थी. ईडी ने मुंबई में उनके सहयोगी सईद खान से जुड़ी 3.75 करोड़ रु की एक इमारत को भी जब्त किया था.

अगस्त 2021 : ईडी ने उनसे जुड़े परिसरों की तलाशी ली. सितंबर में ईडी ने उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया. नवंबर में ईडी ने ट्रस्ट और सहयोगी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया. जून 2022 : शिंदे के साथ एनडीए में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति** : कोई पूरक आरोप पत्र दायर नहीं हुआ.

## यामिनी और यशवंत जाधव

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2022 में शिवसेना से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हुए.*



**मामला :** विधायक यामिनी और उनके पार्षद पति यशवंत के खिलाफ ईडी समेत कई एजेंसियां जांच कर रही हैं. ईडी फेमा के कथित उल्लंघन के लिए उनसे और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी छह कंपनियों की जांच कर रही है. एक मामला उन कंपनियों में से एक से जाधव, उनके परिवार के सदस्यों और उनके परिचित अन्य लोगों द्वारा प्राप्त असुरक्षित लोन से संबंधित है. आयकर विभाग ने उनसे जुड़ी 40 से अधिक संपत्तियों को कुर्क किया था.

फरवरी 2022 : आयकर विभाग ने उनके और उनके पति से जुड़े परिसरों पर छापे मारे. मई में ईडी ने पति को तलब किया. जून में शिंदे के साथ एनडीए में शामिल. **वर्तमान स्थिति** : मामले में कोई प्रगति नहीं.

## सीएम रमेश

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2019 में टीडीपी से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए.*



**मामला :** अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपये की अनियमितता का आरोप लगाते हुए तत्कालीन टीडीपी सांसद सीएम रमेश की कंपनी से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी. रमेश से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद द भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने संसद की आचार संहिता समिति को पत्र लिखकर सीएम रमेश को अयोग्य घोषित करने की मांग की थी. अब सीएम रमेश भाजपा में हैं. भाजपा में शामिल होने के बाद से उनके बारे में कोई चर्चा नहीं हो रही है.

अक्टूबर 2018 :आईटी छापे का सामना करना पड़ा.
जून 2019 : बीजेपी में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** तब से कोई कार्रवाई की सूचना नहीं है.

## रणिन्दर सिंह

*पार्टी शिफ्ट : कैप्टन अमरिन्दर सिंह के बेटे कांग्रेसी नेता वर्ष 2021 में भाजपा में शामिल हुए.*



**मामला :** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह के बेटे रणिन्दर सिंह की फेमा उल्लंघनों के लिए ईडी द्वारा जांच की जा रही है. वह वर्ष 2016 में ईडी के सामने पेश हुए. मार्च 2018 में सीबीआई ने सिंभावली शुगर्स द्वारा लगभग 98 करोड़ रु के कथित लोन घोटाले पर अमरिंदर सिंह के दामाद गुरपाल सिंह से पूछताछ की थी. सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया और जुलाई 2019 में मिल की 110 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की.

नवंबर 2020 : रणिन्दर से ईडी ने पूछताछ की.
नवंबर 2021 पिता अमरिंदर ने कांग्रेस छोड़ी.
सितंबर 2022 : अमरिंदर बीजेपी में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** मामले में कोई प्रगति नहीं.

## संजय सेठ

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2019 में सपा से भाजपा में शामिल.*



**मामला :** वर्ष 2015 में आयकर विभाग ने संजय सेठ से जुड़े शालीमार कॉर्प के कार्यालयों पर छापा मारा. एमएलसी चुनावों के लिए सेठ के नाम पर यूपी के राज्यपाल की आपत्ति के बाद भी समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2016 में उन्हें राज्यसभा भेजा. मुलायम सिंह यादव के परिवार के करीबी माने जाने वाले संजय सेठ ने वर्ष 2019 में एसपी-बीएसपी गठबंधन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. हाल ही में राज्यसभा के लिए सेठ भाजपा के लिए आश्चर्यजनक रूप से चुने गए व्यक्ति थे.
जून 2015 : आईटी ने सेठ की कंपनी पर छापा मारा.
अगस्त 2019 : बीजेपी में शामिल हुए. जुलाई 2023 : समूह के कार्यकारी से पूछताछ की गई. फरवरी 2024 : बीजेपी ने सेठ को यूपी से राज्यसभा के लिए मैदान में उतारा. **वर्तमान स्थिति :** जांच जारी,कोई कार्रवाई नहीं.

## सुवेंदु अधिकारी

*पार्टी शिफ्ट : टीएमसी से बीजेपी में शामिल हुए*



**मामला :** पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता समेत 11 अन्य टीएमसी नेताओं के साथ नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले में आरोपी हैं. इस स्टिंग ऑपरेशन, जिसमें टीएमसी नेताओं को कथित तौर पर एक काल्पनिक कंपनी का पक्ष लेने के लिए नकद डिलीवरी स्वीकार करते या बातचीत करते हुए कैमरे पर कैद किया गया था. वीडियो रिकॉर्डिंग वर्ष 2014 में की गयी थी और वर्ष 2016 में विधानसभा चुनावों से पहले प्रसारित किया गया था.

अप्रैल 2017 : रद स्टिंग मामले में सीबीआई की एफआईआर. अप्रैल 2019 : सीबीआई ने लोकसभा अध्यक्ष से अभियोजन की मंजूरी मांगी . दिसंबर 2020 : बीजेपी में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** स्पीकर से मंजूरी का इंतजार है.

## के गीता

*पार्टी शिफ्ट : वाईएसआरसीपी से बीजेपी में शामिल.*



**मामला :** वाईएसआरसीपी सांसद के गीता और उनके पति पी रामकोटेश्वर राव पर वर्ष 2015 में सीबीआई द्वारा आरोप पत्र दायर किया गया था .तथ्यों की गलत प्रस्तुति के माध्यम से 42 करोड़ का लोन लेकर पंजाब नेशनल बैंक को धोखा देने और डिफॉल्ट करने का आरोप लगाया गया था. 12 मार्च को तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सजा पर रोक लगा दी. 28 मार्च को भाजपा ने उन्हें अराकू से अपना उम्मीदवार बनाया.

जून 2015 गीता और पति पर बैंक धोखाधड़ी के लिए सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया. जुलाई 2019 :भाजपा में शामिल हुए. सितंबर 2022 :विशेष अदालत ने दोनों को पांच साल जेल की सजा सुनाई. सितंबर 2022 : तेलंगाना हाईकोर्ट ने सजा पर रोक लगाई, जमानत दी. सीबीआई ने चुनौती नहीं दी.



## सोवन चटर्जी

*पार्टी शिफ्ट : टीएमसी नेता वर्ष 2018 में भाजपा में शामिल हुए, वर्ष 2021 में छोड़ दी.*



**मामला :** कोलकाता के पूर्व मेयर और लंबे समय तक टीएमसी नेता व विधायक रहे सोवन चटर्जी नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले में मुख्य आरोपी हैं और केंद्रीय एजेंसियों ने सारदा चिटफंड मामले में भी उनसे पूछताछ की है. वर्ष 2021 में अपनी पारंपरिक बेहाला पुरबा सीट से टिकट से इनकार किए जाने के बाद, चटर्जी ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया. मई 2021 में सीबीआई ने उन्हें नारद मामले में गिरफ्तार किया था. वह अब जमानत पर बाहर हैं.

अप्रैल 2017 : नारद स्टिंग मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की. नवंबर 2018 : कोलकाता मेयर पद से इस्तीफा. अगस्त 2019 : बीजेपी में शामिल हुए.
मार्च 2021 : टिकट नहीं मिला, भाजपा छोड़ी.

## छगन भुजबल

*पार्टी शिफ्ट : एनसीपी से वर्ष 2023 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हो गए.*



**मामला :** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल पर वर्ष 2006 में 100 करोड़ से अधिक के ठेके देने में अनियमितता के मामले में महाराष्ट्र के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने वर्ष 2015 में मामला दर्ज किया था. ईडी ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया. मार्च 2016 में भुजबल को गिरफ्तार कर लिया. मई 2018 में जमानत मिल गई.

मार्च 2016 : ईडी ने भ्रष्टाचार मामले में भुजबल को गिरफ्तार किया. अप्रैल 2016 : ईडी ने आरोप पत्र दाखिल किया. मई 2018 :दो साल की जेल के बाद जमानत मिल गई. सितंबर 2021 :विशेष अदालत में रिहाई मिली. जुलाई 2023 :अजीत पवार के साथ एनडीए में शामिल हुए.

## कृपाशंकर सिंह

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2021 में कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए.*



**मामला :** वर्ष 2012 में तत्कालीन मुंबई कांग्रेस प्रमुख कृपाशंकर सिंह पर पुलिस ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मामला दर्ज किया था. एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की और उनके बेटों से पूछताछ की.

फरवरी 2012 : महाराष्ट्र पुलिस ने सिंह पर आय से अधिक संपत्ति मामले में मामला दर्ज किया. इसके बाद ईडी का मामला दर्ज किया गया. दिसंबर 2013 : पुलिस ने विधानसभा अध्यक्ष से मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी. अप्रैल 2015 : बिना मंजूरी के आरोप पत्र दाखिल किया गया .फरवरी 2018 :मंजूरी के अभाव में अदालत ने उन्हें आरोपमुक्त कर दिया.

## दिगंबर कामत

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2022 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल*



**मामला :** गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर काम वर्ष 2015 से लुइस बर्जर घोटाले में ईडी जांच का सामना कर रहे हैं. ईडी ने कामत और एनसीपी नेता चर्चिल अलेमाओ की करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है. सितंबर 2022 में वह आठ कांग्रेस विधायकों के एक समूह के साथ भाजपा में शामिल हो गए.
अगस्त 2015 : ईडी ने लुइस बर्जर मामले में घर की तलाशी ली. मार्च 2017 : ईडी ने संपत्ति कुर्क की. जुलाई 2021 : कोर्ट ने आरोप तय किए. अप्रैल 2022 :सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कुर्की रद्द करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा. सितंबर 2022 : कामत बीजेपी में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** ट्रायल जारी है.

## अशोक चव्हाण

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2024 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए.*



**मामला :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण मुंबई के आदर्श सहकारी हाउसिंग सोसाइटी में फ्लैट आवंटन से संबंधित मामले में मुख्य आरोपियों में से एक हैं. सीबीआई ने उन पर कथित तौर पर रिश्तेदारों के लिए दो फ्लैटों के बदले में ऊंचे फ्लोर स्पेस इंडेक्स को मंजूरी देने का आरोप लगाया. ईडी ने मनी लांड्रिंग की जांच शुरू की.

दिसंबर 2011 : आदर्श हाउसिंग मामले में सीबीआई ने चव्हाण पर मामला दर्ज किया.
जुलाई 2012 : सीबीआई ने चव्हाण पर आरोपपत्र दायर किया. जनवरी 2018 : सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगा दी. फरवरी 2024 : भाजपा में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** परीक्षण पर बने रहें.

## नवीन जिंदल

*पार्टी शिफ्ट : लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद वर्ष 2024 में कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हो गए.*



**मामला :** हरियाणा के उद्योगपति नवीन जिंदल पर वर्ष 2016 और वर्ष 2017 में दो अलग-अलग कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में सीबीआई द्वारा आरोप पत्र दायर किया गया था. ईडी, जिसने उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की थी, ने भी मामले में आरोप पत्र दायर किया था. एक मामले में आरोप तय हो चुका है. ईडी ने अप्रैल 2022 में कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन के एक ताजा मामले में जिंदल स्टील एंड पावर और नवीन जिंदल के परिसरों पर छापा मारा.

जून 2013 : सीबीआई ने कोयला ब्लॉक एफआईआर में जिंदल का नाम लिया. 2016/2017 :आरोप पत्र दाखिल. अप्रैल 2022 : नए मामले में ईडी की छापेमारी का सामना करना पड़ा. मार्च 2024 : भाजपा में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** ईडी की जांच जारी है.

## तापस रॉय

*पार्टी शिफ्ट : टीएमसी से वर्ष 2024 में भाजपा में शामिल हुए.*



**मामला :** मनी लॉन्ड्रिंग मामला नागरिक निकाय भर्तियों में कथित अनियमितताओं से संबंधित है. रॉय अब कोलकाता उत्तर से भाजपा के उम्मीदवार हैं.

जनवरी 2024 : ईडी ने आवास पर छापा मारा. मार्च 2024 :भाजपा में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** जांच जारी है.

## अर्चना पाटिल

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2024 में भाजपा में शामिल हो गईं.*



**मामला :** अप्रैल 2017 में आयकर विभाग ने एनवी ग्रुप के परिसरों पर छापा मारा, जहां उनके पति, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल के बेटे शैलेश पाटिल निदेशक हैं. शैलेश, महाराष्ट्र में कांग्रेस के राज्य सचिव हैं. इस साल फरवरी में आईटीएटी) ने पाया कि छापे के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया गया और इसलिए आयकर विभाग नई कर मांग नहीं कर सका. 30 मार्च को अर्चना भाजपा में शामिल हो गईं और उनके लातूर से चुनाव लड़ने की उम्मीद है.

अप्रैल 2017 : पति की कंपनी पर आयकर विभाग ने छापा मारा. मार्च 2024 : भाजपा में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** आईटी ट्रिब्यूनल का कहना है कि कोई मामला नहीं है.

## गीता कोड़ा

*पार्टी शिफ्ट : लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वर्ष 2024 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गईं*




**मामला :** झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं. जिनमें आय से अधिक संपत्ति और कोयला ब्लॉक आवंटन मामले प्रमुख हैं. कोड़ा के खिलाफ अन्य मामलों की जांच विभिन्न चरणों में है.

सितंबर 2012 : कोयला ब्लॉक मामले में सीबीआई ने गीता कोड़ा के पति मधु कोड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया. दिसंबर 2014 : सीबीआई ने कोड़ा पर आरोपपत्र दायर किया. दिसंबर 2017 : कोड़ा को सजा सुनाई गई. जनवरी 2018 :उन्हें सजा पर रोक लग गई. फरवरी 2024 :गीता कांग्रेस से भाजपा में चली गईं.
**वर्तमान स्थिति :** अन्य मामलों में अभी भी जांच जारी है.

## बाबा सिद्दीकी

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2024 में कांग्रेस से एनसीपी और बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हो गई.*




**मामला :** मई 2017 में ईडी ने शहर में एक झुग्गी पुनर्विकास परियोजना में अनियमितताओं के मामले के संबंध में मुंबई कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली. वर्ष 2018 में ईडी ने मामले में शामिल एक डेवलपर की 450 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति भी कुर्क की थी.

मई 2017 : ईडी ने परिसरों की तलाशी ली.
फरवरी 2024 : अजित पवार की एनसीपी में शामिल हुए.
**वर्तमान स्थिति :** जांच जारी है.

## ज्योति मिर्धा

*पार्टी शिफ्ट : वर्ष 2023 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल.*



**मामला :** ईडी, यस बैंक मामले सहित कई मामलों में इंडियाबुल्स की जांच कर रही है. जिसमें शेयर की कीमतों में कथित कृत्रिम मुद्रास्फीति और शिप्रा समूह द्वारा उसकी संपत्तियों को हड़पने की शिकायत शामिल है. इंडियाबुल्स के प्रमोटर समीर गहलौत मिर्धा के पति नरेंद्र गहलौत के भाई हैं.
मार्च 2020 : ईडी ने यस बैंक मामले में रिश्तेदारों और इंडियाबुल्स के प्रमोटर समीर गहलोत को तलब किया. अप्रैल 2021 : ईडी ने शेयर कीमतों में कथित बढ़ोतरी के एक अन्य मामले में इंडियाबुल्स पर मामला दर्ज किया. फरवरी 2022 :ईडी ने इंडियाबुल्स के परिसरों पर छापा मारा. अक्टूबर 2022 : ईडी ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, राहत नहीं मिली. अप्रैल 2023 :ईडी ने ताजा मामले में इंडियाबुल्स पर मामला दर्ज किया. सितंबर 2023 :ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल हुईं. फरवरी 2024 : ईडी ने इंडियाबुल्स पर छापा मारा. **वर्तमान स्थिति :** जांच जारी है

## सुजाना चौधरी

*पार्टी शिफ्ट : टीडीपी से वर्ष 2019 में बीजेपी में शामिल*



**मामला :** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद पर तीन मामलों में जांच चल रही है. इससे जुड़ी प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि बेस्ट एंड क्रॉम्पटन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीसीईपीएल) - जिसके बारे में एजेंसियों का दावा है कि यह चौधरी की है, ने धोखाधड़ी करके बैंकों के एक संघ से 360 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्राप्त किया और उसे चुकाया नहीं.

अप्रैल 2016 : ईडी बुक्स फर्म कथित तौर पर उनसे जुड़ी हुई थी. अक्टूबर 2018 : ईडी ने चौधरी पर छापा मारा. अप्रैल 2019 : ईडी ने 315 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की. जून 2019 : बीजेपी में शामिल हुए, लेकिन आरोप पत्र दाखिल.
**वर्तमान स्थिति :** मामला सुनवाई के लिए समर्पित.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार 04 अप्रैल 2024 ● चैत्र कृष्ण पक्ष 10 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 345 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### 'महुदा में सड़क नहीं, तो वोट बहिष्कार' की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासनिक हलचल तेज

# वोट बहिष्कार की खबर पाकर महुदा गांव पहुंचा अमला, सड़क की स्थिति का लिया जायजा

रामकुमार / अब्दुल हमीद । महुदा

तेलमोचो से महुदा मोड़ तक करीब तीन किलोमीटर की जर्जर सड़क को लेकर जिप सदस्य आशा देवी व ग्रामीणों के वोट बहिष्कार की घोषणा की खबर 'शुभम संदेश' में प्रमुखता से प्रकाशित होते ही विभागीय हलचल शुरू हो गई. बुधवार को धनबाद डीडीसी के निर्देश पर आनन-फानन में जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर सिंह सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान कार्यपालक अभियंता ने सड़क का अवलोकन कर रिपोर्ट तैयार किया. साथ ही जिप सदस्य के आवासीय कार्यालय में आशा देवी तथा ग्रामीणों से बातचीत कर सड़क की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली. सड़क को शीघ्र मरम्मती का आश्वासन भी दिया.

**जागा विभाग**

- धनबाद जिप के कार्यपालक अभियंता ने किया निरीक्षण
- ग्रामीणों से बात कर सड़क की भौगोलिक स्थिति से अवगत हुए

इधर देर शाम पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता अनिल कुमार भी तेलमोचो पहुंचे.

उन्होंने लोगों से जानकारी ली और कहा कि सड़क निर्माण का प्रक्रिया प्रगति में है. शीघ्र ग्रामीणों से मिल कर बात की जाएगी. मामले की जानकारी देते हुए जिला परिषद कार्यपालक पदाधिकारी रामेश्वर सिंह ने बताया कि अखबार में छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने निर्देश पर सड़क का निरीक्षण किया गया है. वास्तविक में सड़क की स्थिति काफी खराब है. लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है. फिलहाल रिपोर्ट तैयार की जा रही है. हर हाल में अतिशीघ्र ही सड़क की मरमती कार्य की जाएगी. उल्लेखनीय है कि जर्जर सड़क की निर्माण या मरमती को लेकर अनगिनत बार पत्राचार व आंदोलन करने के बावजूद सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का मन बना रखा है. जिला परिषद क्षेत्र संख्या-20 के सदस्य आशा देवी ने वोट बहिष्कार की घोषणा करते हुए सड़क नहीं तो वोट नहीं का आवाज बुलंद किया है.




### कोरम पूरा किया गया, तो वोट बहिष्कार: आशा

जिप सदस्य आशा देवी ने कार्यपालक अभियंता को बताया कि सड़क की स्थिति काफी चिंताजनक है. आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. इसलिए इस सड़क की मरमती में कोई कोताही न हो, इस पर विभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है. अगर केवल कोरम पूरा करने का का कार्य किया गया, तो हमलोग निश्चित रूप से वोट बहिष्कार करेंगे.

**सांसद की पहल पर प्रक्रिया हो चुकी पूरी: तिवारी**

**कतरास ।** सड़क की बदहाल स्थिति व ग्रामीणों की वोट बहिष्कार कि खबर प्रकाशित होने के बाद सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के विशेष पहल से सड़क बनने की सभी कागजी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. सांसद ने लोहपिटी और तेलमोचो के सभी ग्रामीणों के बीच बैठ कर सख्ती से पीडब्ल्यूडी के विभागीय सचिव से बात कर त्वरित कार्रवाई करने को कहा था. पीडब्लूडी के धनबाद जेई द्वारा अग्रिम कार्रवाई में जुट डीपीआर तैयार कर ली गई है. चुनाव के बाद सड़क का निर्माण करवा लिया जाएगा.

## आम्रपाली परियोजना के डिस्पैच अफसर को सीबीआई ने दबोचा

**चतरा ।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आम्रपाली परियोजना में 15 दिनों के भीतर दो बड़ी कार्रवाई की है. सिविल विभाग के पर्यवेक्षक रामभज्जु और उसके सहयोगी अशोक राम को रिश्वत लेते गिरफ्तार करने के बाद आम्रपाली कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा को बुधवार को गिरफ्तार किया है. सीबीआई की एसीबी रांची टीम ने यह कार्रवाई की है. सीबीआई की टीम गिरफ्तारी के बाद डिस्पैच ऑफिसर को अपने साथ रांची ले गई है. बताया जा रहा है कि परियोजना क्षेत्र में कोयला डिस्पैच करने के नाम पर कोयला कारोबारी से घूस की मांग की गई थी. जिसके बाद इसे लेकर सीबीआई की एसीबी ब्रांच से इसकी शिकायत की गई थी. सूचना है कि सुधांशु शर्मा के पास से मोटी रकम बरामद की गयी है.

- परियोजना क्षेत्र में कोयला डिस्पैच करने के नाम पर कोयला कारोबारी से घूस की मांग की गई थी

### धनबाद लोकसभा चुनाव में मजदूर संगठनों की भूमिका अहम, पशोपेश में ढुल्लू

# एक हाथ में भगवा, दूसरे में लाल झंडा

रिजवान शम्स । धनबाद

धनबाद लोकसभा सीट पर वैसे तो भाजपा कई दशक से हावी है, लेकिन इस बार भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनौतियों की लंबी फेहरिस्त है. धनबाद में पूर्व में करीब सात बार जीतने वाले सांसदों में पीएन सिंह और प्रो. रीता वर्मा का नाम आता है. इन दोनों नेताओं का अपना कोई मजदूर संगठन नहीं है. यानि कोल राजधानी में कोलियरी व आउटसोर्सिंग के मामलों में इन सांसदों का कोई विशेष लेना-देना नहीं था. लेकिन अब भाजपा प्रत्याशी के तौर पर ढुल्लू महतो मैदान में हैं और उनके पास एक मजदूर संगठन है यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन. वे खुद एटक के केंद्रीय सचिव भी हैं. ऐसे में कोल राजधानी की कोलियरी व आउटसोर्सिंग में किसी दूसरे यूनियन के नेता के बढ़ते रूतबा को अन्य मजदूर संगठन चलानेवाले कैसे बर्दाश्त करेंगे. यही सवाल कोलियरी व आउटसोर्सिंग क्षेत्र में तेजी से तैर रहा है.



- अलग विचारधारा से मेल मिलाना ढुल्लू के लिए बड़ी चुनौती
- मजदूर संगठनों के लिए अपनी पहचान व ताकत बचाये रखने की चुनौती
- विधानसभा चुनाव के नतीजों में मजदूर संगठनों का रहता है रोल

### अपनी-अपनी बिसात बचाए रखना भी चुनौती

धनबाद में कई मजदूर संगठन हैं, जो इलाकावार सक्रिय हैं. इनमें प्रमुख रूप से मासस, सीटू, जनता मजदूर संघ, जनता श्रमिक संघ, इंटक, एटक, भामसं आदि मुख्य रूप से सक्रिय हैं. इन लोगों ने दशकों से कोयलांचल की मजदूर राजनीति में अपना दबदबा बना रखा है.अपनी पहचान व दबदबा बनाये रखने के लिए इन संगठनों को चलाने वाले नेताओं ने कई दशक तक मेहनत की है. यहां तक कि विधानसभा चुनावों में ये मजदूर संगठन काफी हद तक अपनी भूमिका निभाते रहे हैं. असल में इन क्षेत्रों में मजदूरों के बीच पकड़ रखने वाले नेताओं को एकमुश्त वोट इन संगठनों के माध्यम से मिल जाते हैं. चूंकि प्रखंड स्तरीय चुनाव होने के कारण विधानसभा में नेताओं को बहुत जयादा दिक्कतों का सामना नहीं करता पड़ता है, लेकिन यह बात लोकसभा चुनाव में बहुत मायने रखती है. क्योंकि अब बात लगभग दो जिलों में मजदूरों के बीच अपना वर्चस्व कायम रखने की है. ऐसे में अन्य मजदूर संगठनों के सामने मजदूरों के बीच अपनी पहचान बचाये रखने की भी चुनौती होगी.

### क्या वामपंथी देंगे ढुल्लू महतो का साथ ?

वामपंथी दलों व वाम विचारधारा रखने वाले लोग ढुल्लू महतो को पचा पाएंगे या नहीं, ये तो समस्या है ही, लेकिन असल टकराव की बात जनता मजदूर संघ, जनता श्रमिक संघ को लेकर है. झरिया, केंदुआ, भौंरा इलाके में इनकी मजबूत पकड़ है. एक तरफ रागिनी सिंह और दूसरी तरफ पूर्णिमा सिंह इन संगठनों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुईं हैं. इनके अलावा राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के बैनर तले रामधीर सिंह का परिवार भी अब मजदूर राजनीति में कूद पड़ा है. इनको साधना ढुल्लू महतो के लिए मुश्किल बात है. भले ही रागिनी सिंह भाजपा की सिपाही हैं, लेकिन मजदूर राजनीति में ढुल्लू महतो के साथ नहीं खड़ी हो सकतीं. यही बात मासस समेत अन्य संगठनों के साथ भी है. ढुल्लू भले ही यहां कामरेड होने का झंडा ढो रहे हैं, लेकिन वामपंथी इनके दूसरे हाथ में भगवा लहराता देख रहे हैं. ऐसे में लोकसभा चुनाव न सिर्फ रोमांचक होगा, बल्कि मजदूर राजनीति की दिशा मोड़नेवाला भी शामिल हो सकता है.

## राजधानी एक्स. में कुरकुरे कंपनी के मैनेजर की रहस्यमय मौत

संवाददाता । धनबाद

**खास बातें**

- पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व मौत का कारण स्पष्ट नहीं
- घरवालों का रो-रो कर बुरा हाल, जहर देने की आशंका

नई दिल्ली-कोलकाता राजधानी एक्सप्रेस में बुधवार को कुरकुरे कंपनी के मैनेजर अमित गुप्ता (27) की मौत हो गई. वे गया से हावड़ा जा रहे थे. बुधवार को उन्हें कंपनी में ड्यूटी ज्वाइन करना था. रेल पुलिस के अनुसार, अमित गुप्ता गया स्टेशन पर सुबह चार बजे ट्रेन पर सवार हुए थे. गया से ट्रेन खुलने के बाद वे अपने बर्थ पर जाकर लेट गए. कुछ देर के बाद जब टीटीई ने टिकट चेकिंग शुरू की, तो पता चला कि अमित गुप्ता कुछ भी नहीं बोल पा रहे थे. हिलाने-डुलाने और काफी आवाज लगाने के बावजूद शरीर में कोई हलचल नहीं दिखी. फिर टीटीई ने धनबाद कंट्रोल रूम को जानकारी दी कि संभवतः एक यात्री की मौत हो गई. जब ट्रेन सुबह 6:40 बजे धनबाद स्टेशन पहुंची, तो रेलवे चिकित्सक ने जांच की. उसके बाद चिकित्सक ने कहा कि यात्री की मौत हो चुकी है. फिर शव को उतार कर धनबाद रेल थाना पुलिस के हवाले किया गया. रेल पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया. पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक ने बिसरा प्रिजर्व रख लिया है, ताकि फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री रांची में उसकी जांच से मौत के कारण का पता चल सके.

**धनबाद रेल थाना पुलिस ने किया यूडी केस दर्ज :** रेल पुलिस ने अनुसार मृतक के मौत के कारण का पता नहीं चल सका है. मौत की खबर पाकर घरवाले व रिश्तेदार रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन से धनबाद पहुंचे. घरवालों का कहना था कि अमित की मां का पिछले साल ही देहांत हुआ था. पिता का रो-रो कर बुरा हाल था. अमित तीन भाईयों में बड़ा था और घर चलाने की पूरी जिम्मेदारी उसपर थी. घरवालों को आशंका है कि किसी ने नाश्ता या खाना में जहर दे दिया है. अमित को कोई बीमारी नहीं थी. अगले साल उसकी शादी भी होनेवाली थी. धनबाद रेल थाना पुलिस ने इस संबंध में यूडी केस दर्ज किया है.

### किरीबुरु के शातिर की करतूत से पीड़ित वाहन मालिक हैं परेशान

## करोड़ों का हाइवा व ट्रक लेकर फरार !

शैलेश सिंह । किरीबुरु

किरीबुरु निवासी रुपेश सिंह कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर और आधा दर्जन से अधिक हाइवा व लाइन ट्रक लेकर फरार हो गया है. रुपेश की ठगी का शिकार हुए लोग महीनों से उसके फोन नंबर पर पर संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह किसी का फोन नहीं उठा रहा है. फिलहाल उसका कोई अता-पता नहीं है. रुपेश सिंह मेघाहातुबुरु के सेवानिवृत्त सेलकर्मी अरुण सिंह का पुत्र है.



- पुलिस को मौखिक सूचना देकर लगाई मदद की गुहार

पिता के मेघाहातुबुरु से जाने के बाद वह किरीबुरु में हीं सेल के क्वार्टर पर अवैध कब्जा कर रहने लगा और बोलेरो व अन्य वाहन चलाकर जीविकोपार्जन करता था. प्रारंभ से शातिर था. इसी क्रम में वह किरीबुरु-मेघाहातुबुरु समेत झारखंड व ओडिशा के कई वाहन मालिकों से संपर्क साध उनकी हाइवा व लाइन ट्रक को दोनां राज्यों की विभिन्न खदानों में लगाकर लौह अयस्क की ढुलाई के माध्यम से मोटी आय प्राप्त कराने का झांसा दिया. उसके झांसे में लोग फंसते गये और अपना लाखों, करोड़ों रुपये का हाइवा व ट्रक उसे चलाने के लिए दे दिया. पहले तो रुपेश ने उक्त वाहनों को लौह अयस्क की ढुलाई से जोड़ा, बड़बिल क्षेत्र में चलवाया. उसके बाद सभी वाहनों को लेकर अचानक क्षेत्र से गायब हो गया है. बराईबुरु निवासी एक व्यक्ति ने 'शुभम संदेश' को बताया कि उसने रुपेश को दो हाइवा व तीन ट्रक दिया था. वह करोड़ों रुपये के पांचों वाहन लेकर फरार है. फोन करने पर फोन नहीं उठाता है. उसका कोई अता-पता नहीं है. किरीबुरु निवासी एक दूसरे व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने भी रुपेश को राउरकेला के अपने रिश्तेदार के एक ट्रक दिलवाया था, जिसे लेकर वह फरार है. सभी वाहन मालिक परेशान हैं. डर इस बात का भी है कि कहीं वह सारे वाहनों को बेच न दिया हो या स्क्रैप वाले को बेचकर कटवा न दिया हो. अगर ऐसा हुआ तो वाहन मालिक बर्बाद हो जाएंगे. रुपेश ने कुछ सेलकर्मियों को भी अधिक लाभ का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी कर ली है. अभी कुछ वाहन मालिकों ने पुलिस से मौखिक शिकायत कर मदद की गुहार लगायी है. वाहन मालिकों ने फिलहाल रुपेश सिंह के खिलाफ एफआईआर नहीं दर्ज करायी है.

## एनडीए प्रवेश परीक्षा में रांची का अनमोल बना कंट्री टॉपर

संवाददाता । रांची/जमशेदपुर

रांची के छात्र अनमोल यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए प्रवेश परीक्षा-2023 में कंट्री टॉपर बना है. परीक्षा में उसने अखिल भारतीय स्तर पर रैंक 1 हासिल किया है. कैडेट अनमोल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी), देहरादून के छात्र हैं और उनके पिता राजेश कुमार बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट (द्वितीय प्रभारी) हैं. उनकी मां अनुपम आभा एक डेंटल सर्जन हैं. अनमोल ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल कर अपने परिवार, शहर समेत पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है. अनमोल का परिवार राजधानी रांची में रहता है. उसने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रांची से प्राप्त करने के बाद आरआईएमसी, देहरादून में दाखिला लिया था. वर्ष में दो बार आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय



सैन्य अकादमी (एनडीए) प्रवेश परीक्षा में पूरे देश से लगभग छह लाख छात्र शामिल होते हैं, जिनमें लिखित परीक्षा व एसएसबी के उपरांत राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला, पुणे के लिए लगभग 300 छात्रों का चयन किया जाता है. अनमोल जमशेदपुर निवासी अजय भार्गव के भतीजे के पुत्र हैं. अजय भार्गव स्पर्धा प्रकाशन,जमशेदपुर के निदेशक हैं.

### लेवी संग्रह, अवैध खनन, जमीन हड़पने के मामले पर ईडी का शिकंजा

## योगेंद्र साव से साढ़े आठ घंटे पूछताछ

संवाददाता । रांची

पूर्व मंत्री योगेंद्र साव बुधवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे. कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू की. इसके बाद उनसे जमीन पर अवैध कब्जा, अवैध खनन समेत मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अन्य मामलों पर पूछताछ की गई. करीब साढ़े आठ घंटे तक चली पूछताछ के बाद योगेंद्र साव ईडी कार्यालय से बाहर निकले.

बता दें कि योगेंद्र साव की बेटी और बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से चार अप्रैल और उनके बेटे अंकित राज से पांच अप्रैल को इसी मामले में ईडी पूछताछ करेगी. उल्लेखनीय है कि ईडी ने 12 मार्च को योगेंद्र साव, उनकी बेटी विधायक अंबा प्रसाद और उनके अन्य परिवार



के सदस्यों व सहयोगियों के रांची और हजारीबाग में 20 स्थानों पर छापेमारी की थी. ईडी ने आपराधिक गतिविधियों जैसे जबरन वसूली, लेवी का संग्रह, अवैध बालू खनन और जमीन हड़पने आदि से संबंधित मामलों में तलाशी अभियान चलाया था. इस दौरान ईडी ने 35 लाख नकद, डिजिटल डिवाइस, सर्किल कार्यालय, बैंकों के नकली टिकट, रसीदें और डायरी के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और झारखंड में अवैध रेत खनन से संबंधित सबूत बरामद किए थे.

**सीओ शशिभूषण के साथ मिलीभगत की चल रही जांच :** सीओ शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से अच्छा संबंध रहा है. शशि भूषण ने कई जमीनों पर कब्जे के लिए अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र प्रसाद की मदद की थी. इसी वजह से अंबा के करीबी शशिभूषण के साथ-साथ दूसरे करीबियों के यहां भी ईडी ने रेड मारी थी. ईडी को शशिभूषण की भी 100 से अधिक संपत्तियों की जानकारी मिली है. हजारीबाग में खासमहल की जमीन कब्जाने में तत्कालीन सीओ शशिभूषण सिंह के साथ अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव की मिलीभगत की भी जांच ईडी कर रही है.

**तमाशा**

### सदर अस्पताल के ओपीडी में सुबह छह घंटे की जगह तीन घंटे ही मरीजों को देखते हैं चिकित्सक

# सुबह नौ बजे लेट नहीं, दिन के तीन बजे चिकित्सक से भेंट नहीं

राजा गुप्ता । धनबाद

एसएनएमएमसीएच शहर से काफी दूर सरायढेला स्टील गेट के निकट होने के कारण कचहरी रोड स्थित सदर अस्पताल खोला गया, ताकि शहरी क्षेत्र के मरीजों को ओपीडी और इनडोर में बेहतर सेवा मिल सके, लेकिन मरीजों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही है. ओपीडी में सुबह नौ बजे से दिन के तीन बजे तक मरीजों को जांच कर पर्ची पर जरूरी दवा व जांच लिखने का नियम है.

स्वास्थ्य विभाग रांची के आदेश के बावजूद कोई चिकित्सक 10 तो कोई 11 बजे आते हैं. कुछ चिकित्सक आते भी नहीं है. पूछने पर नर्स या कोई स्वास्थ्यकर्मी कहते हैं कि संबंधित चिकित्सक छुट्टी पर है या फिर वार्ड में मरीजों को देखने गए है, लेकिन काफी इंतजार करने के बाद भी वह चिकित्सक ओपीडी में नहीं आते हैं. विभाग के ही कर्मी बताते हैं कि रोजाना सदर अस्पताल के ओपीडी में 400 से 500 के बीच मरीज में चिकित्सक को दिखाने आते हैं. अगर सुबह नौ बजे से दिन के तीन बजे तक मेडिसिन, सर्जिकल, नेत्र, ईएनटी, स्त्री प्रसूति विभाग, दंत, मनोरोग आदि विभाग के सभी चिकित्सक बैठेंगे, तो मरीजों की संख्या 1000 के आसपास पहुंच जाएगी. चिकित्सक साढ़े 10 बजे के बाद ही आते हैं और एक से डेढ़ बजे तक मरीजों को देख कर चले जाते हैं. छह घंटे की बजाय तीन घंटे ही मुश्किल से मरीजों को चिकित्सक समय दे पाते हैं.

**सूरते हाल**

- कोई चिकित्सक 10 बजे, तो कोई 11 बजे आते हैं अस्पताल
- पांच साल से बंद पड़ा है पांच करोड़ में बना ऑक्सीजन प्लांट







### 10 बजे के बाद ही शुरू होता है रजिस्ट्रेशन

लोगों का कहना है कि महिला व पुरुष के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का दो काउंटर है. जहां मरीज कतार में खड़े होकर रजिस्ट्रेशन कराते हैं. अस्पताल के ओपीडी के लिए मरीजों का रजिस्ट्रेशन 10 बजे के बाद ही शुरू होता है .नियमत: सुबह 9 बजे ही रजिस्ट्रेशन शुरू करना है, ताकि भीड़ न बढ़े. सदर अस्पताल सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन के अधीन है, लेकिन वे खुद ही अपने कार्यालय 10 बजे से पहले नहीं आते, तो ओपीडी में क्या हो रहा है और क्या नहीं, वे क्या देखेंगे. कई मरीज सुबह में साढ़े नौ बजे ही पहुंच जाते है, लेकिन रजिस्ट्रेशन शुरू होने का इंतजार करते हैं. मरीजों का कहना है कि समय पर ओपीडी में रजिस्ट्रेशन शुरू नहीं होने और चिकित्सक के नहीं पहुंचने से काफी परेशानी होती है.




**2008 में ही बना था अस्पताल और उद्घाटन हुआ 9 अक्टूबर 2018 को :** स्वास्थ्य विभाग के कर्मी बताते हैं कि सदर अस्पताल 2008 में ही बन कर तैयार हो चुका था. बिजली सप्लाई नहीं होने व कुछ कमियां होने के कारण हैंडओवर नहीं किया गया. सदर अस्पताल का भवन 10 करोड़ में तैयार हुआ था. इसका उद्घाटन 9 अक्टूबर 2018 को हुआ था. अस्पताल में 300 बेड हैं. विभाग के कर्मी कहते हैं कि चिकित्सकों व कर्मियों की कमीं के कारण अस्पताल में मरीजों का इलाज देर से शुरू हुआ था. अस्पताल में अबतक 50 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं. ऑक्सीजन प्लांट लगाने में पांच करोड़ रुपये खर्च हुए थे, जो पांच साल से बंद पड़ा है.

## सुरक्षा बलों को सफलता तीन आईईडी डिफ्यूज किए

संवाददाता । किरीबुरु/चक्रधरपुर

पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस और सीआरपीएफ को नक्सलियों के खिलाफ टोंटो थाना क्षेत्र के जंगलों में चलाये जा रहे ऑपरेशन के क्रम में बड़ी सफलता मिली है. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि बुधवार को टोंटो और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के सरजोमबुरू और मारादिरी के बीच जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने पहले से ही तीन आइईडी बम लगा रखे थे, जिसे सुरक्षा की दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ते ने डिफ्यूज कर दिया. एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगारिया, अश्विन अपने दस्ता



के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए भ्रमणशील है. उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर 2023 से एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातू, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोंटो थाना क्षेत्र के ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में शुरू किया गया है.

## बीसीसीएल कुसुंडा एरिया : तीसरे साल लक्ष्य से अधिक उत्पादन, कंपनी को हुआ 650 करोड़ का लाभ

# 65.891 लाख टन कोयला उत्पादन कर बनाया रिकॉर्ड

संवाददाता। पुटकी

बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया ने वितीय वर्ष 23-24 में रिकार्ड 65.891 लाख टन कोयला का उत्पादन करते हुए लगभग 650 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है. लाभ का अंतिम आंकलन जारी था. कुसुंडा एरिया के महाप्रबन्धक प्रणव दास ने एरिया के अबतक के सर्वाधिक उत्पादन पर खुशी जाहिर किया. उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति में एरिया के सभी ऑफिसर, कर्मी,ट्रेड यूनियन नेता,स्टॉक होल्डर,ग्रामीण सभी का सहयोग रहा है. कुसुंडा एरिया ने लगातार तीसरे साल कोयला उत्पादन में



लक्ष्य की प्राप्ति की है.एरिया ने 65 लाख 500 टन टारगेट के अपेक्षा 7.49 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 65 लाख 891 टन कोयला का उत्पादन किया.

पिछले वर्ष 61 लाख 300 टन उत्पादन किया था.एरिया ने ओबी हटाने में भी आगे रही.एरिया को 212 लाख टन ओबी हटाना था. जबकि एरिया ने 18.65 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 254 लाख 111 टन ओबी रिमूव किया. गत वर्ष 214 .152 लाख टन ओबी हटाया था. डिस्पैच में एरिया लक्ष्य से पीछे रही. लक्ष्य 65.500 लाख टन था. जबकि डिस्पैच 59.590 लाख टन ही हुआ. गत वर्ष 61.736 लाख टन डिस्पैच किया गया था. एरिया डिस्पैच में लक्ष्य से 3.48 प्रतिशत पीछे रह गयी. लाभ का अंतिम आंकलन किया जा रहा है. क्षेत्र के महाप्रबन्धक प्रणव दास ने एरिया के अबतक के सर्वाधिक उत्पादन पर खुशी जाहिर किया. लक्ष्य प्राप्ति में एरिया के सभी ऑफिसर, कर्मी,ट्रेड यूनियन नेता,स्टॉक होल्डर,ग्रामीण सभी का सहयोग रहा है.

### पीबी व डब्ल्यूजे मुनीडीह ने भी लक्ष्य किया प्राप्त

वेस्टर्न झरिया एरिया मुनीडीह ने वितीय वर्ष में टारगेट को प्राप्त करते हुए चार लाख 83 हजार 600 टन कोयला का उत्पादन व चार लाख 73 हजार 189 टन डिस्पैच करने का रिकार्ड बनाया . घाटे के दौर से गुजर रही पीबी एरिया में पुन : ट्रैक पर वापस लौटने लगी है .एरिया ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए 3 .58 लाख टन कोयला का उत्पादन व 3 .32 डिस्पैच किया .लक्ष्य प्राप्ति पर एरिया में हर्ष जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी गई .

## कोर्ट में हाजिर नहीं हुए विधायक ढुल्लू महतो

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली-गलौज व मारपीट करने के एक मामले में आरोपी बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो बुधवार को अदालत में हाजिर नहीं हुए. धनबाद एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनुष्का जैन की अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया. इस मामले में पीड़िता कुंती देवी की शिकायत पर बरोरा थाना में 23 फरवरी 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी. अनुसंधान के बाद बरोरा थाना पुलिस ने विधायक ढुल्लू महतो, प्रेम महतो, अजय गोरी, बसंत राय, भोला राय, सुभाष सिंह, दशमी देवी, सुरेश महतो, नेमोती देवी, सुरेश साव, गुड्डू महतो, धर्मेंद्र गुप्ता, कृष्ण रविदास व विकास सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था.,

# धनबाद में छह अप्रैल को हीट वेव की आशंका

- डीसी ने दिन के 12 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच धूप में जाने से परहेज करने की अपील की

संवाददाता। धनबाद

भारत मौसम विज्ञान विभाग के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम केन्द्र ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष बुलेटिन जारी कर छह अप्रैल 2024 को धनबाद जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिले में हीट वेव की संभावना व्यक्त की है.जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को दोपहर 12:00 से 3:00 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की अपील की है.साथ ही

### अपने साथ पानी अवश्य रखें

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें .शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे ये शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं .साथ ही उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी है.

पर्याप्त पानी पिने ,हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करने को कहा है.

## ब्रीफ खबरें

### ढुल्लू के समर्थन में कांग्रेस से इस्तीफा

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी मोर्चा के सचिव व अखिल भारतीय तैलीय साहू महासभा के अध्यक्ष जगदीश साव ने बुधवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन में समाज के लोगों के साथ प्रेस वार्ता का आयोजन किया .इसमें उन्होंने अपनी स्वेच्छा से कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने की बात कही.उन्होंने कहा कि वर्षों बाद धनबाद लोकसभा से ओबीसी और साहू समाज के व्यक्ति ढल्लू महतो को लोकसभा का टिकट मिला है. इससे समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है .इसलिए स्वभाविक तौर पर मैं अपने समाज के प्रत्याशी का समर्थन करूंगा .

### प्रेमिका ने प्रेमी पर लगाया यौन शौषण का आरोप

**महुदा ।** महुदा थाना क्षेत्र के ब्रहमबाबा मंदिर परिसर के समीप रहने वाली प्रेमिका ने बुधवार को अपने प्रेमी पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है. पुलिस को दिए आवेदन में उसने लिखा है कि पिछले छह वर्षों से शादी करने का झांसा देकर सुधीर चौधरी उसका यौन शोषण कर रहा है. शादी की बात करने पर उसकी मां सावित्री देवी, भाई राजु चौधरी दस लाख रुपया नगद एवं चार पहिया वाहन मांग रहे हैं. रुपया एवं वाहन नहीं देने पर शादी करने से इनकार कर रहा है.

### कांग्रेस ने चलाया चुनावी जनसंपर्क अभियान

**धनबाद ।**धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को झरिया के चासनाला,इंदिरा चौक,मोती नगर सहित विभिन्न जगहों पर चुनावी जनसंपर्क अभिमान चलाकर बूथ कमेटी का जायजा लिया.जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने चुनावी जनसमपर्क अभिमान के क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुटता एवं मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया. जनसंपर्क अभियान के क्रम में चासनाला सहित झरिया से भाजपा का सुपड़ा साफ करने का आश्वासन दिया.

### गोरांग मंदिर के सौ वर्ष पूरे होने पर धार्मिक अनुष्ठान

**बराकर ।** बराकर के समाजसेवियों की ओर से भक्तों के बीच सेवा कार्य किया गया. इस संबंध में बताया गया कि बराकर शहर के बेगुनिया स्थित साधु स्वर्गीय सीताराम बाबा द्वारा प्रतिष्ठित गोरांग मंदिर के सौ वर्ष पूरे होने पर विभिन्न तरह के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है. इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आस पास के क्षेत्रों के अलावा दूर दराज से भी भारी संख्या में महिला-पुरुष भक्त पहुंचे हैं.

## डीजे पर प्रतिबंध, रात दस बजे से सुबह छह बजे तक नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर

# चुनावी अचार संहिता का पालन कर मनाए रामनवमी व ईद : डीसी

संवाददाता। धनबाद

ईद उल फितर और रामनवमी को लेकर धनबाद के न्यू टाउन हॉल में बुधवार को जिला प्रसाशन के द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई . इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कई निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे. जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए. इसमें चूक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी.आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधित आयोजक पर सीधे कार्रवाई की जाएगी. शांति भंग होने एवं मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है एवं पूरे धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है. इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है. उन्होंने यह भी कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस ही निकाल सकेंगे. किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा.अखाड़ा दल पुराने रूट का पालन करेंगे. सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे.




### सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील

वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की . साथ ही उन्होंने उपद्रव करने वाले युवाओं को चिह्नित कर उनके विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई करते हुए उनके संबंध में पुलिस को सूचित करने का भी आग्रह किया .उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रशासन अवांछित एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट, 107, 108, 109 के तहत कार्रवाई कर रहा है . इसके बाद भी लोग नहीं सुधरेंगे तो प्रीवेंटिव अरेस्ट भी किया जाएगा . इस दौरान उन्होंने सभी से विशेष चौकसी बरतने, कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का पालन करने, अखाड़ा दलों को अपने संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी के साथ को-ऑर्डिनेट करने और परेशानी उत्पन्न करने वाले लोगों की सूची पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा . वहीं बैठक में मौजूद लोगों ने अपनी सुझाव रखते हुए कहा कि अखाड़ा दल के 11-11 सदस्यों को पहचान पट्टा दिया जाय, बलियापुर चौक पर हाई मास्ट लाइट दुरुस्त किया जाय , मुगमा चौक तथा अन्य कॉल बेयरिंग क्षेत्र में जुलूस के दौरान भारी वाहनों का परिचालन बंद किया जाय , अखाड़ा दलों द्वारा खतरनाक खेल का प्रदर्शन ना हो , मनईटांड में आवारा सांड के आतंक से मुक्ति दिलाने, अवैध शराब की बिक्री रोकने, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, झरिया में वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू करने को कहा .

कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे. त्योहार को लेकर जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी .डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा. वहीं रात दस बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर भी पाबंदी रहेगी .उपायुक्त ने कहा कि अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करें जिससे दर्शकों के चोटिल या घायल होने की आशंका है.

#### खास बातें

- नए अखाड़ा दल का नहीं किया जाएगा रजिस्ट्रेशन
- शांति समिति के सदस्यों ने भी रखीं समस्याएं

### समाधान करने का आश्वासन

उपायुक्त ने सुझावों के समाधान के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान करने का आश्वासन दिया .बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य लोग उपस्थित थे .

# 15 लाख मुआवजे के साथ गृहिणियों को नौकरी देने की घोषणा, आंदोलन समाप्त

- नियोजन की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने कोलियरी का चक्का जाम किया

संवाददाता ।बराकर



इसीएल के सोदपुर चिनाकुड़ी के दो नंबर कोलियरी स्थित एक नंबर पिट पर करीब 100 फुट की ऊंचाई पर कार्य करने के दौरान मंगलवार को हादसे मे दो ठेका मजदूरों की मौत के बाद नियोजन की मांग को लेकर बुधवार को संयुक्त मोर्चा ने कोलियरी का चक्का जाम कर दिया. परिजनों को इसीएल मैंनेजमेंट की ओर से मुवावजे के तौर पर 15 लाख रुपए व मृतकों के गृहणियों को एक-एक गैर सरकारी नौकरी और शवों का दाह संस्कार के लिए 50 -50 हजार रुपए देने पर आंदोलन समाप्त हुआ.

ईसीएल मैंनेजमेंट के द्वारा मृतकों के मासूम बच्चों को स्कूल में दाखिला व शिक्षा दिलाने की व्यवस्था का आश्वासन दिया. भाजपा कुल्टी के विधायक डॉ अजय पोद्दार, जामुड़िया विधानसभा के तृणमूल विधायक हरेराम सिंह व कुल्टी विधानसभा के पूर्व तृणमूल विधायक उज्जवल चटर्जी ने मृतक के परिजनों को गुरुवार को एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की है. उन्होने कहा कि इसीएल ही नही बल्कि पूरे भारत में सबसे गहरे कोयला खदान सोदपुर कोलियरी के चिनाकुड़ी एक नंबर पिट में मंगलवार को दोपहर में घटना हुआ था. आंदोलन छह घंटों तक चला. दोपहर दो बजे इसीएल मैंनेजमेंट की ओर से एक प्रतिनिधि दल मौके पर पहुंच आंदोलनकारियों को उनकी मांगों को पूरा करने के मुद्दे पर अपनी सहमति जताई. मृतक के परिजनों से जल्द से जल्द कुछ कागजात इसीएल मैंनेजमेंट को जमा करवाने की भी अपील की.

### चैत्र नवरात को लेकर मैहर में रूकेगी दीक्षाभूमि एक्स.

**धनबाद।** चैत्र नवरात्रि मेला को लेकर मैहर स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए धनबाद से कोल्हापुर जानेवाली दीक्षाभूमि समेत कई ट्रेनें रूकेगी. धनबाद से खुलनेवाली दीक्षाभूमि ही एकमात्र ट्रेन हैं, बाकी पटना समेत अन्य जगहों से खुलनेवाली ट्रेनें हैं, जो मैहर में रूकेगी. रेलवे सूत्रों के अनुसार हर साल की भांति इस साल भी श्रद्धालुओं की मांग पर मैहर स्टेशन पर कई ट्रेनों का अस्थायी ठहराव किया गया, ताकि माता शारदा देवी के लोग दर्शन कर पूजा कर सकें. धनबाद समेत कई जिलों से लाखों लोग मैहर जाते हैं. धनबाद से 15 से 22 अप्रैल तक खुलनेवाली ट्रेन नंबर 11046 धनबाद-छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनल, कोल्हापुर एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर रात 22.35 बजे पहुंचेगी.

## छापेमारी कर 12 मोटरसाइकिलें बरामद की गईं, एक गिरफ्तार

संवाददाता। गोविंदपुर

एसएसपी एचपी जनार्दनन के निर्देश पर सिटी एसपी अजीत कुमार के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोरी पर रोक लगाने के लिए गठित एसआईटी ने मंगलवार को गोविंदपुर के गांव भीतर में छापेमारी कर 12 मोटरसाइकिलें बरामद की है. निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला एवं डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती के मार्गदर्शन में गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद एवं निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनजीत कुमार के साथ गांव भीतर में सिराज शेख उर्फ रेहान द्वारा किराए पर लिए गए घर पर छापेमारी की गई.



पुलिस टीम ने मौके से सिराज शेख को गिरफ्तार कर लिया तथा वहां से विभिन्न कंपनियों की 12 मोटरसाइकिलें बरामद की गई. सिटी एसपी अजीत कुमार ने बुधवार को गोविंदपुर थाने में पत्रकारों को बताया कि प्रथम दृष्टि यह स्पष्ट हो रहा है कि अभियुक्त सिराज शेख गरीब जनता से ऊंचे ब्याज पर पैसा देकर उनकी मोटरसाइकिल गिरवी रख लेता है.

## बजरंगी को हवा चानक से निकालने में एनडीआरएफ की टीम नाकाम

संवाददाता। पुटकी

होलिका की रात 23 मार्च को खैरा बाबू बासा का 26 वर्षीय युवक बजरंगी तुरी उर्फ बोना स्थानीय हवा चानक में गिर गया था. ये बात उसके साथी ने बजरंगी तुरी के परिजनों को बताया था. जानकारी दी थी कि बजरंगी और वे पांच लोग केबल काटने गए थे, तब रस्सी टूटने की वजह से तुरी अंदर ही गिर गया था. जानकारी पाकर परिजनों ने थाने में खबर दी और चानक पहुंचकर बजरंगी की खोजबीन शुरू की गई. कुछ सुराग नहीं मिलने पर एनडीआरएफ को पत्र लिखा गया था, बुधवार को देवघर से एनडीआरएफ की टीम पहुंची थी. 13 सदस्यीय टीम ने लगभग तीन घंटों तक मेहनत की. झग्गड़ व कैमरा डालकर अंदर देखा, कई अन्य उपाय भी किए लेकिन कोई



#### खास बातें

- दस दिन पूर्व हवा चानक में केबल काटने उतरा था गिरोह
- तीन घंटे तक एनडीआरएफ देवघर की टीम ने की मशक्कत

फायदा नहीं हो सका. तब टीम ने इस मिशन को बंद कर दिया. फिलहाल टीम अन्य उपायों पर विचार विमर्श कर रही है.

### नाबालिग से दुष्कर्म में बीस साल की कैद

**धनबाद ।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती कर देने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरपी टुंडी निवासी सीताराम मुर्मू को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना की सजा दी है. मंगलवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था.वारदात की प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में नौ जुलाई 23 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुर्मू ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया. जिस कारण वह गर्भवती हो गई. 2020 में उसने एक बच्ची को जन्म दिया. इसके बाद आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया. ग्राम प्रधान के घर में इस कारण बैठक हुई, जिसमें सीताराम ने अपना दोष स्वीकार किया और शादी करने की बात कही . परंतु फिर वह अपने वादे से मुकर गया और शादी से इंकार कर दिया.

# लड़कियों के बेहतर भविष्य के लिए आवाज बुलंद करें : शंकर रवानी

संवाददाता। महुदा

गर्ल्स नॉट ब्राइड्स के सदस्य दुनिया भर में बाल विवाह को समाप्त करने के लिए काम करने वाले संगठनों का एक नेटवर्क हैं. उनका अनुभव, अद्वितीय समझ और लड़कियों और समुदायों के साथ दीर्घकालिक संबंध हमारे आंदोलन की प्रेरक शक्ति हैं. उक्त बातें झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कही. उन्होंने कहा कि जितना अधिक लोग बाल विवाह को समाप्त करने का आह्वान करेंगे, उतनी ही अधिक संभावना है कि निर्णय लेने वाले हमारी बात सुनेंगे और कार्य करेंगे. दुनिया भर में लड़कियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए हमारे साथ अपनी



आवाजस उठाएं. उन्होंने कहा कि प्रेस मीडिया तथा सामाजिक संगठन गर्ल्स नोट ब्राइड के एक सदस्य के रूप में हमारे साझेदारी में शामिल होकर बाल विवाह को समाप्त करने के वैश्विक आंदोलन को मजबूत बना सकते हैं. गर्ल्स नॉट ब्राइड्स मीडिया टीम दुनिया भर में पत्रकारों और लेखकों को हमारे सदस्य संगठनों से जोड़ती है जो बाल विवाह को समाप्त करने और एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए काम कर रहे हैं जहां सभी लड़कियां अपने सपने को पूरा कर सके. इस अभियान के तहत धनबाद जिले में विभिन्न स्टेकहोल्डर , पंचायत प्रतिनिधि, बाल कल्याण समिति, शिक्षक, अभिभावक, धर्मगुरु के साथ जागरूकता का कार्य किया गया है. धनबाद में फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से लड़कियों की नेतृत्व क्षमता का विकास करने का कार्य किया गया है जो एक अभियान के रूप में संचालित है. प्रेस वार्ता के दौरान झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की बेला कुमारी, बिनोद महतो, नितेश कुमार वर्मा, दीपा रवानी, प्रिया बेबी, सुमित्रा देबी, चंदा कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थी.

### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखलेश कुमार की अदालत में रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया. जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अभियोजन ने गवाह पेश करने के लिए समय की मांग की. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की. बताते चलें कि रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5::30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी.

## शुरूआत | बुधवार को 20 लोगों का बना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड

# मरीजों को कतार से मुक्ति, आभा पोर्टल से कराएं रजिस्ट्रेशन

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के सदर अस्पताल में बुधवार से आभा कार्ड बनाने की शुरुआत की गई है. मरीजों को आभा कार्ड बनाने से अस्पताल की लंबी लाइन से मुक्ति के अलावे कई और बड़े फायदे भी होंगे.आभा कार्ड को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लॉन्च किया गया है. आभा कार्ड का पूरा नाम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता है. आभा कार्ड के सम्बंध में सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि आभा कार्ड बनाने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है.प्रथम चरण में कर्मचारियों का



आभा कार्ड बनाया गया और अब आम लोगों का बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आभा आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट या हेल्थ आईडी कार्ड एबीएचए कार्ड का प्रबंधन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की एक डिजिटल स्वास्थ्य सेवा पहल है.




इस मिशन के तहत इस स्वास्थ्य कार्ड के साथ जिले के नागरिकों को कई लाभ प्रदान किए जाते हैं .जैसे चिकित्सा उपचार और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं तक परेशानी मुक्त पहुंच, व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड अनुप्रयोगों के लिए आसान साइन-अप विकल्प (जैसे एबीडीएम एबीएचए ऐप), और भरोसेमंद पहचान.

### आभा हेल्थ कार्ड के लाभ

उन्होंने कहा कि यूजर डिजिटल रूप में अपने स्वास्थ्य का पूरा विवरण प्राप्त कर सकते हैं .जिससे डॉक्टर समय के अनुसार चलन से आपके स्वास्थ्य की बेहतर समझ प्राप्त कर सकते हैं .अत्यधिक सुरक्षित और गोपनीय, केवल यूज़र की सहमति से डेटा साझा किया जाता है . उन्होंने कहा की आभा स्वास्थ्य कार्ड में 14 अंकों की एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है .जिसे आभा आईडी कहा जाता है . इस डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी है जो उपचार इतिहास और चिकित्सा डेटा तक त्वरित और आसानी से पहुंच संभव बनाती है . असाधारण अस्पतालों में कैशलेस उपचार सहित कई स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए एबीएचए स्वास्थ्य आईडी कार्ड का उपयोग करके कोई भी सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकता है .उन्होंने कहा कि इस कार्ड को बनाने के लिए व्यक्ति के पास एंड्राइड मोबाईल होना जरुरी है .इसके लिए ऐप डाउनलोड करना होता है . 4 स्टेप की परिक्रिया के बाद आभा कार्ड बनकर तैयार हो जाता है . इसके लिए काउंटर पर क्यू आर कोड का पोस्टर भी लगा दिया गया है .बुधवार को 20 लोगों का आभा कार्ड बनाया गया है .

### मानवाधिकार प्रोटेक्शन कमेटी का गठन किया

**तेतुलमारी।** वेस्ट मोदीडीह शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को मानवाधिकार प्रोटेक्शन की बैठक कर कमेटी का गठन किया गया. बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश प्रमंडल के कृष्णा सिंह एवं संचालन संजित सिंह ने किया. वक्ताओं ने मानवाधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. इस दौरान तेतुलमारी के सुनिल सिंह को अध्यक्ष, रोमी भद्रा महासचिव, अनिल भारद्वाज सचिव, बिट्टू सिंह संगठन सचिव धनबाद,रवी मिश्रा विरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिन मिश्रा उपाध्यक्ष,पवन कुमार वरिष्ठ संगठन सचिव,अजय कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भिषम सिंह प्रचार मंत्री मनोनीत किए गए. वहीं संगठन के अधिकारियों ने सभी नए पदाधिकारी को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया.

## संवेदनशील बूथों का डीसी एसएसपी ने निरीक्षण किया

संवाददाता। बरोरा

लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद डीसी माधवी मिश्रा एवं धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने बुधवार को बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बरोरा थाना क्षेत्र के बेहराकुदर,चिटाही के संवेदनशील बूथों का निरक्षण किया.इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा ने मतदान केंद्रों में शुद्ध पेयजल ,शौचालय, बिजली सहित अन्य व्यवस्था कराने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिया . वहीं डीसी एसएसपी ने बूथों के मतदाताओं से बातचीत कर लोग अधिक से अधिक मतदान करने एवं अन्य लोगो को प्रेरित करने करने की बात कही, साथ ही कहा कि लोग निर्भीक होकर मतदान करें किसी के बहकावें और किसी के पक्ष विपक्ष में मतदान न



करने की अपील की. लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ है. इसलिए बिना किसी के डर दबाव, प्रलोभन के मतदान करें. मौके पर धनबाद डीसी माधवी मिश्रा, धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा डीएसपी ज्योति मिंज, बीडीओ सुषमा आनंद, बरोरा थाना प्रभारी विकाश कुमार, अवर निरक्षक अविषेक तिवारी, बीएलओ सुपरवाइजर सुनील पांडेय बेहराकुदर मुखिया जालिम रजक अन्य लोग उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### सांसद ने कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि

**पाकुड़।** राजमहल सांसद विजय हांसदा ने बुधवार को झामुमो कार्यकर्ता कोर्नेलियुस मुर्मू को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया.सांसद विजय हांसदा अमड़ापाड़ा प्रखंड के सलपतरा गांव पहुंचे और आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए. कोर्नेलियुस मुर्मू पार्टी के एक समर्पित सिपाही थे, वे प्रखंड अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के गरीब आदिवासियों व मूलवासियों के हक अधिकार के लिए हरसंभव प्रयास करते थे. बीते वर्ष गंभीर रूप से बीमार होने के पश्चात इलाज के दौरान 27 जून वे दिवंगत हो गए थे. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कोर्नेलियुस हेम्ब्रम, प्रखंड सचिव जहीरुद्दीन मियां, जिला सदस्य संजीत भगत, जिला सदस्य सुशील भगत, जिला सदस्य नाजिर सोरेन, जिला सोशल मीडिया सदस्य आफताब आलम, प्रखंड संगठन सचिव बेंजामिन मरांडी, धानो मरांडी, अशोक हेम्ब्रम मौजूद थे.

### जंगल के समीप मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**गांडेय(गिरिडीह)।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ जंगल के समीप अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया है. पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले ली है और जांच-पड़ताल में जुट गई है. ताराटांड़ थाना प्रभारी मुकेश कुमार पंडित ने बताया कि मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे पुलिस की पेट्रोलिंग टीम गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग पर स्थित बड़कीटांड़ जंगल में गश्त लगा रही थी. तभी सड़क किनारे पड़े शव को बरामद किया. शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है. पहचान के लिए पुलिस ने शव को सदर अस्पताल गिरिडीह के शव गृह में रखवा दिया है.

### रामनवमी को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**गावां(गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के पिहरा पंचमंदिर स्थित भगवती मन्दिर के प्रांगण में बुधवार को ग्रामीणों ने रामनवमी को लेकर एक बैठक की. बैठक में गत वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा और आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए योजना बनाई गयी. बैठक में पूजा के लिए कोष संग्रह, मंदिर की साज सज्जा रंग रोगन आदि पर चर्चा की गई. तय किया गया कि हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंदिर के प्रांगण में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाएगा.

### अचानक आई तेज आंधी से गिरा मकान

**गावां(गिरिडीह)।** गावां प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की देर रात अचानक आई आंधी-तूफान के कारण सेरुआ पंचायत के चेरवा गांव मे जितनी देवी पति विशेश्वर राय का मिट्टी का मकान अचानक तेज आंधी तूफान से गिर गया. जिसके कारण जितनी देवी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया. जितनी देवी ने बताया कि मेरे पति दिव्यांग है और दिल्ली में रहकर मजदूरी कर किसी तरह भरण पोषण करते हैं. मकान गिर जाने से परिवार के साथ रहना मुश्किल हो गया है.

### प्रतिमा विसर्जन के साथ मथुरासिनी पूजा संपन्न

**पीरटांड़।** पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज में बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दो दिवसीय मथुरासिनी पूजा संपन्न हो गई. प्रतिमा विसर्जन में माहुरी वैश्य मंडल के महिला पुरूष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. शोभा यात्रा से पहले विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. शोभा यात्रा पूजा स्थल राजागढ मैदान से निकाली गई जो पूरे गांव के मुख्य मार्गों से गुजरत हुई राजसरोवर तक गयी.

---

### बीएंडके के खासमहल से जारंगडीह रेलवे साइडिंग में नियमों की उड़ रही है धज्जियां

# बिना तिरपाल ढके की जा रही है कोयले की ढुलाई

**संवाददाता।कथारा (बोकारो)**



बेरमो-कथारा क्षेत्र में बगैर तिरपाल के कोयला ढुलाई करते हाइवा वाहन.

**खास बातें**
- कभी भी लोग हो सकते हैं दुर्घटना का शिकार
- जांच कर दोषी वाहन चालकों पर कार्रवाई का आशवासन

बेरमो क्षेत्र में इन दिनों बिना तिरपाल ढके सड़कों पर चलती हाइवा वाहनों से राहगीर काफी भयभीत हैं. दरअसल भय इसलिए बना हुआ है कि हाइवा वाहनों से कोयला की ट्रांसपोर्टिंग की जा रही है. इस दौरान नियमों की अवेहलना करते हुए ट्रांसपोर्टिंग का कार्य चल रहा है.

परिवहन सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के खासमहल से जारंगडीह रेलवे साइडिंग से हो रहा है और कोयला का परिवहन बिना तिरपाल ढके सड़क मार्ग से नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा है. इस दौरान सड़कों पर चल रहे राहगीरों को कोयला के टुकड़े गिर जाने से हमेशा खतरा बना रहता है. जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटने का खतरा बना रहता है, साथ ही प्रदूषण की समस्या से भी लोग परेशान हैं. सड़क पर उड़ते कोल डस्ट तथा कोयले के छोटे छोटे कण गिरने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस दौरान यह देखने को मिलता है कि परिवहन कर रही कुछ वाहनों में उपचालक भी नहीं है. सीसीएल बीएंडके प्रबंधन आखिर क्यों उक्त मामले में मूकदर्शक बनी हुई है. यह जांच का विषय है. उक्त मामले पर जब एकेके ओसीपी परियोजना पदाधिकारी एके एस गईवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उक्त मामले को देखकर इसकी जांच करवाएंगे. दोषी वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी.

---

# अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को सीओ ने किया जब्त, चालक फरार

**संवाददाता।साहिबगंज**

बुधवार को बरहेट अंचलाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने छापामारी अभियान चलाकर अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया है. इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौका देख फरार हो गए. चारों ट्रैक्टरों में दो महिंद्रा, एक स्वराज तथा एक सोनालिका का कंपनी की है, जिसके ट्रैक्टर तथा ट्रॉली में नंबर अंकित नहीं है.

इस संबंध में सीओ चोनाराम हेंब्रम ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू का परिचालन किसी भी हाल में होने नही दिया जाएगा.उक्त चारों ट्रैक्टर को बरहेट थाने के सुपुर्द कर दिया गया है एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिख भेज दिया गया है.

### बोलोरो पिकअप सहित आठ मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार

बुधवार को राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर हाईस्कूल के समीप चेकनाका में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलोरो पिकअप सहित आठ मवेशी के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार बोलोरो पिकअप वैन में आठ मवेशी लादकर उधवा से सिरासिन के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था. इसी बीच चेकनाका में पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बोलोरो पिकअप वैन में लदे आठ मवेशी के बारे पूछताछ की. हालांकि तस्करों के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया.

---

### डीसी ने गोमिया के कई स्कूलों व बूथों का किया औचक निरीक्षण

# राशन दुकान में शराब देख भड़कीं डीसी, लाइसेंस रद्द करने का आदेश

**संवाददाता।बोकारो**





**खास बातें**
- मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का आदेश
- विद्यालय के विद्यार्थियों से डीसी ने किया संवाद

जनवितरण प्रणाली की दुकान में अवैध शराब देख कर बोकारो डीसी विजया जाधव काफी नाराज हुई और उस दुकान का लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दे दिया. बुधवार को बोकारो डीसी विजया जाधव, एसपी पूज्य प्रकाश एवं डीडीसी संदीप कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने सुबह से शाम तक गोमिया प्रखंड के कई स्कूलों, मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. उपायुक्त ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव को लेकर हरिजनआदिवासी विकास उवि तिसकोपी, उत्क्रमित प्लस टू उवि चतरोचट्टी, उमवि कुर्कनालो में ठहराव एवं सीएपीएफ ठहराव का जायजा लेते हुए मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. गोमिया कुर्कनालो में जन वितरण प्रणाली दुकान गायत्री आजीविका सखी मंडल में निरीक्षण के क्रम में भारी गड़बड़ी मिली. निरीक्षण के दौरान राशन दुकान से अवैध शराब जब्त की गई. मौके पर राशन दुकान का लाइसेंस रद्द करने एवं उत्पाद विभाग को कार्रवाई का निर्देश दिया. डीसी ने नर उमवि कुर्कनालो, गोमिया का निरीक्षण किया. इस दौरान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया. विद्यालय के पुस्तकालय में रखी पुस्तकों को देखा, बच्चों से कहानी की पुस्तक पढ़ाई.

**औचक निरीक्षण किया गया :** लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के ठहराव केंद्रों एवं जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त, एसी बोकारो, बेरमो एसडीओ एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

इस दौरान डीसी समेत अन्य अधिकारी सबसे पहले गोमिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिदरी का निरीक्षण किया, जिसमें विद्यालय कक्ष व रसोई घर में अव्यवस्था को देख नाराजगी जताते हुए नए डीएसई को संबंधित विद्यालय प्रधानाध्यापक के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने इस विद्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 18 का निरीक्षण करते हुए मतदान केंद्रों में उपलब्ध एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी का जायजा लिया.

---

# छापेमारी कर 40 लीटर अवैध देसी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**संवाददाता।गोड्डा**



बसंतराय पुलिस ने घर पर छापेमारी कर अवैध रूप से देसी शराब निर्माण किए जाने का खुलासा किया है. मामला थाना अंतर्गत ग्राम गोरगामा का है. पुलिस को अवैध रूप से देशी शराब घर पर बनाने और बिक्री करने की जानकारी मिलने के बाद एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम ने कैलाश कुम्हार पिता श्रीलाल मंडल के घर पर छापेमारी किया. छापेमारी में दो जारकिन में रखी करीब 40 लीटर देशी शराब जब्त की गई. पुलिस दल ने शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले करीब सौ किलोग्राम महुवा को भी जब्त कर नष्ट कर दिया. मौके पर ही कारोबारी कैलाश कुम्हार को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर बताया कि पिछले कुछ महीने से घर पर शराब का करोबार कर रहा है. शराब का निर्माण कर उसे बाहर भेज दिया जाता था. अगल बगल के ग्रामीणों ने भी पूछताछ में बताया कि शराब का करोबार किया जा रहा. किसी प्रकार का वैध कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी कारोबारी को जेल भेज दिया गया. छापेमारी दल में एसडीपीओ के अलावा थाना प्रभारी सत्यदीप पुलिस अवर निरीक्षक प्रेम मोहन झा, विजय कुमार शर्मा, राम नरेश यादव एवं पुलिस के जवान शामिल थे.

### वाहन चेकिंग के दौरान लाखों रुपए जब्त किए

**डुमरी।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए निमियाघाट पुलिस ने इसरी बाजार स्थित अरगाघाट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में नगदी बरामद की गई है. इस बाबत नोडल मजिस्ट्रेट सह डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना ने बताया कि विभिन्न वाहनों को चेक करने दौरान अलग अलग वाहनों से करीब 29 लाख रुपये जब्त किए गए हैं. जिसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है. मालूम हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है. ताकि चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ न हो.

# करंट से ठेका कर्मी झुलसा, मिस्त्री पर लगाया लापरवाही का आरोप

**संवाददाता।बोकारो**



बोकारो औधोगिक क्षेत्र (बियाडा) फेज तीन स्थित ब्रिलियंट आईटीआई के सामने बिजली के खंभे पर मंगलवार देर रात काम करने के दौरान ठेका कर्मी को करंट लग गया. जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया. घायल ठेका कर्मी कुलदीप टुडू चंदनकियारी प्रखंड क्षेत्र का रहने वाला है. हादसे के बाद उसे चास स्थित एक अस्पताल ले गये, जहां उसका इलाज चल रहा है. सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के उच्च पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और ठेका कर्मी का हाल-चाल जाना. लोगों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है. सूत्रों ने बताया कि सरकारी मिस्त्री ठेका कर्मियों के दल के साथ था. मजदूरों को फीडर नंबर पांच पर काम करना था. लेकिन सरकारी मिस्त्री ने पांच की जगह दो नंबर फीडर का ब्रेक डाउन करा दिया.

---

### समाज कल्याण विभाग संचालित संस्थाओं का निरीक्षण

# डीसी ने संस्थाओं की जानकारी ली, दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**संवाददाता।साहिबगंज**

बुधवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम. सखी वन स्टॉप सेंटर. चाइल्ड हेल्पलाइन. स्वाधार गृह. नेत्रहीन एवं स्पष्टिक विद्यालय, बालक बाल गृह का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान वे बाल गृह के बच्चों से मिले उनके शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली. साथ ही उपस्थित पदाधिकारी को बाल गृह के बच्चों के माता-पिता से कांटेक्ट करने की बात कही गई. कहा गया कि सूचना न मिलने पर एडॉप्शन की प्रक्रिया प्रारंभ करें. भवन का नवीनीकरण साथ ही बाउंड्री वॉल के लिए प्राक्कलन कार्यपालक अभियंता (आरईओ) से बनवाने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि संचालित स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम के नाम को हटाकर स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रय करेंगे एवं आश्रय प्राप्त लोगों को शारीरिक बल के अनुसार छोटे-छोटे कार्यों में उनकी भागीदारी बनाए रखें ताकि उनका स्वास्थ्य अच्छा बना रहे. सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड लाइन के कर्मियों के कार्यों की जानकारी ली गई .

---

### दो करोड़ बयालीस लाख रुपए आयकर मद में वसूलने का आदेश

# बोकारो अधिवक्ता संघ के दो बैंक खाते होल्ड

**संवाददाता।बोकारो**





बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय का मुख्य द्वार.

**खास बातें**
- वकीलों के लिए चलाई जा रही कई स्कीम प्रभावित
- आयकर रिटर्न क्यों नहीं भरा गया, इसकी जांच की मांग

आयकर विभाग के आदेश पर बैंक ऑफ इंडिया, डीसी ब्रांच शाखा, बोकारो में बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के संचालित दो बैंक खाता को होल्ड कर दिया है. इन दोनों खातों में संघ के कुल 23 लाख रुपए जमा हैं. बैंक ऑफ इंडिया ने आयकर विभाग के आदेश पर कार्रवाई करते हुए खाते को होल्ड कर दिया है. ज्ञात हो कि बोकारो जिला अधिवक्ता संघ, बोकारो के बैंक खाते सील कर दो करोड़ बयालीस लाख रुपए आयकर मद में वसूलने का आदेश आयकर विभाग ने दिया था. जिसके तहत ही बैंक द्वारा यह कार्रवाई की गई है. आयकर अधिकारी दीपक कुमार के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया था कि आयकर मद में बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के बैंक खाता से बकाया आयकर राशि विभाग को जो दो करोड़ बयालीस लाख रुपए हस्तांतरित किया जाय.

**2016 से राशि का भुगतान नहीं :** मालूम हो कि वर्ष 2016 से बोकारो जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयकर मद में किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं किया गया था और न ही आयकर रिटर्न ही भरा गया था. इसी आलोक में आयकर विभाग के द्वारा यह कार्रवाई की गई है. बैंक खाता सील होने से वकीलों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा स्कीम प्रभावित होगी. इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने वर्तमान कमेटी से वर्ष 2016 में किन परिस्थितियों में संघ का आयकर रिटर्न नहीं भरा गया, उसकी वकीलों की स्वतंत्र कमेटी से जांच के साथ साथ 2009 से लेकर आज तक के वित्तीय अनियमितता की जांच कर दोषी अधिकारी को चिह्नित कर तत्काल प्राथमिकी दर्ज करते हुए उस पदाधिकारी से दो करोड़ बयालीस लाख रु. वसूली की मांग की है. इस बात को लेकर बोकारो के अधिवक्ताओं में उबाल है और सभी अधिवक्ता चाहते है कि दोषी पदाधिकारी पर प्राथमिकी दर्ज हो, ताकि संघ को अपने हित में इस्तेमाल कर नुकसान पहुंचाने वाले दंडित हो सके.

### दौरा कर भाजपा ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**धनवार (गिरिडीह)।** धनवार मंडल के सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनवार मंडल में पड़ने वाले सभी मतदाताओं के घर घर जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में धनवार मंडल महामंत्री श्रीकांत कुमार राय ने गिरिडीह पंचायत के कई गांव का दौरा कर केंद्र सरकार द्वारा किए गए प्रधानमंत्री आवास योजना ,उज्जवला गैस योजना ,आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री मुक्त अन्य योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री स्वच्छता योजना के तहत शौचालय योजना की जानकारी दी तथा लाभार्थियों से संपर्क कर मिस कॉल करवा कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की. कहा गया कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पिछले चुनाव से 10 प्रतिशत से अधिक मतों की बढ़ोतरी कर कोडरमा लोकसभा से पिछले चुनाव की तुलना में अधिक मतों से जीत हासिल करनी है.

---

**खैराचातर**

### कलश विसर्जन की पूजा की, महिलाओं ने नम आंखों से दी मां को विदाई

# भक्ति जागरण के साथ शीतला पूजा का समापन

**संवाददाता।बोकारो**



खैराचातर में भजन कीर्तन प्रस्तुत करते कलाकार.

**खास बातें**
- काफी संख्या में पुरुष और महिला भक्त हुए शामिल
- कलाकारों के भक्ति गीतों ने समां बांध दिया

कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित सार्वजनिक शीतल माता मंदिर में बुधवार को कलश विसर्जन के साथ तीन दिवसीय शीतला पूजा समारोह का समापन हो गया. इस दौरान कसमार प्रखंड के सिंहपुर निवासी आचार्य रवींद्र पांडेय व मंजूरा निवासी पंडित कृष्ण किशोर पांडेय ने कलश विसर्जन की पूजा संपन्न कराई. महिलाओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी. उसके बाद दर्जनों श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ निकटवर्ती जलाशय में कलश विसर्जन किया. जबकि मंगलवार शाम को संध्या आरती में भी काफी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे. इधर शीतला अष्टमी अवसर पर मंगलवार की रात को मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान जम्हार-चंडीपुर कीर्तन मंडली के कलाकारों ने देर रात तक एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों से समा बांध दिया. मंडली में अमित झा, किस्टो महतो, सुरेश कुमार महतो, अखिलेश महतो, भूषण महतो, संतोष महतो, उमेश महतो, निर्मल महतो, छोटू साव, लोचन महतो, अलकनंदा महतो, सुरेंद्र महतो, संतोष महतो, प्रफुल्ल महतो, फूल महतो शामिल थे. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, सिंहपुर मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम महतो, विष्णु कुमार जायसवाल, सुंदरलाल घांसी, दिलीप कुमार शर्मा उपस्थित थे.

---

### विभागीय अधिकारियों ने भी की सड़क की गुणवत्ता की जांच

# ग्रामीणों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप

**संवाददाता।बोकोरो**



जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर पाइप फैक्ट्री से खांजो नदी तक डीएमएफटी फंड से 99 लाख की लागत से सड़क बन रही है. इस सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा गड़बड़ी करने की शिकायत की जांच के लिए बुधवार को स्थानीय प्रतिनिधि पहुंचे. इस दौरान बाराडीह पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी, जरीडीह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष अशोक मंडल व बीस सूत्री सदस्य अकबर अंसारी ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए संवेदक द्वारा काम में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया. कहा कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है .

### घटिया किस्म के बोल्डर का उपयोग

कहा गया कि विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से सड़क निर्माण में घटिया किस्म के बोल्डर का उपयोग किया जा रहा है. सड़क निर्माण की शिकायत बोकारो डीडीसी, विभाग के कार्यपालक अभियंता से लेकर वरीय अधिकारियों व विभागीय मंत्री से भी की गई है. वहीं विभागीय जेई ने भी सड़क निर्माण में अनियमितता की बात कही है. कनीय अभियंता समीर कुमार दास ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद निर्माण हो रहे सड़क की जांच की गई थी, जिसमें गड़बड़ी सामने आई है.

अपने क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों व वरिष्ठ नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की जिम्मेदारी नोडल पदाधिकारी की होगी

# जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता । हजारीबाग

लोकसभा चुनाव को लेकर पीडब्ल्यूडी कोषांग का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के मतदान केंद्रों पर पहुंचने के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से इन्दु प्रभा खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग सह नोडल पदाधिकारी, हजारीबाग की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभागीय बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं का एकदिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों/महिला पर्यवेक्षिकाओं को जानकारी दी गई कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रांची के निर्देशानुसार जिलान्तर्गत अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए सम्बन्धित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी एवं सम्बन्धित महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने-अपने सेक्टर के अन्तर्गत सभी मतदान केंद्रों के लिए सेक्टर नोड़ल पदाधिकारी नामित किया गया है. अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी नोडल



पदाधिकारी एवं सेक्टर नोडल पदाधिकारी की होगी. यदि ऐसे मतदाता किसी प्रकार मतदान से वंचित रहते हैं तो इसके लिए सम्बन्धित नोडल पदाधिकारी जवाबदेह होंगी.

प्रशिक्षण के दौरान निर्देश दिया गया कि नोडल पदाधिकारी एवं सेक्टर नोडल पदाधिकारी अपने अधीनस्थ बीएलओ को डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते हुए ऐसे मतदाताओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने के लिए निर्देशित करेंगी एवं स्वयं इसका अनुश्रवण करेंगी. ऐसे सभी मतदाताओं को 24 अप्रैल तक अभियान चलाकर मतदाता सूची में जोड़े जाने का निर्देश दिया गया. दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य रूप से मुहैया करायी जाने वाली सुविधाओं के सन्दर्भ में भी सभी उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी दी गई. जैसे मतदान के दिन प्रवेश द्वार से मतदान कक्ष तक साइनेज, बाधा रहित चौड़ा समतल मार्ग, भूतल पर मतदान केंद्र, रैम्प, ईवीएम पर ब्रेल, व्हील चेयर की सुविधा, परिवहन की सुविधा, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय की सुविधा, मतदान केंद्रों पर अलग कतार तथा मतदान के पूर्व अक्षम मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट सुविधा के विकल्प का लाभ दिये जाने के लिए फार्म-12डी उपलब्ध कराना, आदि की जानकारी दी गई. निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए तैयार किये गये सक्षम ऐप के विषय में बताया गया.

**लोकसभा चुनाव**

- मतदाताओं को चिन्हित कर मतदाता सूची में नाम जोड़ें
- दिव्यांगजनों को शौचालय की सुविधा भी दी जानी है

## लोकसभा चुनाव को लेकर एलआरडीसी ने की बैठक



संवाददाता । बरही

बरही प्रखंड सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अनुश्रवण को लेकर बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत ने किया. बैठक में अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के अलावा सभी पोलिटिकल पार्टी के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए. बैठक में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस बात को ध्यान में रखने की अपील की. एलआरडीसी अजय भगत ने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी. इसके अलावा उन्होंने बताया कि हर चीज के लिए ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध है. इसका लाभ वह ले सकते हैं.

### ब्रीफ खबरें

### पेड़ में फांसी लगाकर युवती ने दी अपनी जान

**चौपारण ।** प्रखंड के सिंघरावां पंचायत के नया सिंघरावां गांव के पास जंगल में युवती ने पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. गेहूं काट कर लौट रही लड़की की मां ने युवती को फांसी के फंदे से लटका देखा. मां ने फंदा काट कर उसे उतारा और गांव में जाकर शोर मचायी. मां ने ग्रामीणों को बुला कर घटना की जानकारी दी. मृतका की पहचान मनीता कुमारी 23 वर्ष पिता रामधनी यादव नया सिंघरावां के रूप में हुई है. उक्त घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दिया. सूचना पाते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया.

### कटकमसांडी पंचायत सचिवालय में चोरी

**कटकमसाडी ।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में चोरों के आतंक से लोग काफी परेशान हैं. पशुओं की चोरी, पंचायत सचिवालय में चोरी और विद्या के मंदिर में चोरी से चोरों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है. ताजा मामला कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर का है, जहां पंचायत भवन में चोरों ने चोरी का घटना का अंजाम दिया. घटना मंगलवार रात का बताया जा रहा है. पंचायत भवन में हुई चोरी की सूचना मिलने पर पंचायत के मुखिया पिंकी राणा, अशोक राणा, अर्जुन कुशवाहा और अशोक यादव ने घटना का जायजा लिया. पंचायत भवन में हुई चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई.

### जेपी पटेल से मिले विधायक प्रतिनिधि

**बरही ।** मांडू विधायक सह हजारीबाग लोकसभा इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल से बरही विधायक प्रतिनिधि सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छट्ठू गोप ने मुलाकात कर उन्हें आशीर्वाद दिया. इस दौरान छट्ठू गोप ने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी की इस बार हजारीबाग लोकसभा सीट प्रचंड बहुमत से अपने कब्जे में लेगी. हजारीबाग के माटी के लाल जय प्रकाश भाई पटेल इस बार इतिहास रचेंगे और कांग्रेस इंडिया महागठबंधन के खाते में हजारीबाग लोकसभा की सीट डालेंगे.

### डीटीओ ने बोल्डर लदा हाईवा पकड़ा

**डोमचांच ।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह मोड़ के समीप डीटीओ विजय सोनी ने वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान बिना चालान के बोल्डर लदे एक हाइवा को जब्त किया. इस दौरान चालक मौके पर से भागने में सफल रहा. डीटीओ विजय सोनी ने बताया की वाहन जांच के दौरान एक बोल्डर लदा हाइवा को जब्त किया गया है. चालक पुलिस को देख वाहन से कूद कर भागने में सफल रहा. आगे की कार्रवाई की जा रही है. जल्द ही चालक को भी पकड़ा जाएगा.

### बंद क्वार्टर से चोरों ने उड़ाये लाखों के जेवरात

**चंदवारा ।** तिलैया डैम ओपी अंतर्गत तिलैया डैम स्थित डीवीसी से सेवानिवृत शिक्षक बसंत पांडेय के बंद क्वार्टर नंबर एफ /बी से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली. इस संबंध में बसंत के साढू अंगलाल पांडेय के पुत्र शिव शंकर पांडेय ने तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की. तिलैया डैम ओपी में दिए गए आवेदन में शिव ने कहा है कि उनका मौसा 20 मार्च को अपने छोटे बेटे के यहां विशाखापट्टनम गए हैं. इस क्रम में वह अपना क्वार्टर बंद करके गए थे. सोमवार को बगल के ही शिक्षक अनिल के द्वारा शिव के पिता को जानकारी मिली.

प्रत्येक गांव में मनीष जायसवाल का पुष्पगुच्छ देकर हुआ स्वागत

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनीष ने किया तूफानी दौरा

संवाददाता । रामगढ़



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने बुधवार को हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत करीब 35 गांवों का सघन तुफानी दौरा किया. मनीष ने जनसंपर्क एवं जनसंवाद के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का आग्रह किया. सांसद प्रत्याशी ने अपने दौरे की शुरुआत बोंगाबार ग्राम से जनसंपर्क और समापन दिगवार में जनसंवाद के साथ किया.

मनीष ने इस दौरान रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के बोंगाबार नीमटोला, मंडाटांड़, बगाहदोहर, करमाली टोला, जोगियागढ़ा, अंबाटांड़, सांडी शिव नगर, मनमोहन नगर, धनहरा चौक, रामानगर चौक, नई सराय चौक, बिनझार, फुलसराय, मनुवा, हेसला, अरगड़ा बेंगा चौक, सुभाष नगर, चौहान मुहल्ला, अरगडा बाजार, रोलर चौक, सिरका दुर्गा मंडप चौक, सिरका टेकर स्टैंड, बड़काटांड़ सिरग, कउवा बेड़ा सिरग, चुना भट्ठा, जीएम ऑफिस मोड़, झोपड़ी मोहल्ला अरगड़ा, कुंवर सिंह चौक, रांची रोड़, पोचरा, दिगवार चौक, दिगवार, दिगवार पारटांड़ शुभम चौक, लुंगू, हेठ बीघा सहित अन्य जगहों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया.

इस दौरान हरेक गांवों में भाजपा के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत और सम्मान हुआ. अरगड़ा चौक से दर्जनों बाइक जत्थे और गाड़ियों के काफिले के साथ भाजपा और एनडीए गठबंधन में शामिल दल आजसू के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उत्साहित होकर उनका अभिनंदन किया. पूरे रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के लोगों ने एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से प्रचंड मतों से जीताकर मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया. जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान के दौरान उन्होंने कई मंदिरों में देवी-देवताओं के समक्ष माथा टेका और क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस दौरान एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा और आजसू के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम की गूंज के साथ भाजपा-आजसू का पट्टा और भगवा अंग वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत और सम्मान किया.

**भव्य स्वागत**

- 35 गांवों का भाजपा प्रत्याशी ने दौरा किया
- मनीष ने दौरे की शुरुआत बोंगाबार गांव से की

**एनडीए का साथ देकर नरेंद्र मोदी को पीएम बनाएं**

मनीष जायसवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आपको पीएम और सांसद चुनना है. आपके पास दो विकल्प हैं. एक तरफ गांधी परिवार के नेतृत्व में 26 दलों का इंडी महागठबंधन तो दूसरी तरफ भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन. विचार आपको करना है कि एनडीए गठबंधन का साथ देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है या नेता विहीन खिचड़ी ठगबंधन की सरकार बनानी है. मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अलग-अलग क्षेत्र की अलग-अलग समस्याएं हैं. लेकिन एक समस्या जो सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए कॉमन है वो है विस्थापन की समस्या. कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो विस्थापन के दर्द को संसद पटल पर पुरजोर तरीके से उठाऊंगा और खनन क्षेत्र में एक पॉलिसी बनाने की वकालत करूंगा.

## बंद पत्थर खदान से युवती का शव बरामद

संवाददाता । कोडरमा



नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाडीह मौजा स्थित बंद पड़े खदान से बुधवार को डोमचांच इंटर कॉलेज के 12वीं कक्षा के एक छात्रा का शव बरामद किया गया. मृतका की पहचान प्रति कुमारी उम्र लगभग 21 वर्ष पिता कन्हाय साव, ग्राम पुरनाडीह, प्रखंड डोमचांच निवासी के रूप मे हुई है. मृतका के पिता ने बताया कि मेरा पुत्री 27 मार्च दोपहर 12 बजे से लापता थी. जिसे लेकर काफी खोजबीन किया गया लेकिन नहीं मिली. फिर 28 मार्च को नवलशाही थाना मे गुमशुदगी को लेकर आवेदन देते हुए खोजबीन कर मदद की गुहार लगायी. उन्होंने बताया कि आज सुबह मृतका के पिता खदान तरफ गए थे तो देखे कि उनकी पुत्री का शव पड़ा है. जल्द ही वहां ग्रामीण जुट गए. इसकी सूचना नवलशाही पुलिस को दी गई. घटना स्थल पर नवलशाही थाना प्रभारी नितेश कुमार अपने पुलिस दल-बल के साथ पहुंचे. स्थानीय लोगों के मदद से पानी से शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया. बताया जाता है कि मृतका और उनके भाभी के बीच कुछ कहा सुनी हुई थी. उक्त खदान बीजू सिंह ग्राम मसनोडीह, थाना डोमचांच निवासी की बतायी जा रही है. मौके पर सीओ रविंद्र कुमार पाण्डेय व पुलिस जवान मौजूद थे.

### हज़ारीबाग जिला कोर्ट का आज स्थापना दिवस

**हज़ारीबाग ।** व्यवहार न्यायालय हज़ारीबाग के लिए और जिले के लिए आज का दिन काफी ऐतिहासिक है. यानी 4 अप्रैल 1949 को जिला कोर्ट की स्थापना की गई थी व कार्य शुरू किया गया था. बताते चलें कि वर्ष 1835 मे हज़ारीबाग कोर्ट की स्थापना की गई थी. उस वक्त सिर्फ हज़ारीबाग जिला अविभाजित था और सभी अविभाजित जिलों के लिए हजारीबाग में मुंसाफ कोर्ट की स्थापना की गई थी. जनसंख्या में वृद्धि और मामले में वृद्धि समय के अनुसार बढ़ता गया. जिसे देख वर्ष 1928 मे हज़ारीबाग में सर्किल कोर्ट की शुरुवात की गई. उस वक्त तक हज़ारीबाग जिले मे मुंसाफ और सर्किल कोर्ट हुआ करता था. 4 अप्रैल 1949 को हज़ारीबाग जिले के लिए काफी ऐतिहासिक दिन था. उस दिन हजारीबाग में जिला जज कोर्ट की स्थापना की गई थी.

## झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

संवाददाता । झुमरीतिलैया

रेलवे सुरक्षा बल को सूचना मिली कि बंसकटवा के पास जंगल में आग लगने से दो व्यक्ति झुलस गए हैं. जिसे ट्रेन नं०-13553 अप से भेजा जा रहा है. दोनों व्यक्ति इंजन से तीसरे जनरल डब्बा में हैं. ट्रेन में सफर कर रहे दोनों व्यक्ति को उचित इलाज कराये. सूचना के उपरांत उपरोक्त गाड़ी पहाड़पुर स्टेशन पर समय 13/35 बजे प्लेटफार्म नंबर- 4 पर जैसे ही आकर रूकी, पहाड़पुर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात बल सदस्य त्वरित कार्रवाई करते हुए उपरोक्त घायल दोनों व्यक्ति को उतार कर सदर अस्पताल फतेहपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया. जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर प्रमोद कुमार निराला दोनों घायल व्यक्तियों को उपचार कर एएनएमएम अस्पताल गया. रेफर किये घायल व्यक्ति से नाम व पता पूछा गया तो उनका नाम मोनू कुमार, गया, (बिहार) और सूरज कुमार, गया (बिहार) बताया गया.वे किसी भी परिवार का फोन नंबर नहीं बता पाए. रेलवे टिकट के विषय में बताया कि कोई वैध टिकट नहीं है. आग से जलने के विषय में पूछा गया तो दोनों बोले कि हम दोनों एक पुआल की झोपड़ी में बैठकर सिगरेट पी रहे थे. तभी अचानक हमलोगों का शरीर जलने लगा. जलन से पूरा शरीर लहर रहा है. हम ज्यादा कुछ नहीं बता सकते हैं. बाद में डॉक्टर के आदेशानुसार दोनों घायल व्यक्ति को एंबुलेंस के द्वारा उचित इलाज के लिए गया भेज दिया गया.

## दो शराब तस्कर हुए गिरफ्तार

संवाददाता । चौपारण



चौपारण पुलिस ने मंगलवार रात शराब की तस्करी करते हुए दो तस्करों को पकड़ा. उसके पास से भारी मात्रा मे अवैध विदेशी शराब जब्त किया गया. साथ ही दो लग्जरी वाहन भी जब्त किये गये. इस संबंध मे थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि रात में पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चौपारण बॉर्डर क्षेत्र से स्कॉरपियो और क्वीड कार में अवैध रुप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोडकर चौपारण क्षेत्र के भगहर होते हुए तस्करी के लिए बिहार ले जाने की तैयारी है.

इसके बाद छापेमारी टीम गठित की गयी. भगहर जाने वाले सड़क पर ग्राम कम्बा के पास वाहन चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया. वाहन चेकिंग के दौरान स्कारपियोएवं क्वीड कार में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में शराब जब्त की गयी. स्कॉर्पियो के अंदर 63 पेटी शराब जबकि कार से 28 पेटी अंग्रेजी शराब मिली. कुल 91 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गयी. शराब तस्करी में शामिल दो शराब तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गये शराब तस्कर के नाम अब्दुल वहाब और अरुण कुमार सिंह हैं. दोनों हजारीबाग जिले के हैं. पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया. इधर चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह के कार्यों से बसरिया मुखिया मंजू देवी काफी खुश हैं. पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि चौपारण को एक युवा थाना प्रभारी मिला है, जो चौपारण में धमाल मचा दिया है. मंजू देवी ने थाना प्रभारी की प्रशंसा करते कहा कि वो लगातार अवैध कारोबार करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं. दीपक की क्षेत्र में चौक चौराहों पर खूब चर्चा हो रही है. ज्ञात हो दीपक के आये हुए कुछ महीने हुए हैं. वे लगातार अवैध धंधों को समाप्त करने के प्रयास कर रहे हैं. छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी पुअनि सह थाना प्रभारी चौपारण दीपक कुमार सिंह, पुअनि बिन्देश्वर महतो, पुअनि निलेश रंजन और चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### सीबीआई ने दो लोगों को घूस लेते किया गिरफ्तार

**चतरा ।** आम्रपाली कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिस से सीबीआई ने दो लोगों को घूस लेते गिरफ्तार किया. बुधवार को रांची सीबीआई की एसीबी टीम ने यह कार्रवाई की. सीबीआई की टीम दोनों को गिरफ्तारी के बाद अपने साथ रांची ले गई. बताया जा रहा है कि परियोजना क्षेत्र में कोयला डिस्पैच करने के नाम पर कोयला कारोबारी से घूस की मांग की गई थी. इसे लेकर सीबीआई की एसीबी ब्रांच से इसकी शिकायत की गई थी. तब इस पर कार्रवाई हुई. इससे पहले सीबीआई की टीम ने बीते 19 मार्च को चतरा के टंडवा प्रखंड में संचालित सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना में भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की थी. सीबीआई टीम ने आम्रपाली के परियोजना कार्यालय में पदस्थापित सिविल पर्यवेक्षक रामभज्जू कुमार और उसके सहयोगी अशोक राम को पच्चीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था.

## जेपी को उम्मीदवार बनाना सराहनीय

संवाददाता । हजारीबाग



डेमोटांड़ स्थित पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के आवास त्रृषभ वाटिका में बुधवार को इंडिया गठबंधन ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया. मौके पर यशवंत सिन्हा ने कहा कि अपने जीवन के 40 साल हजारीबाग में बिताया. उनका एकमात्र उद्देश्य रहा है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र तरक्की करे. उन्होंने कहा कि मुझे अफसोस है कि यह सोच उनके लिए महत्वपूर्ण नही है. यहां के संसाधन का दुरुपयोग कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं. लेकिन इससे काफी तकलीफ होती है. राजनीति का एकमात्र उद्देश्य है कि जनता को कैसे उन्हें सुविधा उपलब्ध कराते हुए तरक्की कराया जाय. लेकिन वर्तमान में हजारीबाग को लेकर चिन्तित हूं.

हजारीबाग़ लोकसभा मे जो 10 वर्षों का दृश्य देखा वह दृश्य लोकसभा क्षेत्र मे देखने को ना मिले. इंडिया गठबंधन ने एक जमीन से जुडे मांडू विधायक जेपी पटेल को लोकसभा उम्मीदवार बनाकर भेजा है. यह सराहनीय कदम है. यशवंत सिन्हा ने कहा कि मेरी जितनी ताकत बची है उसे जेपी पटेल को जिताने मे लगाउंगा. उन्होंने अपने पुराने साथियों से आगे आने की अपील करते हुए जेपी पटेल को जिताने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि देश में कई मुद्दे हैं लेकिन आज कोई बोलना नहीं चाहता. लेकिन यह कहना चाहता हूं कि जब हजारीबाग सुरक्षित होगा तभी देश बचेगा. पूर्व मंत्री ने कहा कि जो आततायी यहां के संसाधनों को कब्जा करना चाहते हैं उसे हमें रोकना होगा. यहां के संसाधनों पर जनता का हक रहेगा ना कि किसी विशेष व्यक्ति व परिवार का रहेगा. पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि केन्द्र के कई नेताओं ने कंबल ओढ़कर घी पीने का काम किया है. लोकसभा चुनाव के बाद अगर केन्द्र में सरकार बदली तो कौन-कौन जेल जायेगा उसकी कल्पना नहीं की जा सकती. भाजपा पर निशाना साधते हुए यशवंत सिन्हा ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव मे 65 पार का नारा दिया जिसमें मात्र 25 सीट प्राप्त हुआ था. इस बार 400 पार का नारा दे रहे हैं तो प्रतिशत के अनुसार 150 सीट के आसपास आयेगा जो बिल्कुल सच होनेवाला है.

**बरही**

जुलूस को लेकर अनुमंडल पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी

# मंगला जुलूस से हुआ रामनवमी पर्व का आगाज

संवाददाता । बरही



रामनवमी के पहले मंगला जुलूस बरही में राम भक्तों का उत्साह अंतिम चरण पर रहा. पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में अखाड़ों ने शांतिपूर्वक जुलूस निकालकर रामनवमी का आगाज किया. बरही के चारों अखाड़ा समिति के रामभक्त सहित क्लब के सैकड़ों लोग संध्या छह बजे जुलूस में शामिल हुए. रात करीब ग्यारह बजे शहर में जुलूस का समापन हुआ. जुलूस को लेकर अनुमंडल पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी. आगामी तीन जुलूसों के लिए जहां एसडीएम ने मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की. जुलूस के दौरान उत्साही राम भक्त भी पूरे अनुशासन में रहे. कहीं भी पुलिस को मशक्कत नहीं करना पड़ा. भगवा झंडा के साथ निकला जुलूस शहर के बरही के चारो सड़कों से होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची और पुनः निर्धारित मार्ग से वापस लौट गई.

राम के दीवाने, हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है आदि कई गानों पर राम भक्तों ने जमकर लाठी धूना और करतब दिखाया. भगवा पगड़ी बांधे विभिन्न क्लब के युवा करतब दिखाकर अपनी क्षमता प्रदर्शित करते दिखाई दिए. मंगला जुलूस में रामभक्तों के उत्साह के साथ पुलिस प्रशासन का चाक चौकस हर जगह देखने को मिला. बरही चौक एवं उसके आसपास सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार खुद मोर्चा संभाले हुए थे. बरही चौक व धनबाद रोड में बतौर दंडाधिकारी जेई सुनील कुमार मौजूद थे. उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, राजेन्द्र स्वर्णकार भी मौजूद थे. वहीं बरही प्रखंड मुख्यालय के पांचों अखाड़ा से मंगला जुलूस निकाला गया. जिसमें भगवती मंदिर, महावीर मंडल, अंजनी अखाड़ा, हनुमान सेना बरहीडीह, श्रीराम अखाड़ा बाराटांड़ शामिल है. गया रोड में एक बच्ची की मौत के शोक में बजरंग अखाड़ा मल्लाह टोली ने मंगला जुलूस नहीं निकाला.

**निकाला जुलूस**

- पुलिस सुरक्षा में शांतिपूर्वक जुलूस निकाला
- रात करीब ग्यारह बजे शहर में जुलूस का समापन हुआ

## टाटीझरिया में शिव मंदिर परिसर का हुआ शुद्धिकरण



संवाददाता । टाटीझरिया

कुछ दिन पूर्व बौधा शिवालय परिसर में अवांछित पदार्थ मिलने से सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था. क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने वहां लगातार बैठक कर स्थिति को सामान्य बनाया था. बैठक में ही निश्चित किया गया था कि मंदिर परिसर में पूजा-अनुष्ठान कर मंदिर का शुद्धिकरण किया जाएगा. बौधा के ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर चौपहला कीर्तन किया और मंदिर को पवित्र किया. आचार्य के रूप जगदीश पांडेय और यजमान के रूप में सुरेन्द्र प्रसाद थे. ग्रामीणों के सहयोग से पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया. पूजा और अनुष्ठान में सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय बहुत ही उत्तम है. लाभ का मौका मिलेगा. पिता से लाभ होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. निवेश शुभ रहेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. विवाह के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे. संतान की चिंता रहेगी. शनि को बल दें.

**वृषभ** धर्म में मन लगेगा. निवेश शुभ रहेगा. शुभ समाचार मिलेंगे. विवाद न करें. किसी की जमानत देने का जोखिम न लें. भविष्य की चिंता रहेगी. कोई बाधा उत्पन्न होगी और स्वतः समाप्त भी हो जाएगा. मंदिर में सेवा के लिए झाड़ू का दान करें.

**मिथुन** किसी से मज़ाक करने के पहले विचार कर लें. किसी से विवाद होगा, पर मिजाज खुशनुमा रहेगा. बेरोजगारी दूर होगी. विरोधी परास्त होंगे. जीवन आध्यात्म की तरफ मुड सकता है. बोलने से पहले विचार करें.

**कर्क** कार्य का लाभ मिलेगा. कोई बड़ा कार्य होगा. कर्म और व्यापार से लाभ होगा. समय रहते अपने कार्यों का विभाजन कर लें. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. विवाद से बचते हुए फालतू खर्च से बचें. माता दुर्गा का पूजन करें.

**सिंह** रुका हुआ धन मिलने की संभावना के बीच यात्रा से लाभ होगा. अपनी आदतों को बदलें और प्रयास करें कि जो भी फैसला लें, उस पर कायम रहें. निर्णय से पहले विचार करें. सन्तान से मतभेद होगा. चीनी और सत्तू का दान करें.

**कन्या** आपके कार्य और व्यवसाय में नई योजना लागू होगी. कार्यस्थल में बदलाव संभव है. हो सकता है तो अनाज तिलहन के निवेश, नौकरी व यात्रा से लाभ होगा. अपनों से मन की बात कहने का अवसर मिलेगा. फल का दान करें.

**तुला** सोचे कार्य समय पर होने से मन प्रफुल्लित रहेगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. नौकरी में भागदौड़ रहेगी. घर-परिवार में चल रहे विवादों के कारण चिंतित रहेंगे. किसी से कहासुनी हो सकती है. दूध का दान करें.

**वृश्चिक** भाई बहन का सुख बढ़ेगा. पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. नया वाहन, मशीनरी पर धन खर्च होगा. पारिवारिक कार्यक्रमोंमें भागदौड़ अधिक होगी. जीवनसाथी की चिंता रहेगी. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** पिता के धन का लाभ मिलेगा. नेत्र रोग से बचना चाहिए. आपके या परिवार में परिणय कार्य की रुकावटें दूर होंगी. संतान सुख मिलेगा. अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा. किसी की सुनी सुनाई बातों से दूर रहें.

**मकर** प्रयास करने से रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे. निवेश शुभ रहेगा. दिनचर्या व्यस्त रहेगी. संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. पेट सम्बंधित रोग सम्भव है. प्रियजन को मन की बात बताने का अवसर मिलेगा. फल का दान करें.

**कुंभ** ख़र्च पर नियंत्रण आवश्यक है. आपके परिवार या दिखावा में खर्च अधिक होगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. यात्रा मनोनुकूल रहेंगी. परिवार में बुजुर्गो का साथ मिलेगा. अन्न दान करें.

**मीन** आय के लिए दिन अच्छा है. दिल के बदले दिमाग का प्रयोग करें. नौकरी में परिश्रम अधिक होगा. कार्यस्थल पर विवाद से बचें. चोरी आदि से हानि हो सकती है. सावधानी बरतें. आलस का त्याग करें. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

## पूर्व डीआरएम नीरज कुमार ने रांची सिविल कोर्ट में कर दिया सरेंडर



**रांची।** रांची रेलवे हटिया मंडल के पूर्व डीआरएम नीरज कुमार ने बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर किया. उन्होंने एसीजेएम (एडिशनल चीफ ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट) की कोर्ट में सरेंडर करने के बाद 1000 रुपये का जुर्माना भरा. कोर्ट में जुर्माना भरने के बाद उनका केस निष्पादित हो गया. दरअसल नीरज कुमार पर कॉन्ट्रैक्ट लेबर एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था, जो मजदूरों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने से जुड़ा था. इसके बाद कोर्ट से उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था, जिससे उनके ऊपर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी.

## सचिवालय घेराव केस में भाजपा नेताओं को हाईकोर्ट से मिली राहत



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बीरची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है. अदालत ने उक्त सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है. दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाने में केस दर्ज किया गया है. आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं.

# महिला पुलिसकर्मियों को 730 दिन का मिलेगा मातृत्व अवकाश

**पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी**
**निशक्त बच्चों के मामलों में उम्र सीमा लागू नहीं**



**730** → दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है

**18** → वर्ष शिशु देखभाल अवकाश से कम आयु के केवल दो संतानों के लिए अनुमान्य होगा.

**रांची।** महिला पुलिसकर्मियों को अपनी पूरी नौकरी के दौरान 730 दिन का मातृत्व अवकाश मिलेगा. इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश के मुताबिक, 18 वर्ष से कम आयु की संतान वाली महिला पुलिसकर्मी को उनकी समस्त सेवा अवधि के दौरान केवल दो संतान तक, उनकी परीक्षा, बीमारी की हालत में पालन पोषण या देखभाल करने के लिए 730 दिन की छुट्टी स्वीकृत करने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा दी जा सकेगी.

### शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जाएगी

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र के मुताबिक, शिशु देखभाल अवकाश अर्जित अवकाश के समान मानी जाएगी और उसी प्रकार से मंजूर की जाएगी. पुरुष अभिभावक जैसे अविवाहित विधुर या तलाकशुदा के लिए यह सुविधा नहीं होगी. शिशु देखभाल अवकाश का अधिकार पूर्वक दावा नहीं किया जायेगा. किसी भी परिस्थिति में मंजूर करने वाले प्राधिकारी की अनुमति और उचित मंजूरी के बिना कोई कर्मचारी इस छुट्टी पर नहीं जा सकता है.

### शिशु देखभाल अवकाश के साथ अन्य देय छुट्टी मंजूर की जा सकेगी

शिशु देखभाल अवकाश 18 वर्ष से कम आयु के केवल दो संतानों के लिए अनुमान्य होगा. यह अवकाश कैलेंडर वर्ष के दौरान तीन बार से अधिक मंजूर नहीं की जाएगी, जो प्रत्येक बार 15 दिन से कम के लिए मंजूर नहीं की जाएगी. इस छुट्टी के दौरान पड़ने वाले शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियां भी शिशु देखभाल अवकाश में शामिल की जाएगी. शिशु देखभाल अवकाश के साथ कोई भी अन्य देय छुट्टी मंजूर की जा सकेगी.

**शुभम संदेश व लगातार.इन की पहल : क्या कहते हैं फर्स्ट टाइम वोटर**

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए करेंगे मतदान

झारखंड में 22,33,738 युवा पहली बार वोट करेंगे. वोटर्स में 10,93,718 पुरुष व 11,39,960 महिला शामिल हैं. 60 ट्रांसजेंडर भी हैं. चुनाव में 14 लोकसभा क्षेत्रों में आपकी बड़ी भूमिका है. आप भाग्य विधाता की बड़ी भूमिका में होंगे. आप क्या सोचते हैं?






**राजेश कुमार रोशन :** आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन विपक्षी गठबंधन से आगे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है. पूरी दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है. देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गई है. प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित बनाने की दिशा में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. ऐसे में फर्स्ट टाइम वोटरों को नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए.




**निर्देश कुमार पांडेय :** देखिए जहां तक जनता के हितों की बात है तो कोई भी सरकार मजबूती से कार्य नहीं कर पाई है. चाहे वह बीजेपी हो, या कांग्रेस हो, या क्षेत्रीय दल. सवाल सबसे बड़ा यह है कि कोई भी नेता मध्यमवर्गीय नहीं है. सब अमीर होते जा रहे हैं और जनता की स्थिति वैसी की वैसी ही है. आखिर जब पैसे की कमी है तो नेता लोग इतने अमीर क्यों? रही बात मेरे लोकसभा क्षेत्र में तो हिंदुत्व के कारण बीजेपी को वोट पड़ जाए लेकिन इसके अलावा अन्नपूर्णा देवी में कोई और गुण है ही नहीं. सबसे बेकार सांसद हैं.



**उमेश सिंह समाजसेवी पंचायत मकरी :** आगामी लोकसभा चुनाव में शिक्षा एक बड़ी चुनौती है. हमारे क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय और मध्य विद्यालय का हाल बहुत खराब है. आने वाली सरकार को इस विषय पर विशेष ध्यान देना होगा. इसके अलावा बेरोजगारी और महंगाई की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है. नई सरकार को युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए काम करना होगा. इसके साथ ही महंगाई पर अंकुश लगाकर गृहणियों को राहत पहुंचाने का काम करना होगा. सामाजिक सौहार्द बनाना होगा.



**राज किशोर राम :** आगामी सरकार को लोगों को रोजगार देने के लिए ठोस नीति बनानी होगी. रेल कनेक्टिविटी पर ध्यान देना होगा. फर्स्ट टाइम वोटरों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल सोच समझ कर करना चाहिए. शिक्षा और रोजगार पर काम करने वाली सरकार को चुनना होगा. सामाजिक सौहार्द कायम करने वाली सरकार समय की मांग है. विभाजन की राजनीति करने पार्टियों और नेताओं से सवाल पूछने होंगे. अपने हितों की पूर्ति के लिए युवाओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए.



**प्रेम कुमार :** रांची रिम्स में अव्यवस्था का बोलबाला है. विधि व्यवस्था और इलाज में भारी लापरवाही बरती जा रही है. इसको लेकर किसी तरह की पहल नहीं की जा रही है. जिम्मेदार अधिकारियों का सिर्फ पैसे पर ध्यान है. उचित व्यवस्था के अभाव में मरीज मर रहे हैं. विडंबना है कि आए दिन घटना होती रहती है, लेकिन जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं. मरीज को बेड नहीं मिलती. डॉक्टर और दवा भी उपलब्ध भी नहीं होती. इसी तरह रांची नगर निगम में भी भ्रष्टाचार फैला हुआ है. कोई काम सही से नहीं हो रहा है.




**शशि रंजन :** लोकसभा चुनाव के लिए हम पहली बार वोट करंगे। आजकल की राजनीति में आज़ादी और लोकतंत्र की महता को लेकर चर्चा हो रही है. आगामी लोकसभा चुनाव में, यह मुद्दा हम सब युवाओं के लिए महत्वपूर्ण होना चाहिए. देश में बढ़ती तानाशाही के बीच, नागरिकों की आजादी और मौलिक अधिकारों की सुरक्षा, मीडिया की खरीदारी, और अन्य प्रयासों के चलते, नागरिकों का आत्मविश्वास और आजादी के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है. उसे इस बार लोकसभा चुनाव में में यह अहम मुद्दा रहेगा.

**पानी के अत्यधिक दोहन पर लगे लगाम : शिवम राज**



कुछ वर्ष पहले धरती का जल स्तर सामान्य हुआ करता था, लेकिन अधिक दोहन से जल स्तर में अब तेजी से गिरावट आ रही है. पानी के अत्यधिक दोहन और बर्बादी पर लगाम लगनी चाहिए ताकि भविष्य में जल संकट जैसी स्थिति उत्पन्न होने से रोका जा सके. आगामी सरकार को इस दिशा में ठोस नीति बनाने के साथ ही उसके क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना होगा. लोकसभा चुनाव में इस मुद्दे को लेकर युवा वोटरों को मुखर होकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए.

**गांव में हो हाईटेक चिकित्सकीय सुविधा : आलोक राज तिग्गा**



गंभीर रोगों के इलाज के लिए गांवों में भी हाईटेक चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि गांव के लोगों को इलाज के लिए बड़े–बड़े शहरों के चक्कर न काटना पड़े. इससे लोगों का समय और धन दोनों खर्च होता है. आगामी लोकसभा चुनाव में इस मुद्दे पर मतदान होना चाहिए. इसके साथ ही फर्स्ट टाइम मतदाताओं को इसके साथ ही बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते हुए अपनी पसंद की सरकार चुननी चाहिए.

**पेपर तैयार करने वाली एजेंसी पर हो सख्ती : करूणा करन**



आने वाली सरकार से अपेक्षा है कि वह समय पर व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कड़ा कानून बनाएगी. इसके साथ ही नई सरकार चुनने समय युवा मतदाता यह उम्मीद भी रखेंगे कि परीक्षा का पेपर तैयार करने वाली एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. परीक्षा पेपर लीक का सबसे बड़ा कारण एजेंसी स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार है. बिचौलियों के साथ मिलीभगत कर कर्मचारी पेपर लीक करते हैं. परीक्षा एजेंसियों के लिए सख्त नियम लागू होने चाहिए.

**सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ हो न्याय : अनिकेत कच्छप**



किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के परिणामों में सामान्य वर्ग के छात्रों का कट ऑफ बहुत अधिक होता है. इसके अलावा परीक्षा शुल्क भी अन्य वर्ग के छात्रों की तुलना में अधिक ली जाती है. इसमें बदलाव कर सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ न्याय होनी चाहिए. आगामी सरकार से इस दिशा में कदम उठाने की अपेक्षा रहेगी. इसके साथ ही पेपर लीक की समस्या पर रोक लगाने की भी आवश्यकता है. इन मुद्दों पर लोकसभा चुनाव में युवा वोटरों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए.

## हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें: पदाधिकारी

संवाददाता। गढ़वा

झारखंड राज्य आजीविका मिशन की दीदियों एवं एसएचजी की महिलाओं ने बुधवार को रमना प्रखंड में कार्यशाला का आयोजन किया. इसका आयोजन स्वीप के तहत मतददाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया. साथ ही भगत सिंह चौक से रैली भी निकाली गई. आमजनों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं इवीएम वीवीपैट के संबंध में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी एवं रैली जैसे कार्यक्रमों को आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया. ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. बारी-बारी कर उक्त विषयों पर चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया. डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई. बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है. मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है. इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें. स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए. हर एक वोट कीमती है. इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें. अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें. अमीर हो या गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है. हर एक वोट कीमती है. इसे व्यर्थ न जाने दें. इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखा गया. उनसे अपील किया कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने. किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें. अपनी मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें. इस दौरान सी-विजिल एप, सक्षम एप और वोटर हेल्पिंग एप की भी जानकारी दी गई. बताया गया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं. साथ ही किसी भी प्रकार के सुधार या सहायता के लिए भी इस एप का इस्तेमाल कर सकते हैं.

सी-विजिल एप के माध्यम से आप चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं. सी-विजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव के दौरान किये जा रहे गड़बड़ी/धांधली आदि की शिकायत सरल तरीके से की जा सकती है. जिसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता भी भंग नहीं होती एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है. सरकारी सेवक जो मतदान कार्य मे संलग्न हैं.

## पंजाब फोक आर्केस्ट्रा में लातेहार के आयुष ने जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता। लातेहार

सदर प्रखंड के होटवाग ग्राम निवासी ध्रुव कुमार पांडेय के पुत्र आयुष कुमार पांडेय ने पंजाब फोक आरकेस्ट्रा को प्रतिनिधित्व कर प्रथम पुरूस्कार प्राप्त किया है. पंजाब के पीएयू (पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी) में एक कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च से एक अप्रैल तक किया गया था. इसमें लातेहार के आयुष कुमार पांडेय ने अपनी टीम के साथ भाग लिया था. आयुष कुमार ने बताया कि एआईयू (एसोसिएशन का ऑल इंडियन यूनिवर्सिटी ) में म्यूजिक कैटेगरी के फॉक आर्केस्ट्रा में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के तरफ से फोक आर्केस्ट्रा में बांसुरी और बीन बजा कर पंजाब फोक आरकेस्ट्रा को रिप्रेजेंट किया और प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. उन्होंने बताया कि करीब 130 यूनिवर्सिटी ने पूरे देश से इस 37वां इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भाग लिया था. जिसमें आयुष और उनके टीम ने स्वर्ण पदक जीता.



## छात्र विद्युत महतो हुए सम्मानित

राजेश चौबे। घाटशिला

घाटशिला कॉलेज के छात्र विद्युत महतो को प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने अपने प्राचार्य कक्ष में बुधवार को आमंत्रित कर सम्मानित किया. प्राचार्य ने बताया कि विद्युत महतो आईआईटी जैम 2024 की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 103 लाकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है. साथ ही उन्होंने बताया कि महतो इस महाविद्यालय से वर्ष 2018 में 71 प्रतिशत अंकों के साथ आईएससी परीक्षा तथा वर्ष 2023 में 76 प्रतिशत अंकों के साथ भौतिक विज्ञान प्रतिष्ठा के साथ बीएससी उत्तीर्ण किये था. इस मौके पर छात्र विद्युत महतो ने बताया कि अब वे अपना नामांकन आईआईटी, मुंबई में पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड पीएचडी कोर्स में लेंगे. चाकुलिया के सिमदी गांव के निवासी महतो के पिता ऋषिकेश महतो मजदूर सुपरवाइजर हैं. इस मौके पर डॉ एसके सिंह, डॉ डीसी राम, प्रो. इंदल पासवान, डॉ. संदीप चंद्र, प्रो. महेश्वर प्रमाणिक, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. संजेश तिवारी, प्रो. अर्चना सुरीन, डा. कुमार विशाल, प्रो विकास मुंडा, प्रो. राम विनय श्याम, प्रो. सोमा सिंह, डॉ कन्हाई बारिक, मल्लिका शर्मा, प्रधान सहायक हीरालाल शीट, प्रसेनजीत मंडल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## धनबाद में सिविल कोर्ट के बिजली पोल में लगी आग

संवाददाता। धनबाद


पटना सिविल कोर्ट अग्निकांड की पुनरावृत्ति बुधवार को धनबाद सिविल कोर्ट में होते-होते बच गई. जेल गेट स्थित सिविल कोर्ट के ब्लॉक चार में शाम करीब चार बजे बिजली के पोल में लगे डीपी बॉक्स में आग लग गई. डीपी बॉक्स धू-धू कर जलने लगा. आग की लपटें इतनी तेज थी कि पोल में लगे केबल के प्लास्टिक को चपेट में ले लिया लिया. ब्लॉक चार की सभी अदालतों में धुआं भर गया. मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया. इससे तरह बड़ी घटना होने से बच गई. पोल में आग लगने की सूचना मिलते ही नजारत में मौजूद कोर्ट के कर्मी पोर्टेबल अग्निरोधी यंत्र लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े. कोर्ट में तैनात अग्निशमन टीम तुरंत मौके पर पहुंची और अग्निरोधी यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया.

CLASSIFIED










**अपराध** साइबर अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने में मददगार साबित हो रहा है प्रतिबिंब ऐप

# झारखंड के 16 जिलों में 899 साइबर अपराधी किए गए गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के 16 जिलों की पुलिस ने मिल कर प्रतिबिंब ऐप के सहारे कुल 899 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी 20 नवंबर 2023 से लेकर दो अप्रैल 2024 के बीच हुई है. गिरफ्तार साइबर अपराधियों के खिलाफ कुल 185 केस दर्ज किए गए. वहीं इनके पास से 2934 सिम कार्ड भी बरामद किए गए हैं. साइबर अपराधी ठगी के लिए इन सिम कार्डों का इस्तेमाल करते थे.

इसके अलावा गिरफ्तार अपराधियों के पास से 1955 मोबाइल बरामद किए गए हैं. इन मोबाइलों का उपयोग भी ठगी के लिए फोन करने में किया जाता था. जानकारी के मुताबिक, सबसे अधिक 430 साइबर अपराधी देवघर जिले से गिरफ्तार किए गए हैं. वहीं, गिरिडीह जिला दूसरे नंबर पर है. गिरिडीह पुलिस ने कुल 179 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. तीसरे स्थान पर रहे जामताड़ा जिले की पुलिस ने कुल 120 साइबर अपराधियों को दबोचने में सफलता पायी है.



### क्या है प्रतिबिंब ऐप

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने साइबर अपराधियों को ट्रैक करने के लिए प्रतिबिंब ऐप तैयार कराया था. इसके जरिये ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर के आधार पर साइबर अपराधियों की ट्रैकिंग की जाती है. यह सुविधा सीआईडी द्वारा सभी जिलों की पुलिस को प्रदान किया गया है. सीआईडी मोबाइल नंबर को ट्रैक कर साइबर अपराधियों के बारे में संबंधित जिला की पुलिस को जानकारी देती है. इसके बाद जिला पुलिस छापेमारी कर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करती है. सीआईडी मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार, झारखंड पुलिस के इस प्रयास से न सिर्फ साइबर अपराधी पकड़े जा रहे हैं, बल्कि साइबर फ्रॉड को लेकर दूसरे राज्य जैसे बंगाल, बिहार, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में दर्ज साइबर ठगी के कांडों का का भी खुलासा हो रहा है.

### किस जिले से कितने साइबर अपराधी गिरफ्तार

| जिला | सक्रिय सिम | गिरफ्तारी |
|---|---|---|
| देवघर | 10000 | 430 |
| जामताड़ा | 3016 | 120 |
| दुमका | 1915 | 14 |
| धनबाद | 691 | 23 |
| गिरिडीह | 557 | 179 |
| रांची | 556 | 06 |
| बोकारो | 166 | 20 |
| गोड्डा | 85 | 11 |
| पाकुड़ | 29 | 05 |
| हजारीबाग | 254 | 47 |
| कोडरमा | 60 | 21 |
| रामगढ़ | 40 | 00 |
| चतरा | 22 | 07 |
| जमशेदपुर | 155 | 11 |
| गढ़वा | 30 | 01 |
| लातेहार | 17 | 04 |

## अग्निपरीक्षा का समय

पहले कांग्रेस को टैक्स राहत, फिर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को जमानत और रामदेव को सख्त फटकार के साथ माफी नाकबूल. सर्वोच्च अदालत के इन फैसलों से क्या पारदर्शी चुनाव की प्रक्रिया की दिशा प्रशस्त हो गयी है? यह बड़ा सवाल है, जिसका जवाब जरूरी है. अभी भी देश की दो चुनी हुई सरकारों के मुख्यमंत्री जेल में हैं. इनमें एक ने इस्तीफा दे दिया है, लेकिन दूसरे ने नहीं. सर्वोच्च अदालत ने संजय सिंह की जमानत की सुनवाई करते हुए जिस तरह के सवाल और टिप्पणी ईडी से की है, उसके गहरे निहितार्थ हैं. इसी के साथ सरकारी एजेंसियों और चुनाव आयोग को ले कर विपक्षी दलों के संजीदा सवाल भी हैं. सर्वोच्च अदालत के इन तीनों फैसलों ने विपक्ष के आरोप को एक तरह से धार ही प्रदान किया है. भाजपा भ्रष्टाचार को मुद्दा बना रही है, लेकिन इलेक्टोरल बॉण्ड्स के मामले पर उसकी चुप्पी बनी हुई है. इलेक्टोरल बॉण्ड्स मामले में न केवल चुनावों में सभी दलों के लिए समतल जमीन की अवधारणा प्रभावित हुई है, बल्कि एजेंसियों की भूमिका को ले कर भी गहरे सवाल उठे हैं. बेहतर होता कि देश में चुनाव जरूरी मुद्दों पर केंद्रित होता. लेकिन भ्रष्टाचार एक ऐसा सवाल है, जिसमें दूसरे की कमीज पर दाग और अपनी कमीज को बेदाग बताने की प्रवृत्ति ने राजनीतिक दलों की साख को प्रभावित किया है. इस प्रवृत्ति ने इतना तो जाहिर कर ही दिया है कि राजनीतिक दलों के पास विपक्षियों पर प्रहार करने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग होता है, उसमें ज्यादातर शब्द अपनी मानी खो चुके हैं. यानी शब्दों और राजनीतिक मुहावरों के फर्जीपन के आरोप से बचना किसी भी राजनीतिक समूह के लिए असान नहीं है. किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि राष्ट्रीय चुनावों में विपक्षी दलों को मुकाबले में चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ कितने समान अवसर मिलते हैं. निश्चित रूप से ऐसे मामलों में निष्पक्ष रूप से निर्णय लेने में न्यायपालिका की भूमिका कानून के शासन को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो जाती है. आरोप-प्रत्यारोप वाले राजनीतिक परिदृश्य में इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ रैली' लोकतांत्रिक संस्थानों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को देश के जनमानस के सामने रखती है. इन चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों ने चुनाव आयोग से मांग की है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकारी एजेंसियों की कार्रवाई पर रोक लगे. वहीं विपक्ष की मांग है कि कथित चुनावी कदाचार की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जाए. यानी चुनाव प्रक्रिया के दौरान संस्थागत निष्पक्षता से ही लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी. निश्चित रूप से देश के लोकतांत्रिक ढांचे में जनता का भरोसा तभी कायम रह पाएगा, जब चुनावी प्रक्रिया में राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे. चुनावी प्रक्रिया में अनुचित प्रभाव डालने का कोई प्रयास व किसी भी तरह की ऊंच-नीच की कोई धारणा लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर ही करती है.

> बेहतर होता कि देश में चुनाव जरूरी मुद्दों पर केंद्रित होता. लेकिन भ्रष्टाचार एक ऐसा सवाल है, जिसमें दूसरे की कमीज पर दाग और अपनी कमीज को बेदाग बताने की प्रवृत्ति ने राजनीतिक दलों की साख को प्रभावित किया है.

### सुभाषित

**आहारनिद्राभयमैथुनं च**
**सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम्।**
**धर्मो हि तेषामधिको विशेषो**
**धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः।।**

भोजन,निद्रा,डर और वासना, पशु और आदमी दोनों में सामान्य है. आदमी का विशेष गुण धर्म है; धर्म के बिना वह एक पशु के समान है. वह धर्म ही है, जो मनुष्य को पशुओं से अलग करता है.

# क्या चुनाव को लेकर उदासीन है मध्यवर्ग

**हमारा लोकतंत्र बहुत पुराना नहीं है. आज़ादी के पचहत्तर साल पूरे हुए हैं और बालिग मतदान पर प्रथम चुनाव के उससे भी कम. आज़ादी के बाद राष्ट्र निर्माण के दौर में राष्ट्रीय आंदोलन के वैचारिक मूल्य हमारी राजनीति के केन्द्रक थे. समानता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता आदि के सवाल पर कोई बहस नहीं थी. दक्षिणपंथी राजनीतिक सोच के जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी वाले भी इन मूल्यों पर यकीन करते थे.**



• देश-काल



प्रेमकुमार मणि

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय मध्यवर्ग इस बार जितना उदासीन है, इसके पूर्व के चुनावों में कभी नहीं था. 2019 में भी थोड़ा जोश दीखता था, लेकिन इस बार उतना भी नहीं है. उदासीनता के कारण तत्व छुपे नहीं हैं. लोग मान कर चल रहे हैं कि बड़े बदलाव की कोई उम्मीद नहीं है. चुनाव के केंद्र में आज भी मोदी हैं. कुल मिला कर मोदी ने ही एक शिगूफा छोड़ दिया है चार सौ पार का. बहस इस पर छिड़ी हुई है कि क्या मोदी यह जादुई आंकड़ा छू सकेंगे? इस तरह पूरा देश एक जुमले का शिकार हो कर रह गया है. मुल्क की स्थिति ऐसी नहीं है कि मोदी और उनकी राजनीति को लेकर बहस नहीं हो. रोजगार से लेकर भ्रष्टाचार तक के सवाल भरे हैं. चुनावी बॉन्ड वाले मामले पर विपक्ष मोदी को घेर सकता था, लेकिन वह कोई प्रभावी बहस नहीं उठा सका. इसका कारण केवल यह है कि जिस राजनीतिक ताकत और नैतिकता की जरूरत विपक्ष के पास होनी चाहिए, वह उसके पास नहीं है. क्यों नहीं है यही मूलप्रश्न है, लेकिन इस प्रश्न का जवाब बहुतों केलिए अप्रिय हो सकता है. हमारा लोकतंत्र बहुत पुराना नहीं है. आज़ादी के पचहत्तर साल पूरे हुए हैं और बालिग मतदान पर प्रथम चुनाव के उससे भी कम. आज़ादी के बाद राष्ट्र निर्माण के दौर में राष्ट्रीय आंदोलन के वैचारिक मूल्य हमारी राजनीति के केन्द्रक थे. समानता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता आदि के सवाल पर कोई बहस नहीं थी. दक्षिणपंथी राजनीतिक सोच के जनसंघ और स्वतंत्र पार्टी वाले भी इन मूल्यों पर यकीन करते थे.

400 पार जाने के लिए उसे कम से कम 66 सीटें और चाहिए. इतनी सीटें उसे कहां से मिल सकती हैं. उत्तर भारत के अधिकांश प्रांतों में वह सांद्र स्वरूप में है, जहां बढ़ने की कोई गुंजायश नहीं है. मसलन बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात , राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और यहां तक कि असम में वह अपने महत्तम रूप में है. कर्णाटक के 28 में से 25 पर वह काबिज है. उत्तरप्रदेश के 80 में से 64 और बिहार के 40 में से 39 पर वह और उसके सहयोगी दल हैं. 400 का आंकड़ा पार करने के लिए उसे तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और बंगाल में हाथ-पांव मारने होंगे. इन प्रांतों में उनकी बढ़ोत्तरी के तो कोई चिह्न नजर नहीं आ रहे, हाँ, कर्णाटक, बंगाल, बिहार ,उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि में उसकी सीटें घट सकती हैं. ऐसे में भाजपा का चार सौ का लक्ष्य एक जुमले से अधिक कुछ और नहीं है.

हाँ, यह जरूर दिख रहा है कि प्रतिपक्षी दल 2019 से भी अधिक हताश स्थिति में है. लेकिन जनता में मोदी का वह आकर्षण नहीं है जो 2019 के पूर्व था. इसका कारण कोई जरूरी नहीं कि उनकी विफलताएं ही हों. जनता एक ही व्यक्ति और शासक को देखते-देखते ऊब महसूस करने लगती है. यह भी एक कारण हो सकता है. इलेक्टोरल बॉण्ड वाले मामले में जनता को पहली बार यह सोचने का अवसर मिला कि मोदी भी आर्थिक भ्रष्टाचार में शामिल हो सकता है. लेकिन वह इस मामले में खुशकिस्मत हैं कि प्रतिपक्षी नेताओं ने इसे कायदे से नहीं उठाया. आज यदि लोहिया, इंदिरा गांधी, अटलबिहारी या जॉर्ज फर्नांडिस जैसे नेता होते तो इसे चुनावी मुद्दा बना देते और सरकार को जवाब देते नहीं बनता. लेकिन राहुल, लालू, अखिलेश जैसे नेताओं की बातों पर जनता को यकीन नहीं होता. दरअसल प्रतिपक्ष की भूमिका सोशल मीडिया निभा रहा है. यह प्रतिपक्ष कोई जरूरी नहीं कि कांग्रेस या इंडिया ब्लाक के दलों का समर्थन करती हो.

आमतौर पर भारतीय मतदाता यह मान कर चल रहा है कि मोदी अपनी ताकत से नहीं, विपक्षी दलों की कमजोरी से आगे है. भाजपा ने बार-बार अपने को जरूरतों के मुताबिक बदला है और आंतरिक लोकतंत्र को कुछ बचा कर रखा है. वहां भी नेतापुत्रों को टिकट देकर पुरस्कृत किया जाता रहा है, बावजूद इसके कोई यह नहीं कह सकता कि पार्टी परिवारवाद की गिरफ्त में है. विपक्षी दलों में शायद ही कोई दल हो जो सुप्रीमोवाद और परिवारवाद से ग्रस्त नहीं हो. ऐसे दलों में राजनीतिक कवायद ख़त्म हो जाती है और वह दल सिकुड़ने लगता है.

विपक्षी दलों की दूसरी कमजोरी उनके आंतरिक बदलावों को ख़ारिज करना है. कांग्रेस, राजद, सपा जैसी पार्टियां बीसवीं सदी में उभरी विचारधारा पर केंद्रित हैं. नये वैचारिक परिवर्तनों को आत्मसात करने में ये अक्षम रही हैं. जनसंघ ने कई बार अपने को बदला. 1977 में जेपी के निर्देश पर जनता पार्टी में अपना विलय कर लिया. तीन साल बाद 1980 में वहां के खट्टे-मीठे अनुभव लेकर बाहर आई और भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्वयं को संगठित किया. इसी समय उसने अपना आर्थिक प्रोग्राम गांधीवादी समाजवाद घोषित किया. गांधी और समाजवाद जनसंघ के ज़माने में नहीं था. यह शायद अटल जी का प्रभाव था, लेकिन 1984 के चुनाव में जब उसे केवल दो सीटें मिलीं, तब गांधी और समाजवाद के साथ अटल जी भी पीछे चले गए और आडवाणी सामने आए. उनके नेतृत्व में भाजपा ने मंदिर आंदोलन में अपने को झोंक दिया. इस आंदोलन के बूते भाजपा ने धीरे-धीरे उत्तर भारतीय द्विज मतदाताओं को कांग्रेस के साये से निकाल कर अपने साथ कर लिया.

कहने का अर्थ यह कि भाजपा ने अपने को लगातार बदला, किन्तु कांग्रेस और दूसरे समाजवादी सोच वाले दल अपने में इस तरह का बदलाव नहीं कर पाए. मध्यवर्ग की सोच का इन लोगों ने कोई ख्याल नहीं किया. नतीजा है यह मध्यवर्ग आज प्रतिपक्ष की राजनीति से अलग-थलग है. यह मध्यवर्ग 1970 या 80 के ज़माने का नहीं है. आज इसकी संरचना में पिछड़े और दलित तबके का भी बड़ा हिस्सा है. यह वर्ग यदि प्रतिपक्ष से उदासीन है, तब इसके कारण हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सामर्थ्य का दुरुपयोग

किसी व्यक्ति में शक्ति और सामर्थ्य का होना परम पिता परमेश्वर का दिया हुआ वरदान है. यह कभी न कभी जाने-अनजाने में किये गये अच्छे कर्मों का ही प्रतिफल है. इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि उस शक्ति और सामर्थ्य का सदुपयोग किया जाये. उससे अच्छे कर्म किये जायें, ताकि उसमें और वृद्धि हो तथा भविष्य में भी वह कायम रहे. यदि शक्ति और सामर्थ्य का दुरुपयोग होता है तो वह क्षीण होने लगता है. ऐसा नीतिकारों का कहना है. इस बात को सहज और सुगम्य बनाने के उद्देश्य से नीतिकारों ने एक ऐसी कहानी की रचना की है, जो बड़ों को ही नहीं, बल्कि बच्चों को भी समझ में आसानी से आ जाये और लोग नीति का पालन कर सकें. वह कहानी इस प्रकार है. बहुत समय पहले की बात है. एक था चूहा, एक थी गिलहरी. चूहा अपने स्वभाव के अनुरूप नटखट था, शरारती था. दिन भर 'चीं-चीं' करता हुआ मौज उड़ाता था. गिलहरी भोली थी.'टी-टी' करती हुई इधर-उधर घूमा करती थी. संयोग से चलते-फिरते एक बार दोनों का आमना-सामना हो गया. अपनी प्रशंसा करते हुए चूहे ने कहा, "मुझे लोग मूषकराज कहते हैं और गणेशजी की सवारी के रूप में मुझे पूरे संसार के लोग जानते हैं. मेरे पैने-पैने हथियार सरीखे दांत लोहे के पिंजरे तो क्या, किसी भी चीज को काट सकते हैं." मासूम-सी गिलहरी को यह सुनकर बुरा सा लगा. बोली, "भाई, तुम दूसरों का नुकसान करते हो, फायदा नहीं. यदि अपने दांतों पर तुम्हें इतना गर्व है तो इनसे कोई नक्काशी क्यों नहीं करते? इनका उपयोग करो, तो जानूं! जहां तक मेरा सवाल है, दांत तो मेरे भी तेज है,कितना भी कठोर बीज हो तोड़, साफ करके संतोष से खा लेती हूं. पर मनमर्जी दुरुपयोग नहीं करती. मुझ में कोई खास गुण तो नहीं पर मेरे बदन पर तीन धारियां देख रहे हो न, बस यही मेरा संदेश है." चूहा बोला, "तुम्हारी तीन धारियों की विशेषता क्या है?" गिलहरी बोली, "वाह! तुम्हें पता नहीं? चलो बता देती हूं. दो काली धारियों के बीच एक सफेद धारी है. यह तमस के मध्य आशाओं का प्रकाश है. दो काली अंधेरी रातों के बीच ही एक सुनहरा दिन छिपा रहता है, भरोसा रखो. यह प्रतीक है कि कठिनाइयों की परतों के बीच में ही असली सुख बसता है." संदेश सुनकर चूहा लज्जित हो गया. सामर्थ्य का उपयोग दूसरों को हानि पहुंचाने में नहीं, उनके मार्ग में आशा दीप जगाने में होना चाहिए.

# संविधान की रक्षा हर नागरिक का कर्तव्य

• कानून

जेपी सिंह

हरीश साल्वे, मनन कुमार मिश्र सहित 600 वकीलों द्वारा चीफ जस्टिस को लिखे गये पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है! वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने अपने ट्वीट में कहा है कि सरकार के पसंदीदा वकील साल्वे ने चुनावी बॉण्ड की रिश्वतखोरी और जबरन वसूली के विवरण को उजागर होने से रोकने की बहुत कोशिश की. टैक्स हैवेन में उनके खातों का खुलासा पनामा और पेंडोरा पेपर्स से हुआ था. अब वह 600 गैर-वर्णित वकीलों के एक समूह का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके जरिये सीजेआई को सख्त आदेशों से पीछे हटने के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं. इनमें से कितने बॉण्डदाता साल्वे के ग्राहक हैं? आश्चर्य की बात है कि प्रधानमन्त्री मोदी ने इस पत्र के समर्थन में ट्वीट किया है! वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह लिखती हैं कि हाल ही में बार के 600 सदस्यों द्वारा लिखा गया पत्र कोई आश्चर्य की बात नहीं है. "यह वास्तव में प्रतिरोध की प्रतिक्रिया और यथास्थिति की रक्षा है." इंदिरा जयसिंह ने कहा है कि वकील न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच अंतिम सीमा पर हैं और या तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा कर सकते हैं या दोनों के बीच शक्तियों के पृथक्करण के पतन की सुविधा प्रदान कर सकते हैं.

आख़िरकार, न्यायाधीश वकीलों के समुदाय से आते हैं और उनके बीच का जैविक संबंध कभी नहीं टूटता. समस्या नई नहीं है. हाल ही में 2018 में, सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ न्यायाधीशों ने इस मुद्दे को सार्वजनिक डोमेन में उठाया था, जब दीपक मिश्रा सीजेआई थे. इसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं खोजा जा सका है, हाल के दिनों में यह फिर से सामने आ गई है. इस मुद्दे को अदालत में दिवंगत शांति भूषण ने उठाया था जब उन्होंने 'मास्टर ऑफ रोस्टर' की शक्ति को अनियंत्रित और मनमाना बताते हुए चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की थी. एक अवसर पर जब प्रशांत भूषण इस मामले में पेश होने के लिए अदालत में प्रवेश कर रहे थे, तो उन्हें बार के एक मुखर वर्ग ने प्रवेश करने से रोक दिया, जिन्होंने उनके प्रवेश को अवरुद्ध कर दिया और उन्हें आगे की पंक्ति तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की. इस प्रकरण ने गैर-संवैधानिक तरीकों से बार में ध्रुवीकरण के खुले प्रदर्शन की प्रवृत्ति स्थापित की. ध्यान देने वाली बात यह है कि रोस्टर के मास्टर की शक्तियों के मुद्दे को कानूनी चैनलों के माध्यम से उठाने का हर संभव प्रयास किया गया था. यह मुद्दा लंबित है और चूंकि यह न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से संबंधित है, जिस पर स्वयं राज्य बनाम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने का कर्तव्य है, इसलिए सार्वजनिक क्षेत्र में इस पर बहस जारी रहेगी. शुरुआत करने के लिए, जैसा कि कई लोगों ने बताया है, यह पत्र चुनावी बॉण्ड मामले में फैसले के तुरंत बाद आया है और इसमें उन लोगों का संदर्भ है जो इस मामले में पेश हुए थे. यह कोई रहस्य नहीं है कि साल्वे, जो अब लंदन में हैं, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से पेश हुए और उन्हें बिना किसी अनिश्चित शब्दों के बताया गया कि आदेश में कोई अस्पष्टता नहीं थी जैसा कि एसबीआई ने दावा किया था और अदालत के फैसले में कोई अस्पष्टता नहीं थी.

इस पत्र में, वह अब सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के साथ अपना स्थान पाते हैं, जो कुछ भी हो, उसके लिए दोनों "प्रधानमंत्री को धन्यवाद" दिए बिना एक वाक्य भी नहीं खोल सकते हैं. यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अब कांग्रेस पर आरोप लगाने वाले एक ट्वीट के माध्यम से पत्र को भारत के प्रधान मंत्री की मंजूरी मिल गई है. यह इस मामले में पेश हुए वकीलों का एक और संदर्भ है, जिनमें से कुछ किसी समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य थे. जब हम देखते हैं कि विशेष मामले से निपटने के लिए विशेष रोस्टर स्थापित किए गए हैं, तो हमें बोलने की जरूरत है. जब चुनाव आयोग की स्वतंत्रता जैसी लोकतंत्र की आवश्यक संस्थाओं की रक्षा नहीं की जाती है, तो हमें बोलने की जरूरत है. यह व्यक्तिगत मामलों को चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि उन मामलों के प्रति हमारे दृष्टिकोण के बारे में है जो अपने स्वभाव से संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का समर्थन करते हैं.

> एक अवसर पर जब प्रशांत भूषण इस मामले में पेश होने के लिए अदालत में प्रवेश कर रहे थे, तो उन्हें बार के एक मुखर वर्ग ने प्रवेश करने से रोक दिया, जिन्होंने उनके प्रवेश को अवरुद्ध कर दिया और उन्हें आगे की पंक्ति तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की. इस प्रकरण ने गैर–संवैधानिक तरीकों से बार में ध्रुवीकरण के खुले प्रदर्शन की प्रवृत्ति स्थापित की.

# चुनावों में गायब है पर्यावरण का सवाल

• जलवायु

डॉ. ओपी जोशी

बहुत अधिक पीछे न जाकर पिछले 11-12 वर्षों में घटी प्रमुख त्रासदियों (केदारनाथ, जोशीमठ एवं सिक्किम) तथा मौसम की चरम घटनाओं को देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है कि सभी राजनैतिक दल आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में पर्यावरण को महत्व दें. पर्यावरण के मुद्दों को अपने घोषणा पत्रों या संकल्प-पत्रों में शामिल कर उनके समाधान हेतु प्रतिबद्धता दर्शायें. पर्यावरण से जुड़े कई लोगों एवं संगठनों की सलाह-सुझाव एवं मांगों के बावजूद राजनैतिक दलों ने पर्यावरण से दूरी ही बनाकर रखी है.प्रसिद्ध वकील, पर्यावरणविद् एवं 'मेगसेसे पुरस्कार' प्राप्त एमसी मेहता ने बम्बई (अब मुम्बई) में आयोजित एक समारोह (1988) में कहा था कि पर्यावरण से जुड़े लोग चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों पर इस बात का दबाव बनायें कि वे अपने घोषणापत्रों में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को शामिल करें. इसके साथ ही यह भी कहा था कि पर्यावरण क्षरण के कारणों में राजनैतिक नेताओं तथा सरकारी अफसरों की जिम्मेदारी तय होना चाहिये, भले ही वे पद पर हों या नहीं.

दिल्ली स्थित 'विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र' (सीएसई) के संस्थापक स्व. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली दूरदर्शन के एक कार्यक्रम में कहा था कि देश को ऐसे जिम्मेदार एवं संवेदनशील राजनेताओं को जरूरत है जो अन्य समस्याओं के साथ न केवल पर्यावरण की समस्याओं को समझें, अपितु उनके समाधान में भी अग्रणी रहें. मार्च 2005 में 'आजादी बचाओ आंदोलन' के एक कार्यक्रम में 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के तत्कालीन अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक स्व. प्रो. यशपाल ने कहा था कि राजनैतिक दलों ने चुनाव में हमेशा आम जनजीवन से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की है, जिनमें पर्यावरण की समस्याएं प्रमुख हैं.'चिपको आंदोलन' के प्रमुख, पद्मभूषण श्री चंडीप्रसाद भट्ट का कहना है कि मानव अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण के बारे में राजनैतिक दलों ने कभी गंभीरता से नहीं सोचा. विभिन्न दलों के नेता सामाजिक संगठनों के मंचों से तो पर्यावरण बचाने की बात करते हैं, परतु चुनाव के समय अपने घोषणा पत्रों में उसे जगह नहीं देते. 'चिपको आंदोलन' को वैश्विक ख्याति दिलवाने वाले स्व. सुंदरलाल बहुगुणा ने 'नदी-जोड़ योजना' की एक बैठक में मई 2009 में गुस्से से कहा था कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा पर्यावरण को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना एक अपराध है, क्योंकि इस सदी की शुरुआत ही जल संकट एवं 'ग्लोबल वार्मिंग' जैसी वैश्विक समस्याओं से हुई है.

लगभग 50 वर्ष पूर्व 'विश्व प्रकृति निधि' (वर्ल्ड फंड फॉर नेचर, डब्ल्यूएफएन जिसका पूर्व नाम 'विश्व वन्य जीव कोष' था.) ने एक 'ग्रीन-चार्टर' बनाकर विभिन्न राजनैतिक दलों के पास इस अनुरोध के साथ भेजा था कि इसकी बातें वे अपने चुनावी घोषणापत्रों में शामिल करें. इसमें पांच प्रमुख बात कही गयीं थीं - 'केन्द्रीय पर्यावरण व वन मंत्रालय' का नाम 'पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय' हो, पर्यावरण संरक्षण में जनता की भागीदारी की योजना बनाई जाए, उद्योग, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में पर्यावरण सरंक्षण पर ध्यान दें, शहरों की संतुलित एवं पर्यावरण अनुकूल विकास योजनाएं बने, शिक्षा व्यवस्था में पर्यावरण के महत्व को समझाया जाए. इसी समय 'जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय' (एनएपीएम) में दस सूत्रीय जनता के मुद्दे सुझाये थे, जिनमें एक जल, जंगल, जमीन, खनिज एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ा था. प्रसिद्ध पत्रकार प्रफुल्ल बिडवई से जुड़े नागरिकों के संगठन ने भी एक एजेंडा बनाया था, जिसमें देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनके प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया था. वर्ष 1998 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के निवासियों को वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों के बारे में 'विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र' द्वारा बताया गया था. चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से कहा जाना चाहिए कि वे वादा करें कि पर्यावरण के मामले में आम लोगों के साथ हैं. इस सिलसिले में प्रत्याशियों के प्रयासों की जानकारी घोषणा पत्रों के अलावा विज्ञापनों में भी दी जानी चाहिए. हाल ही में मुम्बई से प्रकाशित एक समाचार पत्र से पता चला कि वहां के 'नेट-कनेक्ट' तथा 'वाय डाग फाउंडेशन,' 'सागर शक्ति,' 'खबर,' 'वेटलैंड्स ऐंड हिल्स' तथा 'एलायंस फार रिवर्स इन इंडिया' आदि संगठनों के प्रमुख एवं उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए राजनेताओं की जवाबदेही हेतु एक अभियान शुरू किया है.

> वर्ष 1998 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के निवासियों को वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों के बारे में 'विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र' द्वारा बताया गया था. चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से कहा जाना चाहिए कि वे वादा करें कि पर्यावरण के मामले में आम लोगों के साथ हैं. इस सिलसिले में प्रत्याशियों के प्रयासों की जानकारी घोषणा पत्रों के अलावा विज्ञापनों में भी दी जानी चाहिए.

### मीडिया में अन्यत्र

## रिजर्व बैंक : आगे की राह

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उचित ही कहा कि बैंक ने देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई है. दीर्घावधि की आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए वित्तीय स्थिरता एक अनिवार्य शर्त है. इस समय रिजर्व बैंक इस महत्त्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मना रहा है और यह उचित अवसर है कि संस्थान न केवल अपनी अतीत की उपलब्धियों को सामने रखे, बल्कि भविष्य के लिए अपनी योजनाएं भी प्रस्तुत करे. यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि वृहद आर्थिक स्थिति और नियामकीय चुनौतियों में निरंतर बदलाव आ रहा है. साफ कहें तो केंद्रीय बैंक बीते दशकों में अपने दायित्वों और कार्यों के साथ निरंतर विकसित हुआ है. समय-समय पर मतभेद के बावजूद सरकार ने इस सफर में रिजर्व बैंक को विधिक और सांस्थानिक सहायता मुहैया कराई है. इन बातों का यह आशय कतई नहीं है कि भारत की व्यवस्थाएं पूरी तरह खामी रहित हैं, लेकिन बीते वर्षों में जो विकास हुआ है, वह भी सकारात्मक दिशा में है. हाल के वर्षों के सबसे अहम घटनाक्रम में एक रहा है आरबीआई अधिनियम में संशोधन करना, ताकि उसे मुद्रास्फीति को लक्षित करने वाले केंद्रीय बैंक में बदला जा सके. विभिन्न धड़ों के विरोध के बावजूद सरकार मौद्रिक नीति ढांचे को मजबूत बनाने के विचार पर सहमत है. इस बात ने मौद्रिक नीति के संचालन को अधिक पारदर्शी बनाया है और निवेशकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद की है. हाल के समय में कुछ भ्रम की स्थिति बनने पर रिजर्व बैंक ने यह दोहरा कर सही किया कि वह मुद्रास्फीति को लक्षित करने के विधिक अधिदेश का पालन करेगा. इसके अलावा वृहद आर्थिक स्थिरता में सुधार की एक वजह रिजर्व बैंक द्वारा बाह्य क्षेत्र का कुशल प्रबंधन भी है.




उसने अवसरों का लाभ लेकर बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार खड़ा किया, जिसने मौद्रिक अस्थिरता को समाप्त किया. रिजर्व बैंक ने वृहद आर्थिक प्रबंधन को लेकर हाल के वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है. बहरहाल, बैंकिंग नियमन और निगरानी में सुधार की गुंजाइश है. यह अच्छी बात है कि बैंकिंग क्षेत्र में फंसे हुए कर्ज में कमी आई है तथा इस समय यह क्षेत्र तकरीबन एक दशक में सबसे बेहतर स्थिति में है. परंतु यह तथ्य बरकरार है कि बैंकिंग क्षेत्र में वित्तीय संकट के पहले और बाद में रिजर्व बैंक की निगरानी में अतियों की स्थिति बनी. हालांकि यह सही है कि रिजर्व बैंक के पास सरकारी बैंकों के नियमन के मामले में सीमित शक्ति है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## अंबर/अंबार

**नीले** अंबर में मंद-मंद मुस्कान बिखेरते चांद के बीच तारे झिलमिला रहे हैं. सड़कों पर कूड़ों का अंबार लगा है, लेकिन सफाई की ओर नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है. इन वाक्यों को पढ़ने के बाद दो विपरीत भाव मानस पटल पर उभरते हैं. अंबर में चांद के बीच तारों का झिलमिलाना जहां मन आनंदमग्न हो जाता है, वहीं दूसरे वाक्य में सड़कों पर कूड़े का अंबार महसूस करते ही कष्ट और लाचारी का अनुभव होता है. एक कवि ने अपनी प्रेयसी की प्रशंसा में लिखा-गहरे सागर के जैसे ही चंचल नयन तुम्हारे, चमक रहे तेरे अंबर में अगणित चांद-सितारे. चांद-सितारे तो अंबर में चमकते हैं, लेकिन 'तेरे अंबर' का मतलब क्या हुआ? तो आप जानते हैं कि अंबर बहुअर्थी शब्द है. यहां अंबर का मतलब आकाश नहीं, बल्कि प्रेयसी की साड़ी है, जिसमें जड़े चांद-सितारे चमक रहे हैं. हिंदी शब्द सागर के अनुसार अंबर तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है आकाश, आसमान, शून्य, वस्त्र, कपड़ा, पट, महिलाओं के पहनने की एक प्रकार की किनारेदार धोती, कपास, बादल, मेघ, कश्मीरी केशर, परिधि, सामीप्य, ओष्ठ, दोष, बुराई. एक सुगंधित वस्तु को भी अंबर कहा जाता है, जो ह्वेल मछली या समुद्री मछलियों की अंतड़ियों में जमी रहती है और भारतवर्ष, अफ्रीका और ब्राजील में समुद्री किनारों पर बहती हुई पायी जाती है. इसके लिए ह्वेल मछलियों का शिकार भी किया जाता है. अंबर बहुत ही हल्का और शीघ्र जलनेवाला पदार्थ है. आंच दिखाने से यह भाप बनकर उड़ जाता है. इसका उपयोग दवाओं के निर्माण में होता है. अंबर एक प्रकार का इत्र भी होता है. दूसरे वाक्य का शब्द है अंबार. यह फारसी मूल का पुल्लिंग शब्द है. इसका मतलब है ढेर, समूह, रशि. इसी से बना शब्द है अंबारखाना. इस शब्द का प्रयोग गोदाम, भंडार या कबाड़खाना के लिए होता है. हाथी के पीठ पर रखने का हौदा को अंबारी कहा जाता है.

# राजनीति और जनसेवा का तड़का है भ्रष्टाचार

• तीर-तुक्का

एस. के. पाण्डेय


चिम्मनलाल जी से पूछा गया कि आप तो जनतंत्र के समर्थक थे. आखिर भ्रष्टतंत्र में कैसे सम्मलित हो गए? आप लोगों ने जनतंत्र का इतना बुरा हाल क्यों कर दिया ? क्या आप जनतंत्र का कोई भी ऐसा तंत्र बता सकते हैं, जिसमें भ्रष्टाचार न हो? चिम्मनलाल जी बोले, भ्रष्टाचार है तो लेकिन इसमें बुरा क्या है? ज्यादा हैरान या परेशान होने की जरूरत नहीं है. भारत जैसे देश के लिए यह अच्छा संकेत है. सब समझ का फेर है. आप लोग इसे बुरा समझते हैं. और हम लोग अच्छा. दरअसल इसके बिना देश नहीं चल सकता. भ्रष्टाचार राजनीति और जनसेवा का तड़का है. जैसे दाल में तड़का देने से दाल स्वादिष्ट हो जाती है. वैसे ही भ्रष्टाचार से राजनीति और जनसेवा की मिठास बढ़ जाती है. भारत में भ्रष्टाचार का बहुत महत्व है. देश में भ्रष्टाचार को धर्म माना जाता रहा है और भ्रष्टाचारी की पूजा होती रही है. लाख भ्रष्टाचारी हो, चाहे कितना ही बड़ा घोटाला क्यों न किया हो ? उसे दुत्कारा नहीं जाता. लोग उसे पुचकारते रहे हैं. देश की जनता उसे सिर माथे पर बिठाती है. इतिहास देखिये उन्नीस सौ उनचास से आज तक कितने भ्रष्टाचारी हुए, कितने घोटाले हुए.



लेकिन जनता ने नेता को कभी निराश नहीं किया. जिसको भ्रष्टाचारी कहा गया, जनता ने उसे ही भारी मतों से विजयी बना कर देश हित करने का कार्य-भार सौंप दिया. जिस पर जितने ही अधिक मुकदमे चल रहे होते हैं, हमारे देश की जनता उसे उतना ही योग्य राजनेता मानती है. हत्या, लूट और रेप इत्यादि के आरोपी को हमारी जनता देश हित के लिए योग्य समझती है. जनता जागरूक है, वह सब कुछ जानती है. अतः यदि भ्रष्टाचार बुरा होता तो जनता भ्रष्टाचारी के हाथ को और मजबूत क्यों करती? जनता हमारे पक्ष में है. और सदा रहेगी. जनता और नेता की ऐसे ही निभेगी. हमारी सभाओं में देखो हमारी आवाज सुनने व हमें देखने के लिए कैसा जन सैलाब उमड़ता है? हम उस समय भी भ्रष्ट थे जब हम जनता से वोट मांगने गए थे. भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि हम भारतीय हैं. हमारे यहां खाने में अचार, व्यवहार में शिष्टाचार तथा शादी में द्वारचार होता है. और मर जाओ तो उठाने वाले भी चार होते हैं. मतलब हर जगह चार होता है. कुछ करने के लिए और न करने के लिए भी विचार होता है. कुछ करो या न करो पर प्रचार होता है.

# लाइफ लाइन

# बड़ी समस्या का संकेत हैं ये छोटे-छोटे लक्षण


डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ, मेडिका, रांची

अचानक वजन घटने से लेकर तेज खर्राटों तक शरीर के इन बदलावों, लक्षणों की आमतौर पर हम अनदेखी करते हैं. यहां तक की डॉक्टर से जब किसी समस्या के बाबत बात करते हैं, मिलते हैं, तब भी इन बदलावों/लक्षणों को छोटी बात मान कर उनके सामने इसका जिक्र तक नहीं करते. लेकिन इन लक्षणों की अनदेखी स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है. ये लक्षण दरअसल शरीर के संकेत हैं जो बताते हैं कि आपको चिकित्सकीय सहायता की दरकार है. आइए, आज हम अपने शरीर के ऐसे ही 11 लक्षणों की बात करें जिन्हें हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए-



## आवाज लड़खड़ाना

अस्पष्ट वाणी जैसे लक्षण गंभीर शारीरिक स्थिति की ओर संकेत करते हैं. यह कई कारणों से हो सकता है. यह रक्तस्रावी स्ट्रोक का लक्षण हो सकता है. मेटाबोलिक सिंड्रोम की स्थिति भी हो सकता है. जैसे-कम सोडियम स्तर (हाइपोनेट्रेमिया), लो ब्लड शुगर लेवल (हाइपोग्लाइसीमिया), लिवर से संबंधित मस्तिष्क संबंधी समस्याएं (हेपेटिक एन्सेफैलोपैथी), ब्लड में अमोनिया का हाई लेवल (हाइपरमोनमिया), वायरल मस्तिष्क संक्रमण (वायरल एन्सेफैलोपैथी), जीवाणु संक्रमण से मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के आसपास सूजन (संक्रामक मैनिंजाइटिस) आदि के कारण भी हमारी जबान अस्पष्ट व लड़खड़ाहट भरी हो सकती है. ये लक्षण जब भी उभरे, इसकी गंभीरता को समझिए और तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें.

## छाती में दर्द

भारत में पिछले कुछ समय से हार्ट रिलेटेड केसों में इजाफा हुआ है. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक वर्ष 2022 में हार्ट अटैक के केस में 12.5% का इजाफा दर्ज किया गया है. इसी साल 32457 लोग हार्ट अटैक के कारण मौत के शिकार हुए. हालांकि छाती में होने वाला हर दर्द हार्ट अटैक का संकेत नहीं है.
हां, जब अचानक सीने में दर्द जबड़े से नाभि तक फैल जाए, साथ ही सीने में जलन या भारीपन महसूस हो, जो कभी-कभी दाएं या बाएं हाथ तक दर्द फैल जाए तो यह दिल का दौरा या कार्डियक अरेस्ट का संकेत हो सकता है. बहुत छोटे क्षेत्रों तक सीमित दर्द आमतौर पर दिल के दौरे का संकेत नहीं देता है. यह दर्द कुछ ही सेकंड में दूर हो जाता है या मुड़ने, झुकने या खांसने जैसी हरकतों से बढ़ जाता है. इस प्रकार का दर्द के कई अन्य कारणों से भी हो सकते हैं.

## मानसिक स्थिति में अचानक का बदलाव

कई बार हम परिजनों के मानसिक स्थिति में अचानक बदलाव देखते हैं. सामान को कहीं रख कर भूल जाना, कंफ्यूजन या भटकाव की स्थिति में रहना. आमतौर पर यह मजाक या झुंझलाहट का विषय बनता है. लेकिन यह स्थिति न्यूरोलॉजिकल इमर्जेंसी का संकेत हो सकती है. स्ट्रोक, ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी, गहरे इंफेक्शन, मेटाबॉलिक असंतुलन आदि इसके पीछे जिम्मेवार हो सकता है.

## वजन का घटना

बहुत ज्यादा और तेजी से वजन का गिरना भी शरीर का खतरनाक संकेत है जिसकी उपेक्षा स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है. यदि पिछले छह महीने में साढ़े चार किलो से अधिक वजन का गिरना अच्छा संकेत नहीं. यह थायराइड रोग, डायबिटीज, गैस्ट्रोइनटेस्टिनल यहां तक कि कैंसर का संकेत भी हो सकता है.

## मल-मूत्र में रक्त

यह भी एक गंभीर संकेत हो सकता है जिसकी उपेक्षा जान पर भारी पड़ सकती .आपके मूत्र या मल में रक्त गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव, मूत्र पथ के संक्रमण या कोलोरेक्टल कैंसर जैसी अधिक गंभीर स्थितियों का संकेत हो सकता है.

## अत्यधिक थकान थकान महसूस होना

हम और आप कभी ना कभी अत्यधिक थकान से पीड़ित होते हैं. कई बार ब्रेक लेने या आराम करने से स्थिति में सुधार होती है. लेकिन ऐसा करने से सुधार नहीं हो और आपकी दिन प्रति दिन की लाइफ इससे प्रभावित हो तो यह एनीमिया, थायराइड विकार, अवसाद यहां तक की कैंसर जैसी बीमारियों का लक्षण भी हो सकता है.

## ये कुछ अजीब से लक्षण

इन लक्षणों के अलावा कुछ अलग और अजीब से बदलाव भी हो सकते हैं. इनमें अत्यधिक प्यास लगना शामिल है. यह डायबिटीज, डिहाइड्रेशन और कुछ हार्मोनल असंतुलन का कारण हो सकता है. इसी तरह होठों और गले में खुजली, झुनझुनी हल्के से गंभीर एलर्जिक रिएक्शन का कारण हो सकता है.

## फ्लैशेज और बढ़े हुए फ्लोटर्स

"फ्लैश" का अनुभव करने का अर्थ है आपकी दृष्टि में संक्षिप्त, चिंगारी जैसी चमक देखना. ये चमक एक या दोनों आंखों में हो सकती है और टेढ़ी-मेढ़ी रेखाओं के रूप में या अचानक प्रकाश के फूटने के रूप में प्रकट हो सकती है. दूसरी ओर, "बढ़े हुए फ्लोटर्स" आपके दृष्टि क्षेत्र (विजन फील्ड) में धब्बों, टेढ़े-मेढ़े तारों या धागे जैसे धागों आदि के अहसास कराते हैं. प्रकाश की चमक या फोटोप्सिया एक "सामान्य लक्षण" है जिसे ज्यादातर लोग अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार अनुभव करते हैं. आमतौर पर उम्र बढ़ने, उच्च माइनस पावर वाले लोग, पिछली आंख की सर्जरी, माइग्रेन और आंखों की स्थितियां जैसे विट्रोमैक्यूलर ट्रैक्शन या आंख का आघात आदि कारणों से ऐसा होता है. ये स्थिति आंखों के रेटिना की गंभीर स्थिति का सूचक भी हो सकती हैं. बेहतर है ऐसी स्थिति में तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें और उनके निर्देश पर आवश्यक जांच कराएं.

## सांस की तकलीफ

यदि सांस की तकलीफ से गुजर रहे हैं तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें .अचानक और गंभीर सांस फूलना गंभीर स्थितियों का संकेत देता है. यह फेफड़ों में संक्रमण, न्यूमोनिया, न्यूमोथोरैक्स, दिल की धड़कन रुकना आदि का संकेत हो सकता है. हालांकि पुरानी या धीरे-धीरे विकसित होने वाली सांस फूलना दिल की विफलता, पुरानी फेफड़ों की समस्याओं, नई फेफड़ों की समस्याओं, मांसपेशियों की थकान या एनीमिया, या यहां तक कि गुर्दे की विफलता के कारण भी हो सकती है.

## आवाज कर्कश होना या खांसी

यह आमतौर पर सामान्य बात है लेकिन यदि आपकी आवाज लगातार आवाज बैठ रही है या खांसी हो रही है, तो कई गंभीर रोगों का संकेत हो सकती है. श्वासप्रणाली में संक्रमण या एलर्जी के कारण यह हो सकता है. कई बार ऐसा लक्षण गले के कैंसर के कारण भी हो सकता है.

## जोर से खर्राटे लेना

खरार्टे एक आम समस्या है जिससे हम या हमारे परिजनों में कोई पीड़ित हो सकता है. कभी कभी इतनी तेज खरार्टे व्यक्ति लेता है कि उसके साथ किसी का सोना मुश्किल हो जाता है. अत्यधिक तेज़ खर्राटे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया का संकेत दे सकते हैं, एक ऐसी स्थिति जो गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकती है. अगर आप या किसी परिजन में तेज़ खर्राटे का लक्षण हाल ही में नजर आया है तो बेहतर हो कि डॉक्टर से संपर्क करें. यह दरअसल नींद के दौरान वायुमार्ग के क्षतिग्रस्त होने का संकेत देता है और ऑक्सीजन के स्तर में कमी और हृदय पर अत्यधिक तनाव का कारण बनता है, जिससे उच्च रक्तचाप, दिल की विफलता, मधुमेह की स्थिति बिगड़ सकती है और दिल का दौरा पड़ सकता है.



# तब झटपट बढ़ेगा छुटकू


ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट


योग एक प्राचीन और संपूर्ण अभ्यास है जिसमें मन को दुरुस्त रखने के साथ-साथ शरीर को अलग-अलग तरीके से फायदे देना शामिल है. योगासन में ऐसे कई आसन हैं जिनमें बहुत अधिक स्ट्रेच और बैलेंस होता है, ये आपके बच्चे की हाइट बढ़ाने में बहुत फायदेमंद होते हैं. योग ग्रोथ हार्मोन बढ़ाने के लिए जाना जाता है और यह बड़ों की तुलना में बच्चों में नेचुरल तरीके से फायदा पहुंचाता है. योग के विशिष्ट अभ्यास इन ग्रोथ हार्मोन को एक्टिव करके 1 या 2 एक्स्ट्रा इंच हासिल करने में मदद करते हैं-





### ताड़ासन

1. इसे करने के लिए पैर की उंगलियों और एड़ी को ऊंचा करके खड़े हो जाएं.
2. पेट की मसल्स को इसमें संग्लन करें और कंधों को रिलैक्स रखे.
3. शरीर के वजन को दोनों पैरों पर समान रूप से संतुलित करते हुए 5-8 सांसों तक इस पोजिशन में रहें.
4. यह आसन बच्चे को लंबा और मजबूत रखने के लिए एक बेहतरीन मुद्रा है.



### वृक्षासन

1. दाएं पैर को ऊपर उठाएं और बाएं पैर के भीतरी थाइज तक लाएं.
2. पैर को इस जगह पर रखें और शरीर के वजन को बाएं पैर पर बैलेंस करें.
3. जितना हो सके दाहिने पैर को पेल्विस पास रखें.



### चक्रासन

1. इसे करने के लिए बच्चे पीठ के बल लेट जाएं.
2. पैरों को मोड़ें और पैरों को फर्श पर मजबूती से रखें.
3. बाहों को कंधों पर घुमाएं और हथेलियों को सिर के बगल में दोनों तरफ फर्श पर रखें.
4. एक आर्च बनाने के लिए पूरे शरीर को अंदर और ऊपर उठाएं.
5. गर्दन और सिर को पीछे रिलैक्स करने दें.



### पादहस्तासन

1. इसे करने के लिए ऊपरी शरीर को धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हिप्स से नीचे झुकें.
2. हथेलियों या उंगलियों तक पहुंचें और अपनी नाक को अपने घुटनों तक स्पर्श करें.



### धनुरासन

1. इसे करने के लिए बच्चे पेट के बल लेट जाएं.
2. हथेलियों से एड़ियों को पकड़ने के लिए घुटनों को मोड़ें.
3. पैरों और बाहों को जितना हो सके ऊपर उठाएं.
4. थोड़ी देर के लिए आसन में रहें.

# रोज खाएं लहसुन

सुबह खाली पेट लहसुन खाने से पाचन दुरुस्त रहता है. लहसुन स्ट्रेस को कंट्रोल कर पेट में एसिड बनाने से रोकने का काम करता है. बता दें कि नर्वस होने पर पेट में एसिड बनता है, जिससे पेट दर्द, कब्ज जैसी समस्याएं होती हैं. इसलिए अगर आप उन लोगों में से हैं जो अपने पाचन तंत्र से हमेशा परेशान रहते हैं तो प्रतिदिन लहसुन खाने की आदत डाल लें. खाली पेट लहसुन खाने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है. एंटीवायरल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होने के कारण यह आपको किसी भी संक्रमण से लड़ने में मदद करेगा और आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाएगा. अगर आपको दिल से संबंधित कोई समस्या है तो लहसुन की एक कली आपके लिए वरदान हो सकती है. लहसुन में एलिसिन नामक कंपाउंड पाया जाता है जो कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर के लेवल को कम करने में मदद करता है. यह कोलेस्ट्रॉल और लो डेंसिटी वाले लिपोप्रोटीन को कम कर सकता है, जो कि खराब कोलेस्ट्रॉल का एक रूप है.
अगर आपको या किसी परिजन को ब्लड शुगर की प्रॉब्लम है तो उन्हें लहसुन खाने-खिलाने की सलाह जरूर दें. ये न सिर्फ शुगर को कम करेगा बल्कि लेवल को भी को कंट्रोल में रखेगा. इतना ही नहीं कुछ अध्ययनों से यह भी पता चला है कि कैंसर से जैसी भयानक बीमारी से लड़ने में भी लहसुन मदद कर सकता है.



# खांसी के ये घरेलू नुस्खे

इन दिनों सूखी खांसी से लोग खूब परेशान हैं. खास तौर पर रात में सूखी खांसी बहुत ज्यादा परेशान करती है. यह दिन के मुकाबले रात में अधिक दिक्कत देती है. सूखी खांसी होने पर व्यक्ति में खांसी के अलावा और भी कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं, जैसे कि गले में कुछ अटका हुआ महसूस होना, खांसते समय कफ का साथ में आना, खांसते समय हांफना, सोते समय लगातार खांसी आना आदि. अगर आप या परिजन खांसी से परेशान हैं तो ये उपाय अपना सकते हैं-
एक चम्मच शहद में अदरक का डाल कर सेवन करें. गर्म पानी में शहद और नींबू के रस के साथ अदरक के रस को मिला कर भी सेवन किया जा सकता है.
हर्बल टी, जैसे कि ब्लैक टी, लेमन टी, ग्रीन टी और जिंजर टी भी सूखी खांसी में राहत दिला सकते हैं. गरम पानी में नमक मिलाकर गरारे करने से गले की सूजन कम होती है और सूखी खांसी में राहत मिलती है. ड्राई कफ से राहत पाने के लिए अदरक का सेवन भी एक अच्छा घरेलू उपचार है. एक गिलास गरम दूध में आधा चम्मच ताजी हल्दी और एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं. इससे भी आपको काफी आराम मिलेगा और गले में दर्द की समस्या ठीक होगी. सूखी खांसी होने पर लौंग का सेवन भी लाभप्रद है.



# तेज है धूप, जरा संभल कर

**अभी पिछले महीने तक हम ठंड के प्रकोप में थे और अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही गर्मी के तेवर से परेशान हैं. अभी से लोगों का गर्म हवा यानी हीट वेव में बाहर बुरा हाल हो रहा है. आने वाले समय में इसका प्रकोप और बढ़ना तय है. लू लगना, हीट स्ट्रोक ऐसी स्थिति है, जिसका तुरंत इलाज ना कराया जाए तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है. बेहतर है कि आप घर से बाहर जाने के समय कुछ बातों और सावधानियों को अपनाकर खुद को लू, हीट स्ट्रोक से बचाए रखें-**

## भरपूर पानी पिएं

इस मौसम में धूप में घूमने से पसीना अधिक निकलता है. ऐसे में पर्याप्त पानी ना पिया जाए तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है और आप डिहाइड्रेशन के शिकार हो जाएंगे. शरीर में पानी की कमी होने पर हीट स्ट्रोक, लू लगने की आशंका भी बढ़ जाती है. जितना संभव हो, उतना पेय पदार्थ लें.

## जरुरत पर ही निकलें बाहर

धूप में तभी निकलें जब बहुत जरूरी हो. निकलने से पहले खुद को अच्छे से कवर करें. कुछ खा-पी कर ही धूप में निकलें. छाता साथ रखें. स्कार्फ, फुल बाजू वाली शर्ट, टोपी सब पहनें.



## हल्के रंग के कपड़े पहनें

धूप में जब भी बाहर निकलें तब अधिक गहरे रंग के और टाइट कपड़े ना पहनें. इससे पसीना अधिक आता है. गहरे रंग के कपड़ों में गर्मी अधिक लगती है. जब भी बाहर निकलें सूती के हल्के रंग के ढीले-ढाले कपड़े पहनें.

## मसालेदार भोजन ना करें

अधिक तेल और मसालेदार भोजन नहीं करें. स्ट्रीट फूड का सेवन नहीं करें. घर का बना ताजा खाना खाएं. आहार में दही, लस्सी, छाछ, नारियल पानी, मौसमी सब्जियों और फलों को शामिल करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## आत्मविश्वास से भरी टाइटंस के खिलाफ हार से राह हो सकती है मुश्किल

# पंजाब को गुजरात के गेंदबाज देंगे चुनौती

एजेंसी। अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा. पंजाब ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है. वहीं टाइटंस पिछले मैच में हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है.

**150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे है मयंक**

**मयंक व मोहित से निपटना पंजाब किंग्स के लिए चुनौती :** पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे. मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है. अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा. मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं. इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है. वहीं पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी.







**समय: मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा**

### हर्षल पटेल व राहुल चाहर ने किया है निराशाजनक प्रदर्शन

वहीं टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं. पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में. दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं. उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं. राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए. भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है. टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियान्वित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन गेंदबाजी इकाई ने शुरुआती मैच में स्कोर का बचाव किया और पिछले मैच में सनराइजर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोककर अपना कौशल दिखाया.

### टीम इस प्रकार हैं

- **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार.
- **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

# हमने भारत में अच्छा क्रिकेट खेला, परिणाम अनुकूल नहीं

भाषा । लंदन

**खास बातें**

- इंग्लैंड के गेंदबाज ओली बोले नतीजा पक्ष में हो सकता था
- कहा–हम वास्तव में परिणाम को बदलने के करीब थे

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन का मानना है कि उनकी टीम ने भारत में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेला और उनके प्रदर्शन को देखते हुए 1-4 का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है. रॉबिन्सन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, 'हम वास्तव में परिणाम को बदलने के काफी करीब थे.

निश्चित तौर पर चौथे टेस्ट मैच में जो कैच मैंने छोड़ा, उससे हमें मदद मिल सकती थी लेकिन हमारा मानना है कि हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया उसे देखते हुए 1-4 से हार का परिणाम अनुकूल नहीं लगता है. उन्होंने कहा, 'हमने वास्तव में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला तथा परिणाम 3-2 हमारे पक्ष में हो सकता था, कौन जानता है.' रॉबिन्सन रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में खेले थे. उन्होंने उस मैच में ध्रुव जुरेल का कैच छोड़ा था जिन्होंने 90 रन की पारी खेल कर भारत की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई थी. इस तेज गेंदबाज ने 13 ओवर भी किए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली. उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बेहद निराशाजनक था. मैंने श्रृंखला से पहले और श्रृंखला के दौरान काफी मेहनत की थी. मुझे चौथे मैच तक इंतजार करना पड़ा था.

# शिवम मावी चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर

भाषा । लखनऊ

लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे. इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था. वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे. मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे. लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था और हमारे सत्र पूर्व लगाए गए शिविर का हिस्सा था. वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया.' भारत की तरफ से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले मावी 2023 में गुजरात टाइटंस की तरफ से एक भी मैच में नहीं खेल पाए थे. लखनऊ ने पिछली नीलामी में उन्हें 6.4 करोड़ रुपये में खरीदा था.

# हार्दिक शांत रहकर अपने प्रदर्शन से दें जवाब

## भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियंस के नए कप्तान को दी सलाह

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त करते समय मुंबई इंडियंस ने संवाद में स्पष्टता दिखाई होती तो इस ऑलराउंडर के प्रति प्रशंसकों की कड़ी प्रतिक्रिया से बचा जा सकता था. शास्त्री ने इसके साथ ही हार्दिक को शांत बने रहने और अपने प्रदर्शन से जवाब देने की सलाह भी दी. उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, 'यह भारतीय क्रिकेट टीम नहीं है जो खेल रही है. यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है. उन्होंने मोटी धनराशि खर्च की है. वह मालिक हैं और कप्तान नियुक्त करना उनका अधिकार है. मेरा मानना है कि इस मामले को संवाद में स्पष्टता के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था.

शास्त्री ने कहा, 'अगर आप चाहते थे कि हार्दिक पंड्या कप्तान बने तो यह कह सकते थे कि हम भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं. रोहित शर्मा ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हम सभी इस बात को जानते हैं. हम चाहते हैं कि टीम को आगे बढ़ाने के लिए वह अगले तीन वर्ष तक हार्दिक की मदद करें.' मुंबई इंडियंस ने वर्तमान सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था. उनकी कप्तानी में टीम पहले तीन मैच में जीत नहीं दर्ज कर पाई. शास्त्री ने कहा, 'हार्दिक को मेरी सलाह होगी कि शांत रहें, धैर्य रखें, नजरअंदाज करें और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें. मुंबई इंडियंस की टीम शानदार है और अगर वह लय हासिल कर लेते हैं तो लगातार तीन या चार मैच जीत सकते हैं और फिर यह मसला दब जाएगा.'

यहां बता दें कि मुंबई इंडियंस को अपना अगला मैच 7 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है.

# बांग्लादेश में टी-20 श्रृंखला खेलेगी भारत की महिला क्रिकेट टीम

**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम 28 अप्रैल से 9 मई तक बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस देश का दौरा करेगी. बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा साझा किए गए यात्रा कार्यक्रम के अनुसार भारत 23 अप्रैल को बांग्लादेश पहुंचेगा और 10 मई को स्वदेश के लिए रवाना होगा. श्रृंखला का पहला मैच दिन-रात का होगा और 28 अप्रैल को खेला जाएगा. अन्य मुकाबले 30 अप्रैल (दिन-रात्रि), 2 मई, 6 मई और 9 मई (दिन-रात्रि) को खेले जाएंगे. सभी मैच सिलहट में खेले जाएंगे.

# मुझे ऐसा कौशल नहीं चाहिए, जिसमें अपनी गति से समझौता करना पड़े




मयंक यादव बोले– इशांत भाई ने अतिरिक्त कौशल के लिए गति से समझौता नहीं करने को कहा

एजेंसी। बेंगलुरु

प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों को अक्सर अपनी गेंदबाजी में विविधता जोड़ने के लिए गति कम करने की सलाह दी जाती है, लेकिन अपनी तूफानी गेंदबाजी के कारण चर्चा में चल रहे मयंक यादव को दिल्ली के उनके सीनियर साथी इशांत शर्मा ने अतिरिक्त कौशल जोड़ने के लिए गति से समझौता नहीं करने की सलाह दी है. मयंक ने रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद की जो आईपीएल के वर्तमान सत्र में सबसे तेज गेंद है. मयंक ने इसके बाद भारत की तरफ से 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने वाले इशांत और एक अन्य तेज गेंदबाज नवदीप सैनी से मिली सलाह के बारे में जिक्र किया. उन्होंने जिओ सिनेमा से कहा, 'दिल्ली में मैंने जितने भी गेंदबाजों से बात की उनमें इशांत भाई और सैनी भाई ने मुझसे कहा कि कि अगर मैं कुछ नया जोड़ना चाहूं, तब भी इसी गति से गेंदबाजी करना.' मयंक ने कहा,'अगर मैं अपनी गेंदबाजी में नया कौशल जोड़ना चाहता हूं तो इसे अपनी गति को बरकरार रखते हुए ही जोड़ना चाहिए. मुझे किसी तरह का ऐसा कौशल नहीं चाहिए जिसमें मुझे अपनी गति से समझौता करना पड़े.' आरसीबी के खिलाफ चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले मयंक ने कहा कि उनका ध्यान हमेशा विकेट हासिल करने पर लगा रहता है. उन्होंने कहा, 'मेरा ध्यान गति पर उतना नहीं होता है जितना विकेट लेने और विकेट लेकर टीम के लिए योगदान देने पर रहता है. हालांकि गेंदबाजी करते समय मेरे दिमाग में यह बात रहती है कि जब भी मैं गेंद करूं तो उसकी गति अच्छी होनी चाहिए.' मयंक ने कहा, 'मैच के बाद मैं हमेशा लोगों से जरूर पूछता हूं कि मैच में सबसे तेज गेंद की गति कितनी थी लेकिन मैच के दौरान मैं केवल अपनी गेंदबाजी पर ध्यान केंद्रित करता हूं.

### मयंक की गति व गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबादा

**नयी दिल्ली ।** मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से



बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी-20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं. दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी. उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली. रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे. खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की.

रबादा ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति. वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है.

# अनमोल खरब प्री क्वार्टर फाइनल में

## कजाकिस्तान चैलेंज में हमवतन मालविका की कड़ी चुनौती की पार

एजेंसी। अस्ताना

**खास बातें**

- 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से दर्ज की जीत
- अगले दौर में इंडोनेशिया की खिलाड़ी अज़ाहरा से भिड़ेंगी

भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया. विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी.

अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला और फिर उन्होंने मलेशिया की कैसी रिन रोमपोग को 21-91, 21-9 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की. महिला एकल में प्री क्वार्टर फाइनल मैचों में अनुपमा उपाध्याय ने क्वालीफायर हर्षिता राउत को 21-13, 21-13 से, तान्या हेमंत ने क्वालीफायर ऐशानी तिवारी को 21-19, 21-10 से और केयूरा मोपति ने मैक्सिको की वेनेसा मैरिसेला गार्सिया को 21-18, 21-13 से हराया. क्वालीफायर अनेरी कोटक को पोलैंड की विक्टोरिया डाबज़िस्का से वॉकओवर मिला. मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में भारत के धनराज श्रीवत्स और मनीषा के ने मखसुत ताजिबुल्लायेव और रोमुआल्डा बतिरोवा की कजाकिस्तान की जोड़ी को 21-5, 21-12 से, जबकि रोहन कपूर और रुथविका शिवानी की भारतीय जोड़ी ने उज्बेकिस्तान के बिलोलिद्दीन कुचकारबोव और डायना गारमोवा को 21-16, 21-11 से हराया. मिश्रित युगल में ही भारत के अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी ने कजाकिस्तान के अर्नूर तापिशेव और अलीसा कुलेशोवा को 21-5, 21-9 से, जबकि आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वैन ने कजाकिस्तान की जोड़ी को 21-11, 21-11 से पराजित किया.

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट मैच जीतकर किया क्लीन स्वीप

- मेहमान टीम ने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड रखा बरकरार

एजेंसी। चट्टोग्राम (बांग्लादेश)

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये, जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया. श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा. श्रीलंका ने इससे पहले टी-20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी. वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था. बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई. मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए. कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई. कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई. श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए. छह बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए. इस तरह किसी भी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया.

**भारतीय हॉकी टीम के उप कप्तान बोले** मामा उन्हें प्रेरित नहीं करते तो वह अपना सपना छोड़ने के कगार पर थे

# हार्दिक ने जुगराज सिंह को दिया करियर को दिशा देने का श्रेय

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी. पंजाब के जालंधर के समीप खुसरोपुर गांव के रहने वाले मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे.

हार्दिक ने 'पीटीआई' से विशेष बातचीत में कहा, '14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा. लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था.' उन्होंने कहा, 'उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था. मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी. अगर उन्होंने (जुगराज) उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता. जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है.' हार्दिक ने कहा, 'उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी. उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए.' उन्होंने कहा, 'उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है. आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं. घरेलू टीमों के लिए खेलें और अपना कौशल दिखाएं ताकि लोग आपके बारे में जान सकें.' कहा, 'अगर उनका मार्गदर्शन नहीं होता तो मैं आज यहां नहीं होता क्योंकि मेरे पास इतना धैर्य नहीं था.'

### हार्दिक की सफलताएं पूरे परिवार के लिए गर्व की बात : जुगराज



**2022** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा थे हार्दिक

हार्दिक के भारत में रुकने के फैसले के वांछित परिणाम मिले क्योंकि वह भारतीय टीम में मिडफील्ड का अहम हिस्सा बने और टोक्यो ओलंपिक में कांस्य तथा हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे. वह 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय टीम का भी हिस्सा थे. हाल ही में हार्दिक को अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के साथ-साथ हॉकी इंडिया का भी साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. जुगराज ने कहा कि एक खिलाड़ी के रूप में हार्दिक को भी असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसे देश का प्रतिनिधित्व करने के महत्व के बारे में याद दिलाया और इससे उसको प्रेरणा मिली. उसने अब तक जो हासिल किया है वह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है लेकिन सफर अभी खत्म नहीं हुआ है.

# पाक के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में ब्रेसवेल को न्यूजीलैंड की कमान

भाषा । ऑकलैंड

न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के आईपीएल में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी-20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है. यह पहला अवसर होगा जब 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे. न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया. चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे. उन्होंने दो साल पहले ही अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था. टीम में पिछले साल टी-20 विश्व कप में खेलने वाले सात खिलाड़ी शामिल हैं. टीम में बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन और तेज गेंदबाज विल ओ''रूर्के के रूप में दो नए चेहरे भी शामिल हैं. पहला मैच 18 अप्रैल को रावलपिंडी में खेला जाएगा. **टीम:** माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, बेन लिस्टर, कोल मैककोन्ची, एडम मिल्ने, जिमी नीशम, विल ओरूर्के, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी.

▼ **ब्रीफ खबरें**

### फर्नीचर व्यवसायी को मारी गोली, घायल

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के छौड़ादानो अंचल क्षेत्र में मंगलवार की रात बैखौफ अपराधियों ने एक फर्नीचर व्यवसायी को गोली मार कर घायल कर दिया. घटना महुआवा ओपी थाना से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित महुआवा सैनिक रोड के समीप की बताई जा रही है. गोली लगने से घायल फर्नीचर व्यवसायी को गंभीर अवस्था में मोतिहारी लाया गया. जहां एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है. घायल व्यवसायी की पहचान महुआवा गांव निवासी करीब 35 वर्षीय राकेश ठाकुर के रूप में हुई है.

### बिजली की चिंगारी से जल गया 50 बीघा गेहूं

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत रैतर तथा काली बीघा गांव के किसानों के खेत में लगी 50 बीघा गेहूं की फसल बिजली की तार से चिंगारी से की जलकर राख हो गई. बिजली की चिंगारी से रैतर गांव के जगदीश प्रसाद, दानी महतो, नरेश महतो, हरि महतो, सुबोध भोला यादव सहित सैकड़ों किसान का 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई. मौके पर गिरियक थाना प्रभारी राजू रंजन एवं प्रखंड पदाधिकारी पवन ठाकुर, गिरियक अंचलाधिकारी एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग को काबू किया गया, उससे पहले ग्रामीणों के द्वारा आग को बुझाया गया.

### बेगूसराय में किसान की करंट लगने से मौत

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बिजली का करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई. घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी पंचायत-चार स्थित बहियार की है. मृतक किसान की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के रचियाही कचहरी टोला निवासी जागेश्वर राय के पुत्र सत्यनारायण राय (60) के रूप में की गई है. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. बताया जा रहा है कि राय मवेशी के लिए चारा लाने के लिए दियारा बहियार की ओर गए थे. चारा लेकर लौटने के दौरान बिछाए गए तार की चपेट में आ गए.



पूर्णिया लोकसभा : लोगों से अपने लिए मांगा आशीर्वाद

# महागठबंधन से बीमा भारती ने नामांकन पर्चा दाखिल किया

**संवाददाता ।पूर्णिया**

पूर्णिया लोकसभा सीट से महागठबंधन तथा राजद की प्रत्याशी पूर्व मंत्री बीमा भारती ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया. नामांकन से पहले बहुत सारे अपने समर्थकों और लोगों से अपने लिए आशीर्वाद मांगा. मंगलवार को भी बीमा भारती ने अपनी पुत्री के साथ पूर्व सांसद पप्पू सिंह से मिलकर उनसे आशीर्वाद मांगा था. नामांकन के वक्त राजद की एमएलसी उर्मिला ठाकुर ,धमदाहा के पूर्व विधायक दिलीप यादव तथा प्रदेश सचिव अमोद यादव मौजूद थे.

तेजस्वी का मोदी से सीधा सवाल

### 40 सांसद होते हुए भी बिहार के लोगों के लिए पीएम ने क्या किया

**पटना ।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान पीएम मोदी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के 40 में से 39 सांसद हैं, लेकिन बिहार के लिए इन लोगों ने कुछ नहीं किया. 2014 से अब तक पीएम मोदी ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया. ना महंगाई पर कुछ बोलते हैं, न बेरोजगारी पर बोलते हैं. 400 पार की बात मोदी जी करते हैं, लेकिन बिहार को लेकर उनके पास क्या विजन है? बिहार के लिए क्या कुछ अलग करेंगे? इसके बारे में कुछ नहीं बताते हैं. बिहार में लोक सभा चुनाव में जिलों के जो लोकल मुद्दे रहेंगे, उसको हम उठाएंगे.

### एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरुल ईमान ने किशनगंज से किया नामांकन

**किशनगंज ।** एआईएमआईएम प्रत्याशी व पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है. अख्तरुल ईमान ने कहा कि हमने 13 सीटों का ऐलान किया है. उन्होंने कहा कि किशनगंज के सभी सम्मानित वोटरों से गुजारिश करेंगे कि वोट देकर कामयाब बनाएं. हम सीमांचल सहित पूरे देश और देश के बाहर रहने वाले लोगों से कहेंगे कि मेरे लिए दुआ कीजिए. मदद कीजिए, क्योंकि आजादी के 77 साल के दरम्यान किशनगंज सहित सीमांचल को लूटा गया है. हमने टैक्स के रुपए दिए, इन्होंने दिल्ली को संवारा. हमने वोट दिया, इन्होंने अपनी हुकूमत बनाई है. यहां की आबादी के साथ हिन्दू-मुस्लिम दलित अगरा-पिछड़ा का बुरा हाल है. इस क्षेत्र के मुसलमानों की हालत अत्यंत खराब है. यहां के लोग बीमार सबसे ज्यादा है.

### घास काट रही लड़की के साथ किया दुष्कर्म

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी के नानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 साल की लड़की के साथ हैवानियत हुई है. वह सरेह में घास काटने गयी थी. इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया. उसके साथ तब तक हैवानियत की गई जब तक वह बेहोश न हुई. लड़की को मरा हुआ समझकर अपराधी फरार हो गया. काफी देर बाद कुछ महिलाएं मवेशी का चारा लेकर लौट रही थी. तभी उनकी नजर बेहोशी पड़ी लड़की पर पड़ी. इसके बाद उससे फौरन अस्पताल में भर्ती करवाया. लड़की का इलाज चल रहा है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

## 26 अप्रैल को उनका जमानत जब्त कर देगी जनता : पप्पू

**संवाददाता ।पटना**



जन अधिकार पार्टी का विलय करवा कर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव ने बड़ा दावा किया है. चार अप्रैल को नामांकन को लेकर पप्पू यादव सोशल मीडिया पर लिखा कि पूर्णिया के सम्मान में, आपके आशीर्वाद से पप्पू यादव मैदान में उतर चुका है. आज नामांकन है. पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि प्रणाम पूर्णिया अभियान से कुछ लोग इतना चिढ़े हैं, उसका अपमान करने के लिए कुछ भी करेंगे. मेरी मां पूर्णिया 26 अप्रैल को उनका जमानत जब्त कर जवाब देगी!

पप्पू यादव का यह पोस्ट उस समय आया जब नेता प्रतिपक्ष राजद प्रत्याशी बीमा भारती के प्रचार-प्रसार के लिए पूर्णिया पहुंचे. लोगों का कहना है कि पप्पू यादव ने बिना नाम लिए तेजस्वी और राजद पर निशाना साधा. साथ ही बीमा भारती के जमानत जब्त करने का दावा भी किया.

चिराग पासवान को लगा झटका

## संगठन के 22 नेताओं ने एक साथ छोड़ दी पार्टी

**संवाददाता ।पटना**

चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को बिहार के 40 सीटों में 5 पर चुनाव लड़ रही है और उन पांचों सीट पर चिराग पासवान ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. अब टिकट नहीं मिलने से नाराज लोजपा रामविलास कार्यकर्ताओं का गुस्सा देखने को मिल रहा है.

प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर के 22 पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया है. इनमें पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री रहे पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, प्रदेश के संगठन सचिव ई. रविंद्र सिंह, मुख्य पार्टी विस्तारक अजय कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विनीत सिंह सहित 22 पदाधिकारी ने इस्तीफा दिया है. इस्तीफा देने के पीछे सीधे तौर पर आरोप लगाया गया है कि चिराग ने पैसे लेकर बाहरी लोगों को प्रत्याशी बनाया है. पार्टी के संगठन सचिव रहे रविंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी लोग चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान के समय से साथ हैं. लोजपा टूटने के बाद हम लोग उनके साथ रहे, लेकिन जहां भी टिकट दिया गया है वह सभी बाहरी लोगों को दिया गया है. पार्टी के कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया गया है, इसलिए हम लोग पार्टी से त्यागपत्र दे रहा हैं.

आगे रविंद्र सिंह ने कहा कि साथ ही साथ जहां-जहां लोजपा रामविलास का कैंडिडेट होगा उन सभी जगह पर जाकर जनता को बताएंगे और उनके कैंडिडेट को हराने का काम करेंगे.

### निगरानी ने दो को 40,000 रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**पटना ।** दरभंगा में निगरानी विभाग की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के दो अधिकारियों को 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अधिकारियों में विद्युत कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार और टेक्नीशियन एसिस्टेंट रिंकू कुमारी शामिल हैं. इस गिरफ्तारी के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मचा हुआ है. जानकारी के मुताबिक, निगरानी विभाग को शिकायत मिली थी कि कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार आटा चक्की में बिजली कनेक्शन देने के लिए रिश्वत की मांग कर रहे हैं. शिकायत के बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाया और बुधवार को मौके पर पहुंची और दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. अनिल कुमार के आवेदन के आधार और अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया और अजीत कुमार को रिश्वत के 40 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया.

## सीवान में मां ने 20,000 रुपये में बेचा अपना बच्चा

**पटना ।** सीवान जिले के सराय ओपी क्षेत्र के हरदिया मोड़ के पास गरीबी की मार झेल रही एक मां ने अपने ही बच्चे को दूसरे के हाथों बेच दिया, वो भी सिर्फ 20 हजार रुपये में. किराए के मकान में महादेवा थाना क्षेत्र के चकिया गांव के मूल निवासी गुड्डू अली अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रहते हैं.

दरअसल, 31 मार्च की शाम को गुड्डू की पत्नी चांदनी परवीन ने अपने छह माह के बच्चे के गायब होने की जानकारी अपने पति को दी. लेकिन गुडडू को अपनी पत्नी की बात पर शक हुआ. इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया जो बढ़ता ही गया. अंत में चांदनी ने गुड्डू को बताया कि उसने अपने बच्चे को सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय निवासी बच्चेलाल साह की पत्नी रिंकी देवी को बेच दिया है, जो वर्तमान में महादेवा ओपी क्षेत्र के मालवीय नगर में रहती है. इसके बदले में उसे बीस हजार रुपये मिले हैं. बच्चे के बेचे जाने की जानकारी मिलते ही गुड्डू मामले की शिकायत लेकर सराय थाना पहुंचा. जहां उसने पुलिस को सारी बात बताई और मामले की शिकायत दर्ज कराई. यहां शिकायत दर्ज कराने पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस टीम गठित कर तत्काल छानबीन शुरू कर दी. लेकिन बच्चा घटना की रात में नहीं मिला. मामले में पुलिस ने महिला रिंकी देवी को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की.

## ट्रैक्टर-ऑटो में टक्कर, एक महिला सहित दो की मौत

- टक्कर में पांच लोग घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है

**संवाददाता । आरा**

भोजपुर में जहां एक विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रैक्टर ने ऑटो में जबरदस्त टक्कर मार दी. इस घटना में ऑटो में सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है.

उक्त घटना भोजपुर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा रिलायंस पेट्रोल पंप के पास की बतायी जा रही है. घटना के बाद ट्रैक्टर और ऑटो ड्राइवर दोनों घटनास्थल से फरार हो गए. मृतकों की पहचान चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूल टोला निवासी बैजनाथ राम की 54 वर्षीया पत्नी मुनेश्वरी देवी और बरनी गांव निवासी प्रेमचंद राम के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश राम के रूप में हुई है. घायलों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूल टोला निवासी स्व.जगदेव राम के 60 वर्षीय पुत्र व मृतका मुनेश्वरी देवी के पति बैजनाथ राम, बरनी गांव निवासी 45 वर्षीय विनोद राम, उनकी 40 वर्षीया पत्नी इंदु देवी, 8 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार, 3 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार शामिल हैं.

इधर, सूचना मिलते हीं स्थानीए थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर उन्हें सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. साथ ही घायलों को समुचित इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती करा दिया गया. पुलिस ने ट्रैक्टर और ऑटो को जब्त कर करते हुए ट्रैक्टर और ऑटो चालकों की तलाश भी शुरू कर दी है.

**कारोबार**

### एसआरएम कॉन्ट्रेक्टर्स का शेयर सात प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** एसआरएम कॉन्ट्रेक्टर्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 210 रुपये से सात प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ. बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 7.14 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 225 रुपये पर और एनएसई पर 2.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 215.25 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ. बीएसई पर कंपनी का बाजार मूल्यांकन 541.94 करोड़ रुपये रहा. कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को 28 मार्च को निर्गम के अंतिम दिन 86.57 गुना अभिदान मिला था.

### इंडिगो ने कोडशेयर के साथ किए समझौते

**मुंबई ।** भारत और मलेशिया के बीच संपर्क को बेहतर बनाने के वास्ते मलेशिया एयरलाइंस तथा इंडिगो ने कोडशेयर साझेदारी के लिए प्रारंभिक समझौता किया है. इंडिगो की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों एयरलाइन के बीच समझौता लोगों को मलेशिया और भारत के बीच निर्बाध यात्रा के अधिक विकल्प प्रदान करने में मदद करेगा. बयान में कहा गया, इस सहयोग से इंडिगो संचालित उड़ानों पर मलेशिया एयरलाइंस विपणन वाहक के रूप में भारत के साथ अपने संपर्क को मजबूत करने में सक्षम होगी.

### नाल्को ने किया 4.63 लाख मीट्रिक टन उत्पादन

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नाल्को ने वित्त वर्ष 2023-24 में कास्ट मेटल का रिकॉर्ड 4,63,428 मीट्रिक टन उत्पादन किया. कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में धातु की अब तक की सर्वाधिक 4,70,108 मीट्रिक टन बिक्री भी दर्ज की. वित्त वर्ष 2023-24 में बॉक्साइट का उत्खनन 7,600,230 मीट्रिक टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया. नाल्को के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्रा ने कहा, कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत से पिछले चार वर्षों में कच्चे माल तथा ऊर्जा के एकीकरण तथा प्रतिभूतिकरण के जरिए कंपनी ने कई उपलब्धियां हासिल की.

दो दिनों में ही विस्तारा एयरलाइंस के सौ से अधिक फ्लाइट हो गए रद्द

# कैंसल हो रहे हैं विस्तारा के फ्लाइट

**भाषा ।नयी दिल्ली**

किसी एयरलाइंस का अधिक फ्लाइट रद्द होना एविएशन इंडस्ट्री के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता है. इस समस्या से इन दिनों विस्तारा एयरलाइंस जूझ रही है. ऐसे में एविएशन सेक्टर में तेजी से उड़ान भर रही विस्तारा के सामने संकट खड़ा हो गया है. जानकारी के अनुसार बीमारी का हवाला देते हुए बड़ी संख्या में पायलट सिक लिव पर जा रहे हैं. जिसका विस्तारा को अंदाजा नहीं था. इससे हवाई जहाजों को उड़ाने के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट और क्रू मेंबर नहीं मिल रहे हैं. इस कारण सोमवार और मंगलवार को दो दिनों में ही विस्तारा की दिल्ली, मुंबई और अन्य शहरों से टेक ऑफ होने वाली सौ से अधिक फ्लाइट कैंसल हो गईं. कम से कम इतनी ही फ्लाइट आधा घंटे और इससे काफी देरी से टेक ऑफ कर सकीं.

फ्लाइट कैंसल होने की यह संख्या मंगलवार-बुधवार की देर रात को भी बढ़ गई. फ्लाइट के कैंसल और डिले होने से विस्तारा से उड़ान भरने वाले यात्रियों के सामने बड़ी दिक्कत हो रही है. सूत्रों का कहना है कि एयरलाइंस के साथ नौकरी के नए

**लिव पर जा रहे हैं सीनियर पायलट**




**गहराया संकट**

- पर्याप्त संख्या में नहीं मिल रहे हैं पायलट और क्रू मेंबर
- विस्तारा एयरलाइंस के पास कुल 70 हवाई जहाज हैं

कॉन्ट्रैक्ट और विस्तारा के एयर इंडिया में संभावित विलय के चलते सीनियर पायलट (कमांडर) सिक लिव पर जा रहे हैं.

विस्तारा के कमांडरों को एयरलाइंस के एयर इंडिया में विलय होने पर अपनी वरिष्ठता और देश-विदेशों के स्लॉट को लेकर भी चिंता है. जिसमें उन्हें अपनी अनदेखी होने का डर है. दूसरी तरफ वे नए कांट्रैक्ट को लेकर चिंतित हैं. जिसमें उन्हें अपनी सैलरी, डयूटी ऑवर और मिलने वाले विभिन्न तरह के भत्तों में कमी लग रही है. इसी के साथ उन्हें अपनी निजी, पारिवारिक और सामाजिक जिंदगी पर भी असर पड़ता दिखाई दे रहा है, क्योंकि उन्हें नॉन डयूटी के समय भी अलर्ट मोड में रहना पड़ेगा. सूत्रों का कहना है कि इन तमाम वजहों से फिलहाल 70 हवाई जहाजों के बेड़े वाली एयरलाइंस विस्तारा के ए-320 फैमिली के अधिकतर सीनियर पायलट अचानक सिक लिव ले रहे हैं. इसका असर विस्तारा पर जबरदस्त पड़ रहा है, क्योंकि इसके 70 हवाई जहाज वाले बेड़े में 63 एयरबस-320 फैमिली के ही हैं. इनमें 53 हवाई जहाज ए-320 नियो और 10 एयरक्राफ्ट एयरबस-321 वाले हैं, जबकि सात हवाई जहाज बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर हैं. अधिकतर एयरक्राफ्ट एयरबस फैमिली के होने और इन्हीं प्लेन के अधिकतर पायलटों के बीमारी और अन्य वजहों से छुट्टी पर जाने से विस्तारा के सामने संकट है.

यात्रियों के सोशल मीडिया पर विस्तारा के खिलाफ नाराजगी जाहिर करने के बाद एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने इस पर संज्ञान लेते हुए विस्तारा से इस समस्या को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए हैं. साथ ही कहा है कि विस्तारा अपनी फ्लाइटों के कैंसल और डिले होने की हर दिन की वजह समेत रिपोर्ट उन्हें पेश करे. डीजीसीए ने कहा है कि विभिन्न वजहों से क्रू मेंबर की पर्याप्त उपलब्धता ना होने से विस्तारा की फ्लाइट डिस्टर्ब हो रही है.

ऐसे में विस्तारा को उसकी हर दिन की फ्लाइटस कैंसल और डिले होने की जानकारी देने के आदेश दिए हैं. साथ ही नियमों के तहत फ्लाइट कैंसल या अधिक समय तक डिले होने पर यात्रियों को टिकट का पूरा पैसा वापस करने, उनके लिए वैकल्पिक फ्लाइट का प्रबंध कराने और अन्य तरह की तमाम सुविधाएं देने के भी आदेश दिए गए हैं.




टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उपाध्यक्ष सबरी मनोहर, सीईओ मसाकाजु योशिमुरा, उपाध्यक्ष मानसी टाटा और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप प्रबंध निदेशक बुधवार को मुंबई में टोयोटा टैसर के लॉन्च के दौरान.

## विकास में डिजिटाइजेशन की रणनीति को बढ़ावा दिया : स्कोडा ऑटो इंडिया

**संवाददाता ।जमशेदपुर**

स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है. नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइज़ेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है. इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची. स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है. हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे प्रोडक्ट्स और सर्विसेस उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे. जिसमें कंपनी ने भारत में अपने कार्यकाल के 24 वर्ष पूरा करने का जश्न मनाते हुए एक दिन या 24 घंटे में 709 स्कोडा कारों की बुकिंग की. हमने स्कोडा गियर हेड्स कम्युनिटी के माध्यम से स्कोडावर्स इंडिया एनएफटी को और विस्तार दिया है. इस डिजिटल ऐप को लॉन्च करने का उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देना है.

**सौर क्षमता** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने गुजरात में 2,000 मेगावाट की सौर क्षमता स्थापित की थी

# भारत में ऊर्जा क्षमता वाली पहली कंपनी बन गई

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के विशाल खावड़ा सोलर पार्क में 2,000 मेगावाट की सौर क्षमता स्थापित की है, जिसके साथ ही वह 10,000 मेगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है. कंपनी बयान के अनुसार, उसके पास अब 10,934 मेगावाट का परिचालन खंड है, जो भारत में सबसे अधिक है.

वित्त वर्ष 2023-24 में 2,848 मेगावाट नवीकरणीय क्षमता को स्थापित किया गया. एजीईएल के परिचालन खंड में 7,393 मेगावाट सौर, 1,401 मेगावाट पवन और



2,140 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता शामिल है. कंपनी का 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है. बयान में कहा गया, एजीईएल का 10,934 मेगावाट का परिचालन खंड 58 लाख से अधिक मकानों को बिजली देगा. सालाना करीब 2.1 करोड़ टन सीओ2 (कार्बन डाइऑक्साइड) के उत्सर्जन से बचाएगा.

अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा, हमें नवीकरणीय क्षेत्र में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व है. उन्होंने कहा, एक दशक से भी कम समय में अडाणी ग्रीन एनर्जी ने न केवल एक हरित भविष्य की कल्पना की, बल्कि इसे साकार भी किया. स्वच्छ ऊर्जा का पता लगाने के एक विचार मात्र से बढ़कर स्थापित क्षमता में 10,000 मेगावाट की अभूतपूर्व उपलब्धि

**अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा हमें नवीकरणीय क्षेत्र में भारत का पहला दस हजारी होने पर गर्व है**

हासिल की है. अडाणी ने कहा, 2030 तक 45,000 मेगावाट (45 गीगावॉट) के लक्ष्य के तहत हम खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र बना रहे हैं. खावड़ा 30,000 मेगावाट की एक परियोजना है जिसका वैश्विक स्तर पर कोई मुकाबला नहीं है. एजीईएल न केवल दुनिया के लिए मानक स्थापित कर रहा है बल्कि उन्हें नई सिरे से परिभाषित भी कर रहा है.

## भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में 7.5% की दर से बढ़ेगी : विश्व बैंक

**एजेंसी ।वाशिंगटन**

विश्व बैंक ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है. उसने अपने पहले अनुमान को 1.2 प्रतिशत संशोधित किया है. विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया वृद्धि संबंधी मंगलवार को जारी अद्यतन जानकारी में कहा कि कुल मिलाकर 2024 में दक्षिण एशिया में वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद है. यह मुख्य तौर पर भारत में मजबूत वृद्धि और पाकिस्तान तथा श्रीलंका के काफी हद तक पटरी पर लौटने से संभव होगा.

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के अगले दो वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद है. 2025 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है. दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रैज़र ने कहा, दक्षिण एशिया की वृद्धि संभावनाएं अल्पावधि में उज्ज्वल बनी हुई हैं, लेकिन नाजुक राजकोषीय स्थिति और बढ़ते जलवायु झटके चिंता का विषय हैं. वृद्धि को अधिक लचीला बनाने के लिए, देशों को निजी निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार वृद्धि को मजबूत बनाने वाली नीतियां अपनाने की जरूरत है. दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांज़िस्का ओहनसोरगे ने कहा, दक्षिण एशिया अभी अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने में विफल हो रहा है. वह मौका गंवा रहा है.





## ताइवान में शक्तिशाली भूकंप, नौ लोगों की मौत

**ताइपे ।** जापान में बुधवार को सुबह भूकंप का शक्तिशाली झटका महसूस किया गया जिससे नौ लोगों की मौत हो गई, कुछ इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं तथा सुनामी आ गई. भूकंप के कारण दक्षिणपूर्वी शहर हुलिएन के एक इलाके में स्थित पांच मंजिला इमारत बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है. इसकी पहली मंजिल ढह गई है तथा शेष इमारत झुक गई है. ताइपे में पुरानी इमारतों और कुछ नए कार्यालय परिसरों में टाइल्स गिर गईं. कुछ बच्चे ऊपर से गिरती चीज़ों से बचाव के लिए अपने सिर को किताबों से ढकते दिखे. राष्ट्रीय दमकल एजेंसी ने कहा कि हुलिएन काउंटी में नौ लोगों की मौत हो गई.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा ने आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस

**नयी दिल्ली ।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने आप की वरिष्ठ नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है. मंत्री आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा. आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था. भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेज दिया गया है.

### उन्मेष पाटिल शिवसेना (यूबीटी) में हुए शामिल

**मुंबई।** उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव से भाजपा के सांसद उन्मेष पाटिल आगामी लोकसभा चुनाव के लिए टिकट काटे जाने के बाद बुधवार को विपक्षी शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) में शामिल हो गये. पाटिल अपने समर्थकों के साथ पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास 'मातोश्री' पर शिवसेना-यूबीटी में शामिल हुए. शिवसेना-यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि पाटिल के पार्टी में शामिल होने से जलगांव और उत्तर महाराष्ट्र में पार्टी की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी और उसकी जीत आसान होगी. भाजपा ने जलगांव संसदीय क्षेत्र से पाटिल की जगह स्मिता वाघ को अपना उम्मीदवार बनाया है.

### सपा महासचिव शिवपाल के चुनाव लड़ने पर संशय

**इटावा (उप्र) ।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को कार्यकर्ताओं की ख्वाहिश पर इसी सीट से प्रत्याशी बनाये जाने को लेकर संशय बरकरार है. शिवपाल से बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में पूछा गया कि क्या बदायूं से वह चुनाव लड़ेंगे या फिर उनके बेटे आदित्य मैदान में उतरेंगे? इस पर उन्होंने कहा, जहां भी हम गए हैं, बैठक की है, सम्मेलन किए हैं तो जनता ने मांग की है कि उन्हें युवा उम्मीदवार चाहिए. इस सवाल पर कि आदित्य को उम्मीदवार बनाने की बात पर कब तक मोहर लग सकती है, शिवपाल ने कहा, अभी जो समाजवादी पार्टी की सूची जारी हुई है उसमें किसका नाम है? सूची तो राष्ट्रीय नेतृत्व ही जारी करेगा.

### विवादित टिप्पणी मामले में सपा नेता पर मुकदमा

**कन्नौज (उप्र)।** कन्नौज जिले में भाजपा के सांसद सुब्रत पाठक पर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक स्थानीय नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बुधवार को बताया कि मंगलवार दो अप्रैल को सपा के नसरापुर स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था. इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल थे. इस दौरान सपा कार्यकर्ता मनोज दीक्षित ने अपने भाषण में कन्नौज से सपा के मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि दीक्षित ने अपने भाषण में एक जातीय समुदाय द्वारा वोट नहीं दिये जाने की बात भी कही गयी थी.

### गिरफ्तारी के बाद से सीएम का 4.5 किग्रा वजन घटा



**नयी दिल्ली।** आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने बुधवार को दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार किए जाने के बाद से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन तेजी से घट रहा है. आतिशी ने साथ ही भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर उनके स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया. आतिशी ने कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी. तिहाड़ जेल प्रशासन ने केजरीवाल की सेहत के संबंध में आतिशी के दावों को खारिज किया है.

### पूर्व विधायक को मिला 140 करोड़ का नोटिस

**इंदौर (मध्यप्रदेश) ।** कांग्रेस छोड़कर पिछले महीने भाजपा का दामन थामने वाले पूर्व विधायक संजय शुक्ला और तीन अन्य लोगों को इंदौर के जिला प्रशासन ने मुरम और पत्थर के अवैध खनन पर 140.60 करोड़ रुपये के प्रस्तावित जुर्माने का नोटिस जारी किया है. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि खनिज विभाग ने इंदौर से सटे बारोली गांव में 5.50 हेक्टेयर और 3.40 हेक्टेयर के दो रकबों में अवैध खनन का खुलासा किया है. अधिकारियों के मुताबिक इस अवैध खनन को लेकर शुक्ला और तीन अन्य लोगों पर 140.60 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है.

### राजस्थान में मजिस्ट्रेट पर मामला दर्ज

**जयपुर ।** राजस्थान के करौली जिले में एक मजिस्ट्रेट के खिलाफ दुष्कर्म पीड़िता से अपनी चोटें दिखाने के लिए कपड़े उतारने को कहा के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के यह जानकारी दी. पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा ने बताया कि दुष्कर्म पीड़िता ने 30 मार्च को हिंडौन की स्थानीय अदालत के मजिस्ट्रेट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि युवती ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मजिस्ट्रेट ने उसे चोटें दिखाने के लिए कपड़े उतारने को कहा था. अधिकारी ने कहा, उसने कपड़े उतारने से इनकार कर दिया और 30 मार्च को अदालत में बयान दर्ज कराने के बाद मजिस्ट्रेट के खिलाफ मामला दर्ज कराया.

### राजीव की हत्या मामले के तीन दोषी श्रीलंका लौटे

**चेन्नई।** राजीव गांधी हत्याकांड मामले के तीन दोषी बुधवार को श्रीलंका लौट गए. तीनों दोषी मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के नागरिक हैं तथा पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के मामले में तीन दशकों तक जेल की सजा काटने के बाद उच्चतम न्यायालय ने करीब दो वर्ष पहले उन्हें रिहा कर दिया था. अधिकारियों के मुताबिक, मुरुगन उर्फ श्रीहरन, जयकुमार और रॉबर्ट पायस श्रीलंका के एक विमान से बुधवार को कोलंबो के लिए रवाना हुए. तमिलनाडु सरकार ने पिछले महीने मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया था कि श्रीलंकाई उच्चायोग ने मुरुगन और अन्य को यात्रा दस्तावेज जारी कर दिये हैं और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा निर्वासन आदेश जारी करने के बाद वे घर वापस जा सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### सबसे कम उम्र के राष्ट्रपति बने फाये

**डकार ।** सेनेगल में 44 वर्षीय बस्सिरौ डियोमाये फाये राष्ट्रपति का पद संभालने वाले अफ्रीका के सबसे युवा निर्वाचित नेता बन गए हैं. वह कुछ दिन पहले तक जेल में थे. विपक्ष के नेता उस्मान सोनको को देश का नया प्रधानमंत्री नामित किया गया है. देश में पिछले महीने चुनाव हुए थे. पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्र के कई देशों में हाल के वर्षों में तख्तापलट हुए हैं या तख्तापलट की कोशिशें हुई हैं.

### दवा कंपनी में विस्फोट चार की मौत, 10 घायल

**हैदराबाद ।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के रिएक्टर में विस्फोट के चलते चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक लोग घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, दवा कंपनी में रिएक्टर में विस्फोट हुआ और उसके आसपास मौजूद लोग धमाके के प्रभाव के चलते दूर जा गिरे अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है वहीं 10-15 लोग घायल हो गए हैं. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले : आजाद

**श्रीनगर ।** डीपीएपी के संस्थापक गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए जारी लड़ाई को आगे ले जाने और इसके निवासियों के भूमि व रोजगार अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है. डीपीएपी ने मंगलवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री आजाद अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ेंगे.

### कोर्ट परिसर में गला रेत जान देने की कोशिश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय के परिसर में बुधवार को एक व्यक्ति ने चाकू से कथित रूप से अपना गला रेतकर अपनी जान देने की कोशिश की. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत परिसर में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उस व्यक्ति को तत्काल बचाया और उसे एक नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है. उन्होंने कहा, हमें नहीं मालूम है कि उसने यह अतिवादी कदम क्यों उठाया.

## खरगे ने शुरू किया 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत, बोले

# नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अब लोगों को भरोसा नहीं

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' तो लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी. पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है. इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच न्याय और 25 गारंटी वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे. पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है. खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की. इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी का उल्लेख किया. कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से कहा, आज उत्तर पूर्वी दिल्ली में कांग्रेस अपना गारंटी कार्ड बांटने के लिए आई है. हमारा संदेश साफ है कि कांग्रेस के पांच न्याय के तहत हम 25 गारंटी पूरी करेंगे. कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर गारंटी कार्ड बांटेंगे और लोगों से मिलकर उन्हें बताएंगे कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर हम जनता के लिए क्या-क्या करेंगे.

**कांग्रेस की सरकारों से जनता को फायदा हुआ :** उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है. उन्होंने दावा किया, मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई. उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली. उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली.

### भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड बांटेंगे : जयराम



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत की. कांग्रेस कार्यकर्ता अगले कुछ हफ़्तों में पूरे भारत में 8 करोड़ परिवारों को ये गारंटी काड्र्स वितरित करेंगे, जो 14 अलग-अलग भाषाओं में प्रिंट किए गए हैं. लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय- पर आधारित होगा. यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा. पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है. पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है. उसने किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा 'जीएसटी' मुक्त खेती का वादा किया है. कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है. उसने नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं.

### जेपी नड्डा ने झालावाड़ में पार्टी की चुनावी सभा को किया संबोधित, बोले-

## भ्रष्टाचार मुक्त, विकास युक्त सरकार भारत की आकांक्षा



**जयपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि आज भारत देश में भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार की आकांक्षा रखता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज गांवों की तस्वीर बदल गई है. वह झालावाड़ में पार्टी की चुनावी सभा को संबोधित कर थे. उन्होंने कहा,भारत की आकांक्षा है कि देश में भ्रष्टाचार मुक्त, विकास युक्त सरकार हो. भारत की आकांक्षा है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़े. नड्डा ने कहा कि भारत की आकांक्षा है कि मोदी के नेतृत्व में देश अकल्पनीय विकास के माध्यम से एक विकसित देश के रूप में खड़ा हो जाए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ा है और उनके नेतृत्व में गांवों की तस्वीर बदल गई है. उन्होंने दावा किया कि 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने मात्र 1,000 दिन में 18,000 गांवों को बिजली पहुंचाई. केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, परिणाम स्वरूप आज देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं.

## फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं. 'फोर्ब्स' की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं. वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं. फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं. वहीं गौतम अडाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं और वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं. उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है. फोर्ब्स 2024 की अमीरों की सूची में 2,781 लोगों को शामिल किया गया है. इसमें पिछले साल से 141 लोग ज्यादा हैं. सूची के अनुसार, दुनिया के अमीर अब और अमीर हो गए हैं. उनकी कुल संपत्तियां 14.2 लाख करोड़ डॉलर हैं, जो 2023 से दो लाख करोड़ डॉलर अधिक है.

### भाजपा उपाध्यक्ष भृगु बीजद में हुए शामिल

**भुवनेश्वर।** भाजपा की ओडिशा इकाई के उपाध्यक्ष भृगु बक्शीपात्रा पार्टी से इस्तीफा देकर बुधवार को बीजद में शामिल हो गये. अटकलें हैं कि बीजद उन्हें बेहरामपुर लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बना सकती है. बक्शीपात्रा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में बेहरामपुर से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था. बक्शीपात्रा ने बीजद के भुवनेश्वर में स्थित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में सदस्यता ग्रहण की. बेहरामपुर से बीजद सांसद चंद्रशेखर साहू ने बक्शीपात्रा का पार्टी में स्वागत किया. भाजपा द्वारा पार्टी विधायक प्रदीप पाणिग्रही को बेहरामपुर सीट से चुनाव मैदान में उतारे जाने के बाद बक्शीपात्रा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. प्रदीप पाणिग्रही को बीजद ने निष्कासित किया था.

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में गैंगस्टर ढेर, घायल अधिकारी की भी मौत

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल के समीप पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कुख्यात बदमाश मारा गया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के दौरान घायल हुए परिवीक्षाधीन उप-निरीक्षक दीपक शर्मा ने बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. अधिकारियों ने बताया कि शर्मा के सिर पर चोट लगी थी और इस मुठभेड़ के दौरान एक अन्य पुलिस अधिकारी भी घायल हुआ था. पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों की एक टीम ने कुख्यात बदमाश वासुदेव का पीछा किया जिसके बाद मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे जीएमसी के निकट मुठभेड़ शुरू हो गयी.

## अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में जो वाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ने

# चार और राज्यों के प्राइमरी चुनाव जीते

**एजेंसी। वाशिंगटन (अमेरिका)**



अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत रोड आईलैंड, कनेक्टिकट, न्यूयॉर्क और विस्कॉन्सिन में मंगलवार को हुए प्राइमरी चुनाव में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से जीत हासिल कर ली. राष्ट्रपति पद के चुनाव में बाइडन का डेमोक्रेटिक पार्टी और ट्रंप का रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार बनना लगभग तय है. इस बार भी राष्ट्रपति पद के चुनाव में 2020 की तरह ट्रंप और बाइडन के सामने-सामने होने की संभावना है. बाइडन और ट्रंप की जीत के साथ ही उन्हें मिले डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) की संख्या में बढ़ोतरी हो गई. राष्ट्रपति पद के लिए दोनों दलों के उम्मीदवार चुनने के लिए हुए चुनाव में चारों राज्यों में कई दावेदारों के नाम मतपत्र पर थे लेकिन ट्रंप (77) और बाइडन (81) को किसी बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# जीएसटी पाठ्यक्रम के जरिए बना सकते है कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

**जीएसटी एक तरह का इनडायरेक्ट टैक्स है, जिसे भारत में 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था. जीएसटी का फुल फॉर्म डुड्स एंड सर्विस टैक्स होता है जिसका हिंदी में अर्थ 'वस्तु और सेवा' कर होता है. वस्तु और सेवा कर अधिनियम एक्ट 29 मार्च 2017 को पारित किया गया. उसके बाद से अब तक जीएसटी ही भारत में चल रही है.**






### जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्स

भारत में जीएसटी सर्टिफिकेशन पाठ्यक्रम आमतौर पर कम अवधि के होते हैं, जिसमें कैंडिडेट्स को फाइनांस, एकाउंटिंग एंड टैक्सेशन के वर्किंग प्रोफेशनल्स को गुड्स और सर्विसेज के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है. भारत में कई गवर्नमेंट फाइनांसियल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट और प्राइवेट इंस्टिट्यूट हैं, जो जीएसटी सर्टिफिकेशन कोर्सेज कराते हैं.

### जीएसटी कोर्स कराने वाले संस्थान

- हेनरी हार्विन एकाउंट्स अकादमी
- मिजोरम यूनिवर्सिटी
- द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
- लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स ट्रेनिंग
- इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
- नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- अरुण जेटली नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फाइनेंस मैनेजमेंट

### जानिए जीएसटी के बारे में

**यहां गुड्स एंड सर्विसेज (जीएसटी) के बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी को संक्षिप्त में बताया जा रहा है, जिन्हें आप नीचे दिए गए बिंदुओं से समझ सकते हैं.**

1. जीएसटी की विशेषता है कि किसी भी वस्तु या सर्विस पर इस टैक्स की दर पूरे देश में एक समान होती है. देश के किसी हिस्से में मौजूद कस्टमर या कंज्यूमर को उस वस्तु या सेवा पर एक जैसा ही टैक्स देना होता है.
2. जीएसटी की 'एक देश-एक टैक्स' व्यवस्था के तहत आपको एक ही टैक्स देना होता है.
3. जीएसटी को तीन तरह से बांटा गया है. सेंट्रल जीएसटी (सी-जीएसटी), स्टेट जीएसटी (एस-जीएसटी) और इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी).

1. सेंट्रल जीएसटी (सी-जीएसटी) : सी जीएसटी का फुल फॉर्म 'सेंट्रल गुड्स एंड सर्विस टैक्स' होता है. यह किसी राज्य के अंदर वस्तु की सप्लाई या सेवा उपलब्ध करायी जाती है, तो इस स्थिति में केंद्र सरकार को दिया जाने वाला टैक्स सी-जीएसटी कहलाता है.
2. स्टेट जीएसटी (एस-जीएसटी) : एसजीएसटी का फुल फॉर्म है स्टेट गुड्स एंड सर्विस टैक्स होता है. यानि जब किसी वस्तु की राज्य के अंदर सप्लाई होती है या सेवा दी जाती है, तो राज्य सरकार के हिस्से में जाने वाला टैक्स स्टेट जीएसटी कहलाता है.
3. इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) : आईजीएसटी का फुल फॉर्म इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विस टैक्स होता है. जब दो अलग राज्यों के व्यापारियों के बीच वस्तु या सेवा को लेकर कोई डील होती है, तो इस पर लगने वाले टैक्स को आईजीएसटी कहते हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)